सूर्योदय 6:13 सूर्यास्त 6:07

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.2 न्यू | 24.6 अधि |
| धर्मशाला | 17.0 न्यू | 26.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85571.85 |
| निफ्टी | 26178.95 |
| सोना 77,815 | चांदी 96,000 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



रानी मुखर्जी और शाहरुख को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और अभिनेता का आइफा अवॉर्ड

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 30 सितंबर 2024 | 15 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 284, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### उदयनिधि स्टालिन को बनाया डिप्टी सीएम



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बेटे उदयनिधि स्टालिन को डिप्टी सीएम बनाया है। कैबिनेट में भी फेरबदल किया है। वी सेंथिल बालाजी, आर राजेंद्रन, डॉ. गोवी चेझियान और एसएम नासर को मंत्री बनाया गया है। रविवार को राजभवन में गवर्नर आरएन रवि ने सेंथिल बालाजी समेत चारों डीएमके नेताओं को शपथ दिलाई।




## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- केएनएच की क्रस्ना लैब में नहीं मिल रही समय से रिपोर्ट -पेज 2
- प्रदेश में हुए पंचायत उपचुनावों में 96 निर्विरोध चुने गए -पेज 3
- कांगड़ा-चंबा में 20 से 3 हजार रह गए लैंडलाइन -पेज 4
- महेंद्र सिंह धोनी बने 'अनकैप्ड' खिलाड़ी -पेज 14

### एपिसोड के 10 साल पूरे होने पर भावुक हुए पीएम, कहा- त्योहारों में स्वदेशी प्रोडक्ट ही खरीदें

# मेड इन इंडिया से विनिर्माण का 'पावरहाउस' बना भारत : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 114वें एपिसोड में कहा कि 'मेड इन इंडिया' से भारत दुनिया में विनिर्माण का 'पावरहाउस' बन गया है और सभी देशों की नजरें हम पर टिकी हैं, क्योंकि सरकार वैश्विक गुणवत्ता वाली चीजों के निर्माण के साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।

मन की बात के कार्यक्रम को 10 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विजयादशमी के दिन शुरू हुआ था। 10 साल पूरे होने के समय नवरात्रि का पहला दिन होगा। मन की बात के कई पड़ाव हैं, जिन्हें मैं भूल नहीं सकता। यह कार्यक्रम मेरे लिए मंदिर में पूजा करने जैसा है। उन्होंने कहा कि हाल ही की अमेरिका यात्रा को लेकर बहुत मैसेज मिले। हमारी प्राचीन कलाकृतियों को लेकर बहुत चर्चा हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनापन दिखाया। उन्होंने भारत को करीब 300 कलाकृतियां वापस लौटाईं। इनमें से कुछ 4 हजार साल पुरानी हैं। पीएम मोदी ने देशवासियों से त्योहारों में उपहार स्वरूप 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को ही खरीदने का आह्वान किया। यह देखकर बहुत खुशी मिलती है कि गरीब, मध्यम वर्ग और सूक्ष्म व मध्यम उद्योग को इस अभियान से बहुत फायदा मिल रहा है। पीएम ने घूरारी नदी को नया जीवन देने के लिए झांसी जिले की महिलाओं की सराहना की। मोदी ने कहा कि यह देश के जल संकट को दूर करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**'मन की बात' 114वां एपिसोड**



### महाराष्ट्र को दी करोड़ों की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने पुणे मेट्रो फेज-1 के स्वारगेट-कटराज विस्तार की आधारशिला और बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र व सोलापुर हवाई अड्डे का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण मुझे वो कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। पुणे के कण-कण में राष्ट्रभक्ति है, समाज भक्ति है। ऐसे में मेरा तो बड़ा नुकसान हुआ है कि मैं पुणे नहीं आ सका।

# कठुआ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया

### जवानों ने पूरे इलाके को घेरा, तीन-चार दहशतगर्दों के छिपे होने की आशंका

**अशोक ठाकुर, जम्मू**



**जम्मू**-कश्मीर के कठुआ में सुरक्षाबलों ने रविवार को एक आतंकवादी को मार गिराया। जवानों ने बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ स्थल से आतंकवादी का शव बरामद किया है।

वहीं, दूसरे दिन भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी रही। जम्मू जोन के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस आनंद जैन ने बताया कि सुरक्षाबलों ने शनिवार, 28 सितंबर को सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। उन्हें तीन से चार विदेशी आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद शनिवार को गांव में तलाशी अभियान शुरू किया गया। इसके बाद शनिवार शाम को सुरक्षाबलों तथा आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया था। मुठभेड़ स्थल के समीप पत्रकारों से बातचीत में जैन ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी और इसके बाद अभियान शुरू किया गया तथा फिर मुठभेड़ हुई। उन्होंने कहा कि पूरे इलाके में सुरक्षाबलों की कड़ी घेराबंदी है और इलाके में छिपे तीन-चार विदेशी आतंकवादियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। (अनंत ज्ञान)

**जवानों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी**

# जम्मू में भाषण के दौरान बेहोश हुए मल्लिकार्जुन

**एजेंसी, जम्मू**



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार को चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेहोश हो गए।

इसके चलते भीड़ में अफरा-तफरी मच गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। इलाज के बाद खड़गे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं। मोदी को सत्ता से हटाने से पहले मैं मरने वाला नहीं हूं। उन्होंने कहा कि आपकी बात सुनता रहूंगा। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए बात रखता रहूंगा।

**बोले- मोदी को सत्ता से हटाने से पहले मैं मरने वाला नहीं हूं**

### एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली की मेयर शैली ओबरॉय ने चुनाव को अवैध और असंवैधानिक बताया है। मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया है। एमसीडी की 18 सदस्यीय स्टैंडिंग कमेटी की खाली सीट के लिए 27 सितंबर को वोटिंग हुई थी। इसमें भाजपा कैंडिडेट सुंदर सिंह ने निर्विरोध जीत हासिल की थी।

# राज्य में नशे के खात्मे को जल्द चलाएंगे 'नशा मुक्त हिमाचल अभियान': सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में नशे की समस्या से निपटने के लिए सरकार 'नशा मुक्त हिमाचल अभियान' शुरू करने जा रही है।

अभियान के तहत नशे की रोकथाम, नशा करने वालों की शीघ्र पहचान और नशे की लत से पीड़ित लोगों को समाज में वापस लाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए त्रिस्तरीय रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार नशे की समस्या से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। नशा हमारे समाज के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक कल्याण को प्रभावित करती है।

### कहा- युवाओं को नशे के दलदल से बचाएंगे

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि हमारा उद्देश्य भावी पीढ़ियों को नशे के दलदल में फंसने से बचाना और अपने नागरिकों को नशे के विनाशकारी प्रभावों से बचाना है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त हिमाचल अभियान में शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, ग्रामीण विकास, युवा सेवा एवं खेल तथा सूचना एवं जन संपर्क जैसे विभिन्न सरकारी विभागों सहित सभी प्रमुख हितधारकों को शामिल किया जाएगा। पंचायतीराज संस्थाएं, शहरी स्थानीय निकाय, युवक मंडल, महिला मंडल और गैर सरकारी संगठनों सहित स्थानीय निकाय भी नशा के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण के विधानसभा चुनाव का प्रचार थमा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण के लिए पहली अक्तूबर को 40 सीटों पर होने वाले मतदान के लिए रविवार को चुनाव प्रचार थम गया। अंतिम चरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित भाजपा-कांग्रेस के कई दिग्गजों ने चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। इस चुनाव में सबकी नजरें निर्दलीय उम्मीदवारों पर टिकी हैं, जो खेल बिगाड़ सकते हैं। वहीं, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद (कांग्रेस) और मुजफ्फर बेग सहित 415 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है।




BEST CABS — BEST RECOGNITION PVT LTD | लूण Lunn | DHAKER FOUNDATION | ARNI UNIVERSITY bringing ambition to life | SRI SAI UNIVERSITY SSU PALAMPUR Transforming Dreams into Reality | Yogita AGRO SERVICE CHAMBA Mob. 7986969842, 9015936779

MOTHERKRAFT HOSPITAL Crafting Women's Health At Every Step | LAUREATE INSTITUTE OF PHARMACY V.P.O. KATHOG TEH. JAWALAMUKHI DISTT. KANGRA (H.P.) 176031 | BHUSHAN JEWELLERS SOLAN | JEE/NEET/NDA HIM ACADEMY HAMIRPUR (H.P.) Ph.: 01972-222648, 9816021400 | BHARDWAJ MULTISPECIALITY HOSPITAL A Diabetes Gastro Centre 98055-73338, 94184-73338 | LAUREL PUBLIC SEN. SEC. SCHOOL Gandhinagar Distt. Kullu | SATYAM COLLEGE OF NURSING LANJOT SHAHPUR | PANCHSHEEL HOSPITAL SKIN & ORTHOPAEDIC CENTRE NAGROTA BAGWAN

SHANTI NIKETAN COLLEGE OF EDUCATION HAMIRPUR (H.P.) | Shivamba INTERNATIONAL | INDUS INTERNATIONAL UNIVERSITY | KULLU CONVENT SCHOOL (KULLU) | KAUSHAL ROLLER FLOUR MILL PVT. LTD. PLOT-3, IND AREA TAHLIWAL, DISTT. UNA | LALIT & Bros. SARKAGHAT Sale & Service: Mobile, L.E.D. Frez, Watches, Washing Machine & all type of Home appliances | RATTAN JEWELLERS Bhawarna Lower Bazar Mob. 9882749027 राजू (गठ बाली) | JP Acharya V.P.O. SAGOOR Teh. Baijnath Distt. Kangra (H.P.) | MS. KATNA TRADERS Opposite Bus Stand, Nadaun Mob. 8891500003 | New GURUKUL | BUDHA MAL & SONS JEWELLERS PALAMPUR | NEW NANDA JEWELLERS Grand Plaza, Shop No. 30-31 Palampur, MOB. 91293-51290

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने गोद लिया घरयाणा गांव



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपई राजकीय डिग्री महाविद्यालय सुन्नी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा नगर पंचायत सुन्नी के ग्राम पंचायत घरयाणा में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। एनएसएस इकाई द्वारा घरयाना गांव को गोद लिया गया जिसके लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामलाल शर्मा, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनमोहन, प्रो. सुष्मिता ठाकुर तथा घरयाना पंचायत के प्रधान संजय शर्मा के मध्य दस्तावेजों की औपचारिकताएं पूरी कर घरयाना को गोद लिया गया गांव घोषित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस स्वयंसेवको के द्वारा रैली निकाली गई तथा रैली के माध्यम से स्वयंसेवको ने स्वच्छता अभियान के तहत आम जन को नारों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। घरयाना पहुंचकर वहां पर मौजूद राजकीय प्राथमिक विद्यालय पल्याड़ में स्वयंसेवकों ने पौधारोपण भी किया।

### पीटीए की तीसरी बार अध्यक्ष बनी सीमा सोनी



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में अध्यापक अभिभावक संघ कार्यकारिणी में सीमा सोनी को तीसरी बार पीटीएं अध्यक्ष चुना गया। मुख्य संरक्षक कालेज प्राचार्य डा. रामलाल शर्मा को चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर चंद्र सिंह कंवर, सचिव पद पर प्रो. प्रवीण को नियुक्त किया गया। सह सचिव महेंद्र, कोषाध्यक्ष डा. अश्वनी को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में लता, तारा चंद एवं प्रो. सुचित्रा को चुना गया। पीटीए गठन आम सहमति से हुआ। कालेज प्राचार्य डॉ. रामलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नवनियुक्त अध्यक्ष सीमा सोनी ने लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद पर चुने जाने के लिए आभार जताया है। इस अवसर पर प्रो. प्रवीण शर्मा, प्रो. दामोदर गौतम, प्रो. सुचित्रा, तारा चंद, हेमराज, जितेंद्र तथा अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### चूड़धार मंदिर में महायज्ञ की तैयारियां पूर्ण : हेम चंद



**सपना सूद/चौपाल,नेरवा।** चूड़धार मंदिर कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने चौपाल में एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव रजनीश कीमटा विशेष रूप से उपस्थित रहे। एसडीएम ने कहा कि मंदिर निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चूका है और शांत उत्सव के लिए बिजली, पानी, रास्ते का निर्माण व मुरम्मत करने आदि के कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुके है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि चूड़धार मंदिर में आयोजित होने वाले शांत महायज्ञ से सम्बंधित सभी कार्य दो दिनों के भीतर निपटाए। उन्होंने कहा कि चूड़धार स्थित शिरगुल देवता के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा(शांद महायज्ञ) कार्यक्रम आगामी 11 अक्टूबर को आयोजित होना है। उन्होंने उत्सव के दौरान बिजली बोर्ड को बिजली की सुचारू व्यवस्था करने, जल शक्ति विभाग को चूड़धार में श्रद्धालुओं को उचित मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाने और पुलिस को लॉ एंड ऑर्डर बनाये रखने के निर्देश दिए।

### तीसरे नवरात्र को ठाई माता मंदिर में लगेगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, दधौल।** उपतहसील भराड़ी के अंतर्गत गांव लढ़यानी में ठाई माता सुधार समिति द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता समिति प्रधान रवि शर्मा ने की। बैठक में ग्राम में व्याप्त समस्याओं और उन समस्याओं को हल करने का विचार-विमर्श किया गया साथ ही महिला मंडल और युवक मंडल को सक्रिय रूप से कार्य करने और गतिविधियों को बढ़ाने की भी चर्चा बैठक में की गई। उसके उपरांत 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे शरदीय नवरात्रों में लढ़यानी गांव में स्थित ग्राम देवी ठाई माता के कढ़ाई प्रसाद, भंडारे व हवन को लेकर भी चर्चा की गई, जिसमें सभी सदस्यों की सहमति से 5 अक्तूबर शनिवार को कढ़ाई प्रसाद, भंडारे व हवन का दिन निश्चित किया गया, जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। समिति द्वारा सभी सदस्यों को जिम्मेवारी भी सौंपी गई, ताकि आयोजन को सफल बनाया जा सके। इस बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह भी लिया गया कि बाहर से आने वाले प्रवासियों व फेरी वालों को प्रवेश तभी दिया जाएगा। यदि उनकी वेरिफिकेशन सही तरीके से पुलिस थाना और पंचायत में हुई हो। जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। बैठक में पंचायत उपप्रधान अजय शर्मा, डॉ रवि शर्मा, भागीरथ शर्मा, प्रकाश चंद शास्त्री, रमेश धीमान, हेमराज शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, सुरेश कुमार, अनिल कुमार, सन्नी शर्मा, अमन ,साहिल सहित अन्य मौजूद रहे।

### बिलासपुर में कुत्तों का किया टीकाकरण

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय बिलासपुर में शनिवार को विश्व रेबीज दिवस मनाया गया। इसमें रेबीज बीमारी के बारे में जागरूकता किया गया। संयुक्त निदेशक, निदेशालय, पशुपालन विभाग डॉक्टर सुनील चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और बताया कि अभियान बिलासपुर के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों में 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस अवधि के दौरान जिले के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों में निशुल्क रेबीज प्रतिरोधक टीके लगाए जाएंगे। उप-निदेशक बिलासपुर डॉक्टर विनोद कुमार कुंदी ने जागरूकता शिविर में आए सभी पशु पालकों, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों को इस दिवस की शुभकामनाएं दी। पशु अत्याचार निवारण समिति अध्यक्ष सुनील शर्मा ने रेबीज टीके के आविष्कारक डॉक्टर लुइस पाश्चर की जीवनी पर अपने विचार रखे। अपनी संस्था के सदस्यों की तरफ से आवारा कुत्तों व बिल्लियों के रेबीज टीकाकरण को सफल बनाने का पशु पालन विभाग को भरपूर योगदान देने का आश्वासन दिया। इस शिविर में 25 आवारा, 42 पालतू कुत्तों का निशुल्क रेबीज प्रतिरोधक टीकाकरण भी किया गया।

# नशा पूरा जीवन करता है खराब : अनिरुद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

▶ एचपी पुलिस हॉफ मैराथन संपन्न

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने रविवार को हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित 11वीं एचपी पुलिस हॉफ मैराथन कार्यक्रम के पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। पंचायती राज मंत्री ने कहा कि नशा घर ही नहीं अपितु पूरा जीवन खराब करता है।

पुलिस विभाग की यह महत्वपूर्ण पहल है। पुलिस विभाग हर वर्ष इसी तरह के आयोजन करवाती आ रही है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में नशे से दूर रहने का संदेश प्रेषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पुलिस आज हर क्षेत्र में अपने बेहतर कार्यों के माध्यम से प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में नाम काम रही है।



अनिरुद्ध को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

#### मैराथन में 3150 लोगों ने भाग लिया : पुलिस महानिदेशक

पुलिस महानिदेशक हिमाचल प्रदेश अतुल वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत 22 से 29 सितंबर तक नशे के प्रति स्कूल, महाविद्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया गया है। आज के हॉफ मैराथन कार्यक्रम में लगभग 3150 लोगों ने भाग लिया, जिसमें सेना, पुलिस, अर्धसैनिक बल, छात्रों एवं बुजुर्गों ने नशा मुक्त हिमाचल का संदेश प्रेषित किया है। मैराथन का आयोजन 3 श्रेणी में किया गया, जिसमें हॉफ मैराथन 21.5 किलोमीटर, मिनी मैराथन 10 किलोमीटर एवं ड्रीम मैराथन 3 किलोमीटर की थी। प्रतिभागियों को ए-एक टीशर्ट दी गई है।

#### मैराथन में विजेता किए पुरस्कृत

**ग्रामीण** विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने हॉफ मैराथन में विजेताओं को पुरस्कृत किया। 21.5 किलोमीटर हॉफ मैराथन प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रथम स्थान रूबी कश्यप को 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार अर्पिता सैनी को 31 हजार एवं तृतीय स्थान करीजो को 21 हजार रुपए से सम्मानित किया गया। वहीं पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मनोज सिंह को 51 हजार, द्वितीय स्थान रोहित को 31 हजार एवं तृतीय स्थान शिव कुंडू को 21 हजार रुपए से सम्मानित किया गया। 10 किलोमीटर की मिनी मैराथन प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रथम स्थान मुन्नी को 21 हजार, द्वितीय स्थान ज्योति को 11 हजार। वहीं पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान सौरभ ठाकुर जो 21 हजार, द्वितीय स्थान लवप्रीत सिंह को 11 हजार एवं तृतीय स्थान सूरज को 7100 रुपए से सम्मानित किया।

# आईआईएम सिरमौर हिमाचल के स्कूल शिक्षकों को देगा ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, शिमला**

सिंगापुर एक्सपोजर विजिट कराने के बाद समग्र शिक्षा हिमाचल ने शिक्षकों की उच्चस्तरीय ट्रेनिंग के लिए एक बड़ी पहल की है। समग्र शिक्षा अब अपने शिक्षकों को लीडरशिप डेवलपमेंट की ट्रेनिंग मैनेजमेंट के अग्रणी संस्थानों में से एक, आईआईएम सिरमौर से कराने जा रहा है।

समग्र शिक्षा ने आईआईएम सिरमौर के साथ इसके लिए एक करार किया है, जिसके बाद अब स्कूल प्रमुखों को यहां से स्कूल लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत ट्रेनिंग दी जाएगी। कुल 200 स्कूल प्रमुखों को आईआईएम सिरमौर ट्रेंड करेगा। ये स्कूल प्रमुख मास्टर ट्रेनर के तौर पर आगे अन्य शिक्षकों को लीडरशिप डेवलपमेंट की ट्रेनिंग देंगे। प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार है जब आईआईएम जैसे देश के टॉप इंस्टीट्यूट्स से शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। आईआईएम सिरमौर समग्र शिक्षा के स्कूल लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत हिमाचल कुल 200 ट्रेनिंग देगा, जिसमें 100 प्रिंसिपल, 50 मुख्याध्यापक और 50 सेंटर हेड टीचर शामिल हैं।

#### 7 अक्तूबर से शुरू होगी ट्रेनिंग

**आईआईएम** सिरमौर से पहले चरण में 52 स्कूल प्रमुखों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इन शिक्षकों को 7 अक्तूबर से 11 अक्तूबर तक पांच दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस पहले बैच में प्रदेश के दूरदराज जिला किन्नौर और लाहौल स्पीति जिला के 8-8 शिक्षकों और चंबा जिला के 16 शिक्षकों को ट्रेनिंग मिलेगी। मंडी जिला के 20 शिक्षकों को भी इसी ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल किया जाएगा। शिक्षकों का दूसरा बैच 11 नवंबर से 15 नवंबर तक ट्रेनिंग पर जाएगा।

## केएनएच की क्रस्ना लैब में नहीं मिल रही समय से रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश के एकमात्र महिला एवं शिशु रोग अस्पताल केएनएच में सुविधाएं देने को लेकर सरकार व प्रशासन के दावें खोखले नजर आ रहे हैं।

यहां पर सबसे बड़ी बात तो यह है कि महिलाओं के केएनएच में रसोली व अन्य बीमारी के ऑपरेशन तो चिकित्सक कर देते है, लेकिन आधे से ज्यादा टेस्ट करवाने मरीजों को आईजीएमसी जाना पड़ता है। यहां तक महिलाओं को रिपोर्ट चैक करवाने भी आईजीएमसी दौड़ाया जाता है। केएनएच में प्रदेश भर से महिला मरीज अपना उपचार करवाने आती है, लेकिन महिलाओं को यहां पर उपचार के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।

यहां पर आईजीएमसी की क्रस्ना लैब में समय से रिपोर्ट न मिलने का मामला पहले ही सरकार के दरवार पहुंच चुका है, लेकिन अब केएनएच में भी स्थिति ऐसी ही बन चुकी है।

## मंडियों में कम दामों पर बिक रहे सेब : चेतन बरागटा

**दशमी रावत, रोहड़ू।** मंडियों में सेब औने पौने दामों पर बेचा जा रहा है। बागवानों को अपने उत्पाद के अच्छे दाम नहीं मिल रहे हैं। हिमाचल की मंडियों में पहली बार आढ़ती दर के हिसाब से सेब बेच रहे हैं।

उद्यान केंद्रों पर बागवानों को आवश्यकता अनुसार दवाइयां नहीं मिल रही है। हैरानी की बात है कि सेब बाहुल्य क्षेत्र से सरकार में मंत्री रोहित ठाकुर बागवानी के मुद्दे पर मौन वृत धारण किए हुए हैं।

# हिमाचल में वित्तीय कुप्रबंधन का बोल बाला : नंदा

**अनंत ज्ञान, शिमला**



कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुनते नंदा व अन्य।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने बूथ संख्या 70 में पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना। उनके साथ इस अवसर पर मंडल सचिव एवं बेनमोर से पार्षद चुनाव लड़े प्रत्याशी अनूप वैद उपस्थित रहें।

कर्ण नंदा ने कहा की 2 अक्तूबर को 'स्वच्छ भारत मिशन' के 10 साल पूरे हो रहे हैं। यह अवसर उन लोगों के अभिनंदन का है, जिन्होंने इसे भारतीय इतिहास का इतना बड़ा जन-आंदोलन बना दिया। ये महात्मा गांधी को भी सच्ची श्रद्धांजलि है, जो जीवनपर्यंत, इस उद्देश्य के लिए समर्पित रहे। मीडिया प्रभारी नंदा ने कहा की हिमाचल प्रदेश में वित्तीय कुप्रबंधन का बोल बाला चल रहा है, पर केंद्र सरकार से हिमाचल के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखी है।

हिमाचल को केंद्र से 14000 करोड़ के लगभग रही राशि है वर्ष आ रही है पर यह सरकार इस पैसे को खर्च कहां कर रही है यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

## सरकार प्राकृतिक खेती को दे रही व्यापक प्रोत्साहन

**अनंत ज्ञान, शिमला**



एक कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं।

राज्य के किसानों व बागवानों के समग्र विकास एवं समृद्धि के लिए खेती की लागत को कम करने, आय एवं उत्पादकता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को व्यापक प्रोत्साहन दे रही है।

मानव एवं पर्यावरण पर रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से बचाव एवं पर्यावरण व बदलते जलवायु परिवेश के समरूप कृषि का मार्ग प्रशस्त करने के लिए शुरू की गई इस योजना के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

हिमाचल सरकार ने दस वर्षों में प्रदेश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'आत्मनिर्भर हिमाचल' की परिकल्पना की है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष बजट में प्राकृतिक खेती से रोजगार को बढ़ावा देने और किसानों की आय को बढ़ाने के लिए 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना के तीसरे चरण में एक नई योजना 'राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना' की शुरूआत की है, जिसमें किसानों को जोड़ा जाएगा।

## फरार कैदी पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

**शिमला।** पुलिस हिरासत से कैदी फरार हो गया, लेकिन उसे पुलिस ने करीब नौ घंटे बाद पकड़ लिया है। पुलिस टीम ने टुटू में बीएड कॉलेज के समीप जंगल से उसे देर रात पकड़ने में कामयाबी हासिल की। बालूगंज थाना में केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान लवकुश वीपीओ बिधर खास, जिला आंबेडकर नगर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दस साल की सजा काट रहा है।

## सुन्नी में मोर्चा के प्रधान बने हरी सिंह

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा की शिमला ग्रामीण इकाई की बैठक 28-09 नंद लाल कोंडल की अध्यक्षता में मेला ग्राउंड सुन्नी में संपन्न हुई।

बैठक में मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हीरामणि भारद्वाज तथा प्रमुख महामंत्री ताराचन्द रनोत बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। बैठक के दौरान नगर पंचायत सुन्नी की उप इकाई का गठन किया गया। इस दौरान प्रधान पद के लिए हरी सिंह हैरी, उपप्रधान पद के लिए राज मोहमंद, श्रुतिका, ममता तथा सलीमा को मनोनित किया गया जबकि सह सचिव के लिए समीना, सचिव के लिए ओम प्रकाश, संगठन सचिव के लिए हेमंत कुमार, सलाहकार के लिए हरी दास, मुख्य सलाहकार के लिए मुश्ताक कुरेशी तथा कोषाध्यक्ष के लिए रूप लाल को मनोनित किया गया।

# नशे की उपलब्धता ही युवाओं को नशे की दलदल में फंसा रही : ओपी शर्मा

### कहा, हिमाचल को चिट्टे से नहीं बचाया तो यह भी उड़ता पंजाब बन जाएगा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**




संस्कार सोसाइटी प्रदेश में ड्रग को खत्म करने के लिए बड़ा काम कर रही है। यह बात मुख्य वक्ता ओम प्रकाश शर्मा पूर्व नारकोटिक अधिकारी एवं पूर्व संयोजक नशा निवारण कमेटी हिमाचल प्रदेश ने कही। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है। पड़ोसी देश यह पचा नहीं पा रहे हैं कि भारत एक युवा व शक्तिशाली देश है। पाकिस्तान आईएसआई की मदद से ड्रग की बहुत बड़ी खेती कर रहा है। उन्होंने कहा कि नशे की उपलब्धता ही युवा को खराब कर रही हैं। अगर तीन वर्षों में प्रदेश को इस चिट्टे से बचाया नहीं गया तो हिमाचल प्रदेश का भी पंजाब की तरह हाल हो जाएगा। सरकार को इसपर कठोर से कठोर निर्णय लेने होंगे। उन्होंने कहा कि 1985 एक्ट तहत प्रदेश में चार एजेंसी या विभाग हैं, जिनका काम एंटी ड्रग के लिए काम करना है। केवल एक ही विभाग पुलिस विभाग ही काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्कार सोसाइटी घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान में नेशनल लेवल की तरह साइंटिफिक लेवल से काम कर रही है। पंजाब में प्रेगा और फेंटानील जैसे ड्रग बिकना शुरू हो गई है जोकि चिट्टा से 40 प्रतिशत खतरनाक है। इसे बचने के लिए आधुनिक ट्रीटमेंट प्लांट की आवश्यकता है और मॉडर्न नशामुक्ति केंद्र बनाने होंगे। आज डार्क नेट (इंटररनेट) से कमरे में ड्रग सप्लाई हो रही है।

वहीं, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता शीतल वर्मा ने कहा कि चिट्टा नामक नशे को खत्म करना एक व्यक्ति काम नही इसके लिए हम सभी को काम करना पड़ेगा। यह काम सरकारों के साथ साथ हम सभी को भी करना पड़ेगा। अध्यापकों को भी अपनी क्लास में 5 मिनट के लिए बच्चों को एंटी ड्रग के प्रति जानकारी देनी चाहिए और बच्चों को साफ वातावरण देना पड़ेगा, ताकि बच्चे अध्यापक के साथ हर बात साझा करें। उन्होंने कहा कि मैं आज तक 8 लाख बच्चों से इंटरेक्शन कर चुकी हूं। अभिभावकों को बच्चों के साथ हर रोज चर्चा करनी चाहिए कि वो स्कूल में क्या करते हैं। हमें बच्चों को ड्रग के बारे में बताना होगा कि ये हमारे घर का कल्चर नहीं है। कार्यशाला में घुमारवीं उपमंडल के पंचायत प्रतिनिधि व गांव के अन्य वरिष्ठ लोगों उपस्तिथ रहे। (अनंत ज्ञान)

# घुमारवीं कॉलेज में शशि भूषण ठाकुर को चुना पीटीए का प्रधान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सत्र 2024-2025 के लिए अविभावक-अध्यापक संघ की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। पीटीए आमसभा की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने की। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन बच्चों की पढ़ाई के साथ सर्वांगीण एवं चारित्रिक विकास पर केंद्रित है। इस बैठक में पीटीए सचिव डॉ.बासुदेव ने सत्र 2023-2024 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रो.रामकृष्ण द्वारा पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने के पश्चात सर्वसम्मति से शशि भूषण ठाकुर को दूसरी बार प्रधान नियुक्त किया गया।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रेस सचिव डॉ. सुरेश शर्मा ने बताया कि इस आम सभा में 106 सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि पीटीए कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ, जिसमें शशि भूषण ठाकुर को प्रधान चुना गया। इसी तरह राजेश कुमार को उपप्रधान डॉ. बासुदेव को सचिव, रूप लाल शर्मा सह-सचिव तथा संजीव ठाकुर को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त डॉ. विक्रम कपिल, डॉ. हंसा देवी, राकेश कुमार, सरिता देवी तथा वीना देवी को सदस्य मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी के गठन के पश्चात प्रो.रामकृष्ण की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं के निवारण के लिए विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रो. प्रीतम लाल प्रो.बच्चन सिंह, प्रो.सीता राम, प्रो.राकेश चंदेल, प्रो. शक्ति सिंह सभी प्राध्यापक तथा कार्यालय अधीक्षक मनोज कुमार तथा कर्मचारी उपस्थित थे।



## तीन कृषि सहकारी सभाएं करेंगी जिले के किसानों का उत्थान

**बरठीं।** बिलासपुर जिले की तीन कृषि सहकारी सभाओं के माध्यम से हजारों किसानों का उत्थान किया जाएगा। भारत सरकार की ओर से कृषि उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है। इसके लिए जिले की कृषि सहकारी सभा बड़गांव, दधोल और छकोह का चयन किया गया है। इन समितियां के माध्यम से किसानों के उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा। किसानों को अच्छी किस्म का बीज सहित कृषि कार्य में उपयोग होने वाली समस्त प्रकार की मशीनरी उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा फसल की पैदावार भी सहकारी समितियां के माध्यम से कलेक्शन सेंटर में ली जाएगी, जिससे बिलासपुर जिले छोटे किसानों को लाभ मिलेगा। यह जानकारी कृषि उत्पादक सहकारी समिति के प्रदेश को-ऑर्डिनेटर प्रकाश चंद ने दी है।

# 15 वर्षीय लक्की डेढ़ माह से लापता, दादा को सता रही चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



गुग्गा जाहर वीर की कार करने निकला 15 वर्षीय लक्की आज तक अपने घर नहीं लौटा है। उसके दादा को दिन-रात उसकी चिंता सताए जा रही है। वह उसे हर जगह उसकी फोटो लेकर तलाश रहे हैं, पर उसका कोई अता-पता नहीं लग रहा है। 70 वर्षीय छोटा राम ने इसकी शिकायत पुलिस चौकी खारसी में भी दर्ज करवाई है, परंतु पुलिस को भी इस संदर्भ में अभी तक कोई कामयाबी हाथ नहीं लगी है।

70 वर्षीय छोटा राम दिहाड़ी लगाकर अपना जीवन यापन कर रहा है तथा साथ में अपने पोते का भी पालन पोषण कर रहा है। छोटा राम ने बताया कि लक्की की मां बहुत पहले ही उसे छोड़ कर चली गई थी जिसके बाद से वे ही उसका पालन पोषण कर रहे हैं। उनका 15 वर्षीय पोता दिमागी रूप से भी कमजोर है, जिसका उपचार पिछले 10 माह से आईजीएमसी शिमला से चल रहा है। उन्होंने बताया कि लक्की ने आठवीं तक पढ़ाई की, लेकि इसके बाद मानसिक दिक्कत के चलते उसने पढाई छोड़ दी।

लक्की पहले भी कई बार घर से इस तरह चला जाता था परंतु 10/15 दिन के भीतर वापस आ जाता था। परंतु अब डेढ़ माह से अधिक का समय बीत गया है अभी तक उसका कोई अता पता नहीं है। छोटा राम ने लोगों से अपील की है कि जहां भी उन्हें उनका पोता दिखे तो नजदीकी पुलिस स्टेशन या उन्हें 9805817449 पर कॉल करके इसकी सूचना दें।

**सम्मान** — गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं लाडली फाउंडेशन की बैठक में लिया फैसला

# उपायुक्त सादिक को मिलेगा कहलूर गौरव अवॉर्ड-2024

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं लाडली फाउंडेशन की बैठक का आयोजन गोबिंदसागर वाटर स्पोर्ट्स कार्यालय मंडी भराड़ी फोरलेन के पास में किया गया। इसकी अध्यक्षता गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सराज अख्तर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि जिला बिलासपुर की प्रमुख वाटर स्पोर्ट्स एवं सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त बैनर तले मंडी भराड़ी गोबिंदसागर झील बिलासपुर में



आबिद हुसैन सादिक
उपायुक्त बिलासपुर




पर्यटन की दृष्टि से वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां को नोटिफाइड करवाने हेतु उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक कहलूर गौरव अवॉर्ड-2024 से सम्मानित किया जाएगा। गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर, संस्थापक सदस्य निर्मला राजपूत ने बताया कि 25 फरवरी 2023 को एसोसिएशन द्वारा लिखित रूप में उपायुक्त बिलासपुर अबीद हुसैन सादिक को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें मांग की गई थी कि गोबिंदसागर झील में पर्यटकों के लिए जल क्रीड़ा गतिविधियां करवाने हेतु नोटिफाई करवाया जाए। उपायुक्त के सफल प्रयासों से झील की जगह नोटिफाईड हो पाई है। सराज अख्तर, निर्मला राजपूत, बलबीर सिंह भारद्वाज ने बताया कि स्थानीय सर्किट हाउस बिलासपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारी एडीसी निधि पटेल, एसी टू डीसी नरेंद्र अहलूवालिया, एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग इत्यादि को सम्मानित किया जाएगा, जिनके संयुक्त प्रयासों से गोबिंदसागर झील में पर्यटकों के लिए व्यवसायिक वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां करने के लिए जगह नोटिफाइड हो पाई।

इस मौके पर हिमाचल एडवेंचर वाटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर विशेष रूप से मौजूद रहे।

# यूनिवर्सल कार्टन प्रणाली को लागू करने से बागवानों को मिला लाभ

## यूनिवर्सल कार्टन में सीमित सेब भरने से दूसरे राज्यों में बेहतर गुणवत्ता में पहुंच रहा सेब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

यूनिवर्सल कार्टन प्रणाली को लागू करने से बागवानों को लाभ मिला है। सेब यूनिवर्सल कार्टन में सीमित सेब भरने से दूसरे राज्यों में बेहतर गुणवत्ता में पहुंच रहा है। हिमाचल में सेब की खेती वर्ष 1916 के आसपास शिमला से लगभग 80 किलोमीटर दूर कोटगढ़ में एक अमरीकी व्यक्ति सैमुअल स्टोक्स द्वारा शुरू की गई। रॉयल सेब की खेती आज वर्तमान हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ बन चुकी है। ऐसा नहीं है कि इससे पूर्व हिमाचल में सेब नहीं होता था।

इससे पहले कुल्लू के बंदरोल में 1870 में एक अंग्रेज अधिकारी कैप्टन आरसी ली ने यूरोप से पौधे मंगवाकर सेब का बगीचा लगवाया था, लेकिन उस सेब की किस्म स्वाद और रंग के मामले में उतनी अच्छी गुणवत्ता वाली नहीं थी, जितना कि स्टोक्स द्वारा लगाया गया अमरीकी रॉयल किस्म का सेब 'रॉयल' जो अपने नाम के अनुरूप ही उच्च गुणवत्ता वाला सेब है। इस समय हिमाचल के सेब बाहुल क्षेत्र में रॉयल सेब के उत्पादन का हिस्सा लगभग 90 प्रतिशत है और सेब उत्पादन इस समय हिमाचल प्रदेश का बहुत बड़ा और अग्रणी उद्योग बन चुका है।



सेब की ग्रेडिंग व आकार के आधार पर 10 इंच से 12 इंच की पेटीयों में सेब भरा जाता था, जिसमें 18 किलो से लेकर 20 किलो तक सेब भरा जा सकता था। ये पेटियां रई और सफेदा जैसे पेड़ों की लकड़ी से बनाई जाती थी और मजबूत होती थी, लेकिन समय के साथ उत्पादन जैसे बढ़ा वैसे लकड़ी की ज्यादा मांग के कारण जंगलों पर इसका दबाव बढ़ा। सरकार ने इसे रोकने के लिए बाजार में गत्ते की पेटी को उतारा, जिससे कि पर्यावरण पर अधिक दबाव न पड़े। गत्ते की पेटी जिसे टेलीस्कोपिक कार्टन भी कहा जाता है, एक सफल प्रयोग सिद्ध हुई, क्योंकि यह हल्की पैकिंग करने में आसान व पर्यावरण के लिए नुकसान दायक भी नहीं थी, किन्तु लकड़ी की पेटी के मुकाबले इसमें सेब को वजन के अनुरूप भरने की कोई सीमा नहीं है यद्यपि यह केवल 20 से 24 किलो सेब भरने की दृष्टि से ही बनाई गई थी, लेकिन कुछ बागवानों ने इस सीमा से अधिक इसमें 30 से 35 किलो सेब भरना शुरू कर दिया, जिससे कि बाजार में असंतुलन पैदा हुआ।

छोटे बागवान इस परम्परा का शिकार होने लगे। बागवानों ने सरकार से इस पर कदम उठाने की मांग की और यूनिवर्सल कार्टन के इस्तेमाल के लिए आवाज बुलंद की। वर्तमान कांग्रेस सरकार ने बागवानों की बात को समझते हुए वर्ष 2023 में टेलीस्कोपिक कार्टन में अधिकतम 24 किलो की सीमा को तय किया। बागवानों की सुविधा और सेब की खेती के भविष्य के दृष्टिगत सरकार ने वर्ष 2024 में यूनिवर्सल कार्टन लागू किया, जिसमें कि 22 से 24 किलो तक ही सेब को भरा जा सकता है।

इस वर्ष यूनिवर्सल कार्टन को लागू करने के सुखद परिणाम भी सामने आ रहे है, जहां पिछले वर्ष तक टेलीस्कोपिक कार्टन में 30 किलो तक की पेटी में बागवानों को 2500 से 3000 रुपए तक के दाम मिल रहे थे। वहीं इस वर्ष 20 से 22 किलो तक वजन वाले यूनिवर्सल कार्टन में बागवानों को 3000 से 5000 तक के दाम मिल रहे हैं।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक्सटेंशन देना गलत : लखनपाल

**एस के ठाकुर, बड़सर।** विधायक इंद्रदत लखनपाल ने सुक्खू सरकार द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक्सटेंशन देने की नीति पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे युवाओं के साथ अन्याय करार दिया है। सरकार की यह नीति प्रदेश के युवाओं के रोजगार अधिकारों का उल्लंघन है।

लखनपाल ने कहा, 'युवा हमारी ताकत हैं और उन्हें रोजगार के उचित अवसर प्रदान करना सरकार का प्रमुख कर्तव्य है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा में पुन: अवसर देना युवाओं के भविष्य के साथ छलावा है। यह नीति उन हजारों युवाओं के सपनों को तोड़ रही है, जो रोजगार की आस में बैठे हैं।'

## राज्यपाल ने पुलिस हॉफ मैराथन को दिखाई हरी झंडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ आयोजित 11वीं हिमाचल प्रदेश पुलिस हॉफ मैराथन-2024 को हरी झंडी दिखाई। राज्यपाल ने कहा कि इस 11वीं हॉफ मैराथन के माध्यम से समाज के हर वर्ग ने नशे के खिलाफ जो उत्साह दिखाया है, वह सराहनीय है।



उन्होंने कहा कि नशे की बुराई के संदेश के साथ इस दौड़ में बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और शारीरिक रूप से विकलांग लोगों ने भी भाग लिया, जो प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि पुलिस का यह प्रयास नशा मुक्त हिमाचल के इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाने में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से नशे का खात्मा होगा और देवभूमि की गरिमा बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को इस तरह के जागरूकता अभियानों में भाग लेना चाहिए, तभी हम समाज से नशे को समाप्त कर पाएंगे। उन्होंने लोगों से हिमाचल को नशा मुक्त बनाने में योगदान देने तथा नशे के खिलाफ हर अभियान में सहयोग देने का आह्वान किया।

## कांग्रेस शासनकाल में हरियाणा में 'दलाल और दामाद' का राज : बिंदल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने हरियाणा चुनाव के अंतर्गत कालका विधानसभा क्षेत्र में एक युवा रैली को संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस शासनकाल में हरियाणा में 'दलाल और दामाद' राज और भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया था। इसके विपरीत, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में विकास को बढ़ावा दिया।

बिंदल ने कहा कि हरियाणा में चुनाव के मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, एक तरफ हरियाणा के लाल नायब सिंह सैनी हैं और दूसरी तरफ गांधी परिवार एवं दलालों की फ़ौज है। सबसे प्रमुख बात यह है कि हरियाणा की जनता राज्य में भाजपा की जीत की हैट्रिक सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं। हरियाणा की जनता को पता है कि 'यदि आएगा राहुल गांधी, तो साथ लाएगा भ्रष्टाचार की आंधी।

इस समय जनता को यह बताना जरूरी है कि भाजपा सरकार फसल बीमा योजना और एमएसपी पर 24 फसलों की खरीद जैसी पहलों के माध्यम से किसानों को लाभ दे रही है।

## प्रदेश में हुए पंचायत उपचुनावों में 96 निर्विरोध चुने गए

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए हुए उप चुनाव में 96 सदस्य निर्विरोध चुने गए। इसमें 87 वार्ड मेंबर और 9 उपप्रधान शामिल हैं। यहां पर इनके खिलाफ कोई अन्य प्रत्याशी मैदान में न होने से इन्हें निर्विरोध चुन लिया था। हिमाचल प्रदेश में अगले साल वैसे ही पंचायती राज चुनाव होने हैं। पंचायती राज संस्थाओं के पांच साल, अगले साल पूरे होने वाले हैं जिनके लिए फिर नए सिरे से चुनाव होंगे।



40 सीटों पर पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के लिए 29 सितंबर सुबह 8 से शाम 4 बजे तक चुनाव हुआ। पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के मतों की गणना मतदान के तुरंत बाद पंचायत मुख्यालय पर हुई जबकि पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य की मतगणना 30 सितंबर को संबंधित विकास खंड कार्यालय में सुबह 9:00 बजे शुरू होगी।

कहानी-17

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

## ग्रामीण जीवन की समृद्धि का द्योतक चलाहरग गांव

### वर्षभर कृषि और छोटे व्यापार ग्रामीणों की आजीविका का साधन

'आज हम बात करेंगे जोगिंद्रनगर से 12 किमी दूर सरकाघाट हाईवे के समीप बसे खूबसूरत गांव चलाहरग की, जो समृद्ध ग्रामीण जीवन का द्योतक है। गांव में एक हजार से अधिक लोग निवास करते हैं। यहां के लोग मुख्य रूप से धान, गेहूं, मक्का और अन्य फसलों की खेती करते हैं। वर्षभर मौसम के अनुसार खेती होती है, जो स्थानीय लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन है। आजकल धान की फसल की कटाई चली है। महिलाएं सब्जियां और दूध बेचकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करती हैं। सुबह महिलाएं अपने खेतों से ताजे उत्पाद लाकर बाजारों में बेचती हैं। महिलाएं विशेष रूप से एक-दूसरे की मदद कर रही हैं, जिससे गांव में सहकारी भावना को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा कुछ लोग सरकारी सेवाओं में या छोटे-छोटे व्यापारों जैसे- किराना स्टोर, चाय की दुकान या स्थानीय उत्पादों की बिक्री में भी लगे हैं।



अभिषेक शर्मा
जोगिंद्रनगर




### धार्मिक और पर्यटन स्थल

**गांव** में कुछ प्रमुख धार्मिक स्थल हैं। लोग धार्मिक अनुष्ठानों और त्योहारों का आयोजन करते हैं, जो गांव की संस्कृति और समृद्धि को दर्शाते हैं। धार्मिक पर्यटन के रूप में यह स्थल पास के क्षेत्रों से पर्यटकों को आकर्षित करता है, खासकर त्योहारी मौसम में जब यहां विशेष पूजा-अर्चना और मेलों का आयोजन होता है।

### ग्राम पंचायत और विकास कार्य

**ग्राम** पंचायत चलाहरग गांव के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही है। पंचायत ने गांव में पक्के रास्तों का निर्माण, पानी की उचित आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा सुविधाओं में सुधार किए हैं। हर घर तक पक्की सड़कें बनी हैं। इसके साथ ही, पंचायत समय-समय पर गांव में स्वच्छता अभियान और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी करती है।

### सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन

**गांव** का सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन भी बहुत समृद्ध है। यहां के लोग मिल जुलकर त्योहार मनाते हैं, जैसे दिवाली, होली, लोहड़ी आदि, जो सामूहिकता और भाईचारे की भावना को प्रकट करते हैं। गांव में सालभर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते हैं, जहां स्थानीय लोकगीत, नृत्य, और नाटकों का प्रदर्शन किया जाता है।

### पंचवटी वाटिका बनाकर नैनिहालों को दी सौगात

**चलाहरग** पंचायत की प्रधान सावित्री देवी का कहना है कि चलाहरग पंचायत में दस लाख रुपए से अधिक की धनराशि मनरेगा सहित अन्य मदों से व्यय कर पंचवटी पार्क विकसित किया गया है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ बच्चों और युवाओं के लिए मनोरंजक गतिविधियां विकसित की गई हैं। इसका लाभ पंचायत की दो हजार से अधिक आबादी के लोगों को मिलेगा। इसके साथ ही पंचायत ने मंदिर सुधार का कार्य भी किया।



सावित्री देवी



### संतान दात्री मंदिर : आस्था का केंद्र

**हिमाचल** प्रदेश के चलाहरग गांव के पास स्थित संतान दात्री मंदिर भी है, जिसे मां सिमसा माता का मंदिर भी कहा जाता है। यह मंदिर संतान प्राप्ति की इच्छुक महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है तथा लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है।



### मच्छयाल मंदिर : लोककथाओं और धार्मिक आस्था का अनोखा संगम

**मच्छयाल** मंदिर प्राचीन काल से ही अपनी धार्मिक आस्था और अद्भुत लोक कथाओं के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भगवान मच्छिंदर देव को समर्पित है, जिन्हें लोग मछलियों के देवता मानते हैं। मंदिर के साथ जुड़ी विशेष मान्यता और परंपराएं इसे न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के बीच भी लोकप्रिय बनाती हैं। यहां भगवान मच्छिंदर देव और राम मंदिर दोनों स्थित हैं। मच्छयाल मंदिर की एक अन्य प्रमुख परंपरा यह है कि श्रद्धालु मछलियों को आटा खिलाते हैं। माना जाता है कि इससे भगवान मच्छिंदर देव प्रसन्न होते हैं और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

बैसाखी के अवसर पर यहां तीन दिवसीय मेले का आयोजन भी किया जाता है। मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन होता है। वर्षों से यहां रामलीला का मंचन किया जाता है, जो लोगों के बीच खासा लोकप्रिय है।



### मंदिर का विकास और संरक्षण की आवश्यकता

**चलाहरग** पंचायत के उपप्रधान कांशीराम शर्मा ने मंदिर के विकास और संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सरकार और प्रशासन से इस मंदिर के पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग की है। मंदिर के परिसर में आवश्यक सुधार और सुविधाओं के विकास से यह स्थान न केवल श्रद्धालुओं के लिए और अधिक आकर्षक बनेगा, बल्कि धार्मिक पर्यटन का भी एक प्रमुख केंद्र बन सकता है।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि मच्छयाल मंदिर में शादियां भी होती हैं तो यहां पर एक सामुदायिक भवन होना चाहिए।



कांशीराम शर्मा



**कैंपस राउंड अप** — कब भरे जाएंगे असिस्टेंट प्रोफेसर और टेक्निकल असिस्टेंट के पद?

## एनआईटी में रुकी 12 साल से फैकल्टी की प्रमोशन प्रक्रिया

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।**

सूबे के एक मात्र यहां स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में पिछले 12 साल से फैकल्टी की प्रमोशन प्रक्रिया रुकी हुई है। यही हाल नॉन टीचिंग का भी है। काफी मात्रा में इन दोनों ही श्रेणियां के पदों पर भर्ती प्रक्रिया भी लंबित पड़ी हुई है। इसी वजह से संस्थान के भीतर बेहतर माहौल भी दिखता नहीं है, जिनकी वजह से रैंकिंग में लगातार धड़ाम हो रही है।

अबकी बार तो रैंकिंग में इस संस्थान का क्रमांक बहुत नीचे, यानी डेढ़ सौ से भी आगे खिसक गया है। कई लोग न्यायालय में अपने मामलों को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन संस्थान के भीतर किसी तरह की मध्यस्थता के जरिए माहौल को बेहतर बनाने की दशा दिशा में किसी की कोई दिलचस्पी नहीं दिखती है।

थक हारकर अब निराशा के आलम में ज्यादातर समय काटने पर मजबूर हो रहे हैं और प्रशासन तमाशा देखने पर आतुर है। (अनंत ज्ञान)




संस्थान का मुख्य गेट

### 3 साल से लटकी है चेयरमैन की नियुक्ति

बोर्ड आफ गवर्नर यानी बीओजी के अध्यक्ष की नियुक्ति पिछले तकरीबन 3 साल से आधार में लटकी हुई है।चंद्रशेखर शर्मा के बाद किसी की भी तैनाती नहीं हुई। मौजूदा डायरेक्टर का भी जब से कार्यकाल शुरू हुआ, मंत्रालय ने अध्यक्ष की नियुक्ति करने से किनारा ही किए रखा है। इसीलिए अब इस महत्वपूर्ण कमेटी के अध्यक्ष का दायित्व भी डायरेक्टर के पास ही मौजूद है।

### भीतरी माहौल में हो रहे हंगामे चिंतनीय

**पिछले** कुछ समय में इस संस्थान के भीतर स्टूडेंट की गतिविधियों की जो झलक देखने को मिली है। उस मामले को लेकर भी प्रशासनिक व्यवस्था का भीतरी ढांचा अपनी स्थिति स्वयं ही बता देता है। कभी रात को बड़ा हंगामा हो जाता है, तो कभी प्रथम वर्ष के छात्र का आपत्तिजनक वीडियो कॉल करने का मामला सुर्खियां बटोरता है। क्या हॉस्टल के भीतर बाहर से स्टूडेंट्स शराब पीकर आते हैं? या फिर कोई और कारण है। जिनकी वजह से अंदरूनी माहौल पर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे।

दरअसल में हॉस्टल की व्यवस्था में कहीं ना कहीं अनुभवहीन फैकल्टी के लोगों के हवाले जिम्मेवारी भी इसकी प्रमुख वजह बताया जा रहा है।

> रैंकिंग में सुधार अगले साल से दिखना शुरू होगा। नई रिक्रूटमेंट भी होगी। प्रमोशन चैनल भी कोर्ट के कुछ मामलों की वजह से रुका है। भीतरी व्यवस्था के सुधार के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं।
> -एचएल सूर्यवंशी, डायरेक्टर



### शार्प माइंडेड बनाम प्रशासनिक व्यवस्था का गैप

**संस्थान** के भीतर जो शार्प माइंडेड फैकल्टी या दूसरे वर्गों के लोग हैं उन्हें ज्यादातर जी नहीं मिलती। प्रशासनिक दायरे में कुछ ऐसे लोग प्रभाव बनाए हुए हैं, जिनकी वजह से भीतरी व्यवस्था का ढांचा मजबूत नहीं हो पा रहा। नहीं तो इस संस्थान की रैंकिंग इतनी नीचे ना खिसकती। यहां आए दिन हंगामे न होते। ऐसी घटनाओं से प्रशासन का जिम्मा संभाले अधिकारियों को सोचना चाहिए कि कमी कहां है? किस गैप की वजह से ढांचागत व्यवस्था नहीं हो रही।

## पुणे में हिमाचली समागम उत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पुणे में हिमाचली समागम-3 का आयोजन सेडार ओक, पूना क्लब में हुआ, जिसमें पुणे में काम करने वाले और रहने वाले 45 से अधिक हिमाचली एकत्र हुए। यह आयोजन युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों का एक खुशनुमा संगम था, जहां सभी ने अपनी हिमाचली भाषा में बातचीत करते हुए कहानियां साझा कीं, हंसी-मजाक किया, और एक-दूसरे के साथ एक गहरा संबंध महसूस किया।

आयोजन की संचालक पूजा सूद ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान, हमने अपने समुदाय की दृष्टि पर चर्चा की और एक नए शहर में एक-दूसरे की मदद करते हुए अपनी जड़ों से जुड़े रहने के महत्व को समझा।



यह समूह उन हिमाचली लोगों की सहायता के लिए है, जो पहली बार पुणे आते हैं, ताकि उन्हें यहां बसने में सहायता और मार्गदर्शन मिल सके। पूजा सूद ने बताया कि चाहे वह चिकित्सा सहायता हो, नौकरी की जरूरत हो, या किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, यह समूह अपने सदस्यों के लिए एक सुरक्षा कवच के रूप में काम करेगा।

## वित्त समिति के सदस्य बने सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप लोकसभा में वित्त समिति के सदस्य बने। विभाग का गठन संसदीय स्थायी समितियों 2024-25 से संबंधित है।



लोकसभा में वित्त संबंधी स्थायी समिति के पास कई शक्तियां हैं, जिनमें अनुदानों की मांगों की जांच, विधेयकों की जांच, वार्षिक रिपोर्ट की जांच, राष्ट्रीय नीति दस्तावेजों की जांच करना, सिफारिशें करना, अतिरिक्त व्यय या बचत को नियमित करना प्रमुख कार्य है। समिति मूल रूप से स्वीकृत राशि से अधिक या कम व्यय करने के औचित्य की जांच करती है। यह किसी भी अतिरिक्त व्यय को नियमित करने के तरीके पर सिफारिशें करती है।

सदन द्वारा डीएफजी और विधेयकों पर विचार करते समय समिति की सिफारिशों पर विचार किया जाता है। समिति की सिफारिशों को सुविचारित सलाह के रूप में माना जाता है।

## चरस के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल पुलिस टीम ने दौलीनाली समीप बिजली सब स्टेशन (झकडी गांव) में गश्त के दौरान मादक पदार्थ की खेप बरामद की हैं।

पुलिस ने 47 वर्षीय बालक राम पुत्र कालटू राम निवासी गांव प्रथाची डाकखाना बालू तहसील औट जिला मंडी नामक व्यक्ति से 604 ग्राम चरस बरामद की हैं। कुल्लू पुलिस अधीक्षक डॉ गोकुल चंद्रन कार्तिकेयन ने मामले की पुष्टि की।

## न्यूज ब्रीफ

### फरेढ़ में 75 मरीजों का किया गया चेकअप



**अनंत ज्ञान, डरोह।** रोटरी क्लब धौलाधार पालमपुर व न्यू बाबा सीताराम यूथ क्लब फरेढ़ के सौजन्य से रविवार को फरेढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लगभग 75 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा गया। इस बीच शिविर में मुख्य रूप से कान, नाक तथा गला रोग के मरीजों की जांच की गई, जिसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. मनीष सरोच तथा टीम ने अपनी अहम भूमिका निभाई। इस दौरान मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। इस मौके पर रोटेरियन हितेश शर्मा तथा न्यू बाबा सीताराम यूथ क्लब के सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे।

### मूदला में जागोरी ने लगाया मुफ्त हेल्थ कैंप



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** मूदला पंचायत के धार टीका में 29 सितंबर को जागोरी द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें सरकारी अस्पताल से डॉक्टर अनुराग और उनके साथी पल्लवी ने 70 लोगों का बीपी और हीमोग्लोबिन के टेस्ट किए। जागोरी द्वारा लोगों को मुफ्त दवाइयां भी बांटी गईं। डॉ. अनुराग ने लोगों को अच्छा जीवन जीने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां व रासायनिक मुक्त सब्जियां खाने की सलाह दी।

### पंजीकरण न करवाने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अधीन आते पुलिस थाना भवारना में प्रवासी फेरी लगाने वालों का पंजीकरण जोरों पर है। रोज काफी बड़ी संख्या में ये प्रवासी फेरी वाले पुलिस थाने में अपना पंजीकरण करवा रहे हैं। इसके बावजूद विकास खंड भवारना की पंचायत वडघवार में रह रहे कुछ लोगों ने अभी तक अपना पंजीकरण नहीं करवाया है। जो गांव और बाजार में खुलेआम घूम रहे हैं। जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। हेरानी की बात यह है कि ये लो अपने घर वापस जाते हैं और यहां दोबारा आकर बिना पंजीकरण के घूमते रहते हैं। वडघवार पंचायत प्रधान सोनिया बंटा ने कहा है कि जो प्रवासी बिना पंजीकरण के यहां-वहां घूम रहे हैं। मकान मालिक जल्द उनका पंजीकरण करवाएं वरना उचित कार्रवाई होगी। भवारना पंचायत की प्रधान वंदना शर्मा व रमेहड़ पंचायत के प्रधान मोहिंद्र सिंह ने भी कहा है कि प्रवासी फेरी वाले जल्द अपना पंजीकरण करवाएं वरना उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



सीपीएस सुंदर ठाकुर ने धर्मशाला में किया राज्य स्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

# 800 मीटर दौड़ में मंडी का कुलविंदर और नाहन की मनीषा ठाकुर फर्स्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

25वीं राज्य स्तरीय वन खेलकूद एवं ड्यूटी प्रतियोगिता में मार्च पास्ट में धर्मशाला पहले स्थान पर रहा, चंबा दूसरे तथा कुल्लू तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह से 800 मीटर की दौड़ में पुरुष वर्ग में मंडी के कुलविंदर ने पहला, सोलन के जसवीर ने दूसरा, धर्मशाला के रिशव ने तीसरा तथा चंबा के मनीष कुमार ने चौथा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की आठ सौ मीटर की दौड़ में नाहन की मनीषा ठाकुर ने पहला, चंबा की दीपिका ने दूसरा, शिमला की अर्चना ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इससे पहले राज्य वन खेल प्रतियोगिता का मुख्य संसदीय सचिव सुंदर लाल ठाकुर ने विधिवत शुभारंभ करते हुए कहा कि वन विभाग के फील्ड अधिकारियों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है इसलिए प्रत्येक वन अधिकारी और कर्मचारी का शारीरिक तौर पर तंदरुस्त होना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि फ्रंट लाइन स्टाफ का मनोबल बनाए रखने तथा उनकी सहायता हेतु 2061 वन बीटों में वन मित्रों की भर्ती की जा रही है इससे युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इससे पहले पीसीसीएफ डा पवनेंद्र कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए 25वीं राज्य वन खेल प्रतियोगिता में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में 13 वन वृत्तों के 800 वन कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में विभिन्न खेलों में भाग लेने के एकत्रित हुए हैं। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट शामिल किए गए हैं। इस अवसर पर ज्वाइंट सेक्रेटरी वन विभाग प्रवीण टॉक, महापौर नीनू शर्मा, पूर्व में महापौर रहे देवेंद्र जग्गी, पार्षद अनुराग, कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष भजन चौधरी सहित वन विभाग के विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।



**मार्च पास्ट में धर्मशाला वृत्त रहा पहले स्थान पर**

### वन विभाग की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**मुख्य** संसदीय सचिव ने कहा कि हिमाचल को हरित राज्य बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना आरंभ की गई है। इसका उद्देश्य राज्य की बंजर चोटियों व पहाड़ियों को हरा भरा बनाना है। उन्होंने कहा कि वनों में साठ प्रतिशत फलदार पौधे लगाने के लिए भी कारगर कदम उठाए जा रहे हैं इसके साथ ही टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए चिह्नित स्थानों पर इको टूरिज्म साइट्स विकसित की जा रही हैं। मुख्यातिथि ने वन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# नूरपुर में निशुल्क आयुर्वेदिक औषधालय का किया शुभारंभ



**संजीव महाजन, नूरपुर**

आर्य समाज नूरपुर में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग के उपरांत निशुल्क आयुर्वेदिक औषधालय का शुभारंभ मुख्यातिथि स्वामी विशोका यति, स्वामी वेद प्रकाश सरस्वती, डॉ. अनूप गुप्ता, सीपी महाजन आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शुरुआत में इसका संचालन हर रविवार सुबह 9 से 11 बजे तक किया जाएगा।

औषधालय का पुन: परिचालन आर्य समाज नूरपुर के पूर्व पदाधिकारियों व सदस्यों को भी समर्पित है, जिन्होंने पहले इसे कई वर्षों तक चलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नूरपुर में चल रहे निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के 8 सत्र पूरे होने पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र आवंटित किए गए व 9वां सत्र प्रारंभ हुआ। इस केंद्र को सुचारु रूप से चलाने में वीना महाजन, अल्का महाजन तथा अध्यापिका कुसुम लता के अनथक प्रयासों और आर्थिक सहयोग देने वाले की सराहना की गई। अंत में प्रधान सीपी महाजन ने उपस्थित सभी महानुभावों व आर्थिक सहयोग देने वालों का हार्दिक धन्यवाद प्रकट किया। मंच का कुशल संचालन मंत्री डॉ. बीएम गुप्ता ने किया। (अनंत ज्ञान)

**साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग का भी हुआ आयोजन**

# जयसिंहपुर दशहरा उत्सव में नामी कलाकार और बैंड मचाएंगे धमाल

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर**

10 से 12 अक्तूबर तक मनाए जा रहे जयसिंहपुर के राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव में पंजाब के मशहूर गायक शिवजोत, वायस ऑफ पंजाब गौरव कौंडल, सुनील राणा, अभिज्ञ बैंड व बॉलीवुड सिंगर अरविंद लोगों का मनोरंजन करेंगे। राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव की कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम संजीव ठाकुर ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस दशहरा उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या 10 अक्तूबर को मशहूर पहाड़ी गायक सुनील राणा, बॉलीवुड गायक अरविंद राजूपत मुख्य कलाकार होंगे।

11 अक्तूबर को दूसरी सांस्कृतिक संध्या को अभिज्ञ बैंड, करनैल राणा, पम्मी ठाकुर मुख्य आकर्षण होंगे। दशहरे के समापन पर तीसरी सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण पंजाब के मशहूर गायक शिवजोत मुख्य कलाकार होंगे। इसके अलावा वाइस ऑफ पंजाब गौरव कौंडल को अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। संजीव ठाकुर ने बताया कि दशहरा कमेटी इस बार दशहरा को पिछली बार से भी ज्यादा भव्य और आकर्षक बनाने में कोई कसर नही छोड़ेगी। उन्होंने बताया कि इस बार जहां रावण कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले 50 फुट ऊंचे होंगे। इस बार आतिशबाजी शो भी नए अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि तीनों सांस्कृतिक संध्याओं में हर रोज जयसिंहपुर के पांच-पांच महिला मंडल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। एसडीएम ने बताया कि दशहरा के शुभारंभ पर चिल्ड्रन ऑफ स्टेट शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण होंगे। (अनंत ज्ञान)

# कांगड़ा-चंबा में 20 से 3 हजार रह गए लैंडलाइन

## वर्ष 1995 में मोबाइल की एंट्री के बाद लगातार घटते गए लैंडलाइन उपभोक्ता

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

मोबाइल के युग में लैंडलाइन फोन की घंटी अब सरकारी दफ्तरों में ही सुनने को मिलती है। संचार क्रांति की शुरुआत की निशानी एसटीडी पीसीओ तथा लैंडलाइन फोन बीते वक्त की बात हो गए हैं। उनके स्थान पर मोबाइल ने खुद को साबित किया है। हिमाचल में लाखों की संख्या में होने वाले लैंडलाइन फोन अब हजारों में सिमट गए हैं। 2019 में जहां प्रदेश के सबसे बड़े कांगड़ा जिला तथा चंबा जिले में 20000 लैंडलाइन बचे थे। वहीं करीब 5 साल बाद यह आंकड़ा करीब 3000 रह गया है। वहीं, बीएसएनएल की मानें तो लैंडलाइन की जगह अब फाइबर ने ले ली है तथा दोनों जिलों में बीएसएनएल के इस समय लगभग 20 हजार फाइबर कनेक्शन हैं। बीएसएनएल की मानें तो लैंडलाइन का उपभोक्ता फाइबर में कन्वर्ट हुआ है। साल 2019 में फाइबर कनेक्शन नहीं थे, जबकि अब बीएसएनएल के पास करीब 20000 फाइबर कनेक्शन हैं। बीएसएनएल अब चंबा तथा कांगड़ा जिलों के हर गांव में नेटवर्क की उपलब्धता दिसंबर तक पूरी करने में जुटा है। ऐसे में दोनों जिलों के करीब नए 150 क्षेत्र बीएसएनएल नेटवर्क से जुड़ने से यहां बीएसएनएल से नए उपभोक्ता जुड़ने का भी निगम को लाभ मिलेगा। जियो के टैरिफ में हुई वृद्धि के चलते लोगों का रुझान बीएसएनएल की ओर हुआ है। अकेले चंबा तथा कांगड़ा जिला में जियो टैरिफ बढ़ने के बाद करीब 3 माह में 15000 लोग बीएसएनएल से जुड़े हैं। (अनंत ज्ञान)



### कोलकाता से दिल्ली में हुई थी पहली मोबाइल कॉल

**देश** में मोबाइल पर जिन दो नेताओं की आपस में बात हुई थी, उनमें एक थे संचार क्रांति के जनक कहे जाने वाले दिवंगत पंडित सुखराम और दूसरे पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिवंगत ज्योति बसु। 31 जुलाई 1995 को ज्योति बसु ने पंडित सुखराम को फोन मिलाया और हेलो शब्द बोला था। पंडित सुखराम ने फोन उठाते ही हैलो कहा था। मोबाइल कॉल ज्योति बसु ने कोलकाता के राइटर्स बिल्डिंग से दिल्ली के संचार भवन में की थी। यह मोबाइल कॉल मोदी टेलस्ट्रा मोबाइलनेट सर्विस के माध्यम से की गई थी।

### अब फाइबर कनेक्शन ले रहे कस्टमर: डीजीएम

**उपमहानिदेशक** जगतंबा प्रसाद ने बताया कि बीएसएनएल के लैंडलाइन कस्टमर अब फाइबर कनेक्शन ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल, दिसंबर तक दोनों जिलों में बीएसएनएल हर जगह नेटवर्क पहुंचाने के लिए कार्यरत है तथा इसका लाभ बीएसएनएल को मिलेगा। उन्होंने माना कि जियो के टैरिफ की वृद्धि का लाभ भारत संचार निगम लिमिटेड को मिला है।

# हेल्थ इज वेल्थ

## खानपान को ठीक रखें कार्डियक अरेस्ट हार्ट अटैक से बचें

**हाई बीपी, मोटापा डायबिटीज से ब्लॉक हो जाती हैं हार्ट की नसें**

**आज** के व्यस्त और तनावग्रस्त दौर में कम उम्र में ही लोगों को हार्ट अटैक आ रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण खानपान की गलत आदतें और खराब लाइफस्टाइल है। हेल्थ एक्सपर्ट ने बचाव के कुछ तरीके बताए हैं। पिछले कुछ सालों से बढ़ रही हैं हार्ट की बीमारियां पिछले काफी समय से हार्ट अटैक के केस लगातार बढ़ रहे हैं। कम उम्र में ही लोगों को दिल का दौरा पड़ रहा है। बाहर से फिट दिखने वालों को भी हार्ट डिजीज हो रही हैं। अचानक कार्डियक अरेस्ट और हार्ट अटैक आ रहा है और मौके पर ही मौत हो रही है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ एनके गुप्ता का कहना है कि गैर संक्रामक बीमारियों में कैंसर के बाद कार्डियोवैस्कुलर डिजीज से सबसे ज्यादा मौतें हो रही है। दिल की बीमारियों के बढ़ने का एक बड़ा कारण खानपान की गलत आदतें और खराब लाइफस्टाइल है। खराब खानपान की वजह से बॉडी में बेड कोलेस्ट्रॉल बढ़ रहा है, जिससे हार्ट की आर्टरीज में ब्लॉकेज हो रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक हार्ट की नस के ब्लॉक होने को हार्ट ब्लॉकेज कहते हैं। यह समस्या हार्ट की आर्टरी में बेड कोलेस्ट्रॉल जमने से होती है। इन नसों के ब्लॉक होने की वजह से हार्ट ब्लड को सही तरीके से पंप नहीं कर पाता, जिससे अटैक आ जाता है। बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का सबसे बड़ा कारण गलत खानपान और खराब लाइफस्टाइल है। हार्ट के इलेक्ट्रिकल सिस्टम में आई खराबी की वजह से भी दिल के फंक्शन पर असर पड़ता है। इस स्थिति में हार्ट अचानक काम करना बंद कर देता है। इसी को कार्डियक अरेस्ट कहते हैं। कार्डियक अरेस्ट हार्ट अटैक की तुलना में ज्यादा खतरनाक होता है। इसमें कुछ ही सेंकेड में मरीज की मौत हो जाती है।



### ये हैं लक्षण

हार्ट की नसों के ब्लॉक होने पर दिखते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ एनके गुप्ता का बताते हैं कि हार्ट की नसों में ब्लॉकेज के लक्षणों का लोगों को आसानी से पता नहीं चलता है, लेकिन इनपर ध्यान देना जरूरी है। जिन लोगों को हाई बीपी, मोटापा, डायबिटीज या फिर पहले से ही हार्ट की बीमारी है तो उन्हें हार्ट अटैक आने का खतरा काफी अधिक होता है. ऐसे लोगों को हार्ट हेल्थ का विशेष ध्यान रखना चाहिए.इन लक्षणों पर रखें नजर सीने में दर्द हाथ या पैरों में सूजन पिंडली में दर्द बने रहना अचानक थकावट होना है।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

### ऐसे करें बचाव

डॉ. गुप्ता के मुताबिक, हार्ट की नसों में ब्लॉकेज न हो इसके लिए कई बातों का ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले अपने खानपान को ठीक रखें. बाहर का खाना न खाएं। डाइट में प्रोटीन और विटामिन पर्याप्त मात्रा में शामिल करें। कॉर्ब और फैट को कम से कम रखें। मैदा, नमक और चीनी से दूरी बनाकर रखें। जिन लोगों को पहले से ही लाइफस्टाइल डिजीज है उनके लिए जरूरी है कि रोजाना अपना बीपी और शुगर लेवल की जांच करें। अगर मोटापा बढ़ रहा है तो इसे कंट्रोल करने के लिए एक्सरसाइज करें। नियमित रूप से अपनी दवाएं लें।

**प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन**



## सेब का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक



डॉ. कोमल पटियाल
आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी

**सेब सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। खासकर मोटापा कम करने में भी फायदेमंद साबित हो सकता है। इसे खाने से शरीर की कई समस्याएं दूर होती हैं। सेब में विटामिन-सी फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं जो सेहत के लिए जरूरी होते हैं लेकिन अगर आप सेब को गलत समय पर खाते हैं तो इससे आपको फायदे की जगह नुकसान हो सकते हैं। सेब खाने का सही समय क्या है इसमें समय का चयन जरुरी है। सेब को फलों में बहुत पौष्टिक माना जाता है। कहावत है, अगर आप रोजाना सेब खाते हैं, तो कई बीमारियां आपसे दूर रहती हैं। सेब में फाइबर, विटामिन-ए, विटामिन-सी कैल्शियम, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को कई बीमारियों से बचाते हैं, लेकिन अक्सर लोगों के मन में इस बात को लेकर कन्फ्यूजन रहता है कि आखिर सेब खाने का सही समय कौन-सा है। ऐसे में आज आपको बताएंगे कि किस समय सेब खाने से आपको ज्यादा फायदा हो सकता है और किस समय इसे खाने से सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।**

### सेब किस समय खाना चाहिए

सेब में नेचुरल शुगर और फ्रुक्टोज पाए जाते हैं, इसलिए इसे सुबह खाली पेट खाना ज्यादा फायदेमंद होता है। आप इसे खाने से दिनभर एक्टिव रहेंगे। साथ ही, इसमें फाइबर पाया जाता है। सेब खाने से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है, जिससे वजन कम होने में मदद मिलती है। सेब में मौजूद फाइबर भी पाचन को दुरुस्त रखता है, इसलिए सुबह सेब खाने से कब्ज जैसी समस्या से बच सकते हैं। इसके अलावा इसमें विटामिन-सी, पोटेशियम भी होता है, जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों से छुटकारा मिलता है।

### सेब कब नहीं खाना चाहिए

याद रखें कि सेब को कभी भी रात के समय नहीं खाना चाहिए। इसमें शुगर और फ्रुक्टोज पाया जाता है, जिससे हम एक्टिव तो महसूस करते हैं, लेकिन रात के समय इसे खाने से नींद आने की समस्या होने लगती है। सेब को भोजन के साथ भी नहीं खाना चाहिए। दोनों को एक साथ पचाना मुश्किल हो सकता है। सेब को शाम के समय भी नहीं खाना चाहिए। इससे गैस की समस्या होती है।

**-प्रस्तुति : राजेश शर्मा, ऊना**

## मोटापे से हो सकता गंभीर और जानलेवा बीमारियों का खतरा



**अगर आपको भी यही लगता है कि थुलथुले शरीर की वजह से सिर्फ आपकी फिगर बुरी दिखाई दे रही है, तो आपको अपनी इस गलतफहमी को दूर कर लेना चाहिए। लगातार बढ़ता हुआ वजन कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों को आमंत्रित कर सकता है। इसलिए समय रहते अपने वेट को कंट्रोल करना बेहद जरूरी है। क्या आप जानते हैं कि कौन सी एक्सरसाइज करके आपको जल्द से जल्द अपने शरीर में जमा एक्स्ट्रा चर्बी से छुटकारा मिल सकता है?**

**बढ़ते वजन को कंट्रोल करना बेहद जरूरी, रोजाना करें एक्सरसाइज**



### शुरू कर दीजिए स्विमिंग

**थुलथुले** शरीर से छुटकारा पाने के लिए आपको हर रोज स्विमिंग करना शुरू कर देना चाहिए। स्विमिंग कोर, पैर, ग्लूट्स, कूल्हे और कंधों के लिए काफी अच्छी एक्सरसाइज साबित हो सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आप महज एक घंटे स्विमिंग करके 500 से 700 कैलोरी बर्न कर सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक स्विमिंग आपकी ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकती है।

### दौड़ने से मिलेगा फायदा

**अगर** आप जल्दी कैलोरी बर्न करना चाहते हैं तो आपको अपने डेली रूटीन में रनिंग को शामिल कर लेना चाहिए। जरूरी नहीं है कि आपको ट्रेडमिल पर ही रनिंग करनी है। अपने घर के आसपास किसी भी पार्क में दौड़ लगाकर भी आप मोटापे से छुटकारा पा सकते हैं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए हर रोज कम से कम 20 मिनट जरूर दौड़ लगाएं। हालांकि, आप कुछ मिनटों से रनिंग करने की शुरुआत कर सकते हैं।

### फायदेमंद साबित होगी स्किपिंग

**बचपन** में सभी ने कभी न कभी स्किपिंग जरूर की होगी। क्या आप जानते हैं कि महज 20 मिनट लगातार रस्सी कूदने की आदत को डेवलप कर आप एक ही बार में लगभग 200 कैलोरी बर्न कर सकते हैं? फैट बर्न करने के लिए स्किपिंग जैसी एक्सरसाइज काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकती है।

# 76 करोड़ से होगा 9 सड़कों का कायाकल्प

## कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने चेलियां से खब्बल सड़क के स्तरोन्नयन कार्य का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जवाली**

सड़कें पहाड़ी क्षेत्र के विकास और आर्थिक समृद्धि की भाग्य रेखाएं होती हैं और प्रदेश सरकार राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए युद्ध स्तर पर सड़कों का निर्माण व उन्नयन कार्य कर रही है। कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र की चेलियां से खब्बल सड़क के स्तरोन्नयन कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत कहा कि पीएमजीएसवाई-3 के तहत जवाली में 76 करोड़ रुपए की लागत से 71 किलोमीटर लंबी 9 सड़कों का अपग्रेडेशन कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कों की बेहतर गुणवत्ता रखने के लिए फुल डेप्थ रेक्लेमशन (एफडीआर) तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। कांगड़ा जोन में एफडीआर तकनीक से बनने वाली यह पहली सड़क है और इसी तकनीक से बाकी सड़कों का भी निर्माण कार्य किया जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा कि एफडीआर तकनीक से पर्यावरण संरक्षण के साथ पैसों की बचत भी होगी और





**मंत्री बोले, कांगड़ा जोन में एफडीआर तकनीक से बनने वाली पहली सड़क**

उच्च गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सड़को के बेहतर रखरखाव के साथ नई सड़कों के निर्माण व उन्नयन कार्य में गुणवत्ता पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए वे प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि नई सड़कों-पुलों के निर्माण तथा पुरानी सड़कों के बेहतर रखरखाव व स्तरोन्नयन कार्य के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। प्रो. चंद्र कुमार ने सड़क बनाने वाली कंपनी को गुणवत्ता के उच्च मानक बनाए रखने के साथ निर्धारित समय सीमा में सड़क कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मोहिंद्र धीमान, अधिशासी अभियंता मनोहर शर्मा, अधिशासी अभियंता गुणवत्ता ललित जरियाल, एसडीओ अंकित चौधरी, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शुभम लाहड़ सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### इन सड़कों का होगा उन्नयन कार्य

**कृषि** मंत्री ने बताया कि पीएमजीएसवाई-3 के तहत जवाली में 9 सड़कों का अपग्रेडेशन कार्य किया जाएगा। इनमें 5.5 किलोमीटर लंबी करडीयाल से फारियां रोड, 10 किलोमीटर लंबी चेलियां से खब्बल सड़क, 5.5 किलोमीटर जवाली-सुनेड-ठंगर-फारियां रोड, 7.5 किलोमीटर लंबी कैहरियां तहलियां-कुठेड़ सड़क, 8.5 किलोमीटर लंबी कथोली वनतुंगली वाया ओल्ड बासा लिंक रोड, 6.3 किलोमीटर लंबी ताहलियां से हरियां रोड, 9.5 किलोमीटर लंबी दुराना-सिरमनी-सिहुनी सड़क, 7 किलोमीटर घाड़ जरोट-परगोड़ सड़क तथा 12 किलोमीटर लंबी देहर खड्ड पुल से बंडेरू तक की सड़क का उन्नयन कार्य किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### धूप खिलते ही खेतों में काम में जुटे लोग



**अनंत ज्ञान, जवाली।** बरसात के मौसम के खत्म होने की संभावना को लेकर जवाली क्षेत्र में मक्की के छिलके निकालने का काम शुरू हो गया है। धौलाधार की तलहटी में बसा कांगड़ा जिला का कुछ क्षेत्र जहां अब ठंड की शुरुआत महसूस कर रहा है तो जवाली, नूरपुर, डमटाल तथा फतेहपुर आदि पंजाब के सीमांत क्षेत्र पंजाब सी आबोहवा साझी करते हैं। ऐसे में यहां के लोगों ने मक्की के भुट्टे छिलकों समेत सूखा लिए हैं तथा अब दाने निकलने के लिए छिलके निकालने लगे हैं। इस तरह से परिवार या गांव के लोगों के साथ मिलकर इस काम को सामूहिक रूप से अंजाम देने का काम यहां की परंपरा रही है। हालांकि अब लोग पारंपरिक खेती से बंदरों तथा बेसहारा पशुओं जैसे कारणों से विमुख हुए हैं। बावजूद इसके ग्रामीण अंचलों में अब भी ऐसे कृषि कार्यों को परिवार या पड़ोस के सदस्य मिल कर करते हैं।

### बिलासपुर स्कूल में मनाया विश्व हृदय दिवस



**अनंत ज्ञान, जवाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर में शनिवार को विश्व हृदय दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य शीला देवी ने की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद, नई दिशा केंद्र काउंसलर कृष्ण कुमार, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सोनिया देवी, सी एच ओ रुचिका चौधरी उपस्थित रहे स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद ने बताया कि विश्व हृदय दिवस हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है इस दिवस को मनाने के पीछे का मकसद लोगों को हार्ट के प्रति जागरूक करके हार्ट से जुड़ी बीमारियों को रोकना है। आजकल दूषित खान-पान एक्सरसाइज की कमी और खराब जीवनशैली फॉलो करने के चलते लोगों में हार्ट से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ने लगी हैं। इसके सबसे ज्यादा शिकार आज के समय में युवा हो रहे हैं। आजकल हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हार्ट फेलियर के चलते लाखों लोगों की जान जा रही है। हर साल 29 सितंबर को देश-विदेश में विश्व हार्ट दिवस मनाया जाता है। इसे मनाने के पीछे का मकसद लोगों को हार्ट के प्रति जागरूक करके हार्ट से जुड़ी बीमारियों को रोकना है।

### तियारा में जांचा 36 महिलाओं का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, गगल।** जागोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट ने ग्राम पंचायत तियारा में एक स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर की जानकारी देते हुए जागोरी संस्था के कार्यकर्ता आजाद ने बताया कि शिविर में 36 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर में उपस्थित डॉक्टर कुसम ने महिलाओं और किशोरियों के हिमोग्लोबिन स्तर, रक्तचाप (बीपी), और शुगर की निशुल्क जांच की।स्वास्थ्य जांच के बाद, डॉक्टर कुसम ने उपस्थित लोगों को उच्च रक्तचाप के कारणों, लक्षणों और इसके गंभीर परिणामों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक उच्च रक्तचाप बने रहने से हृदय रोग, स्ट्रोक और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसके बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं को जोड़ों के दर्द और सर्वाइकल दर्द को ठीक करने के लिए व्यायाम के महत्व पर भी चर्चा की गई। डॉक्टर कुसम ने कुछ सरल व्यायाम की तकनीकें साझा कीं, जो घर पर आसानी से की जा सकती हैं और जोड़ों के दर्द को कम करने में सहायक हो सकती हैं। इस स्वास्थ्य शिविर में जगोरी ट्रस्ट की कार्यकर्ता आशा, अंजू, कृतिका और रीना ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

### 141 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत चरस समेत एक युवक को गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना मैक्लोडगंज की टीम जब नड्डी से बल्ह नाला की तरफ गश्त पर थी तो नड्डी निवासी प्रवीन कुमार पुलिस टीम को देखकर घबरा गया। शक के आधार पर उसकी तलाशी में 141 ग्राम चरस बरामद की गई । इस संदर्भ मे एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 -61-85 के तहत पुलिस थाना मैक्लोडगंज में दर्ज किया गया है। पुलिस थाना मैक्लोडगंज के एसएचओ सुरेंद्र ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

## हैप्पी बर्थडे



धलूं गांव की सृष्टि चौधरी को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



बिंद्रावन के असीम धीमान आशु एवं संयोगिता को शादी की 25वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



बाथू गांव के विजय राणा व रीना देवी को शादी की 27वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# डॉ. प्रवीण शर्मा को दो वर्ष के लिए ट्रस्ट का अध्यक्ष बनाया



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

भारत विकास परिषद बैजनाथ पपरोला चैरिटेबल ट्रस्ट के न्यासी मंडल की बैठक रविवार को ठारू में ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संजय सोनी, देशराज ठाकुर, प्रीतम भारती, डॉक्टर वीरेंद्र कौल, अनुज कुमार आचार्य, हरीश अरोड़ा, मनोज रतन, सुशील शर्मा, मुल्खराज शर्मा, युद्धवीर राणा, डॉक्टर प्रवीण शर्मा और पंकज जिंदल। बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. प्रवीण शर्मा, मुल्ख राज शर्मा और यूएस राणा को नया ट्रस्टी चुना गया, जबकि डॉ. प्रवीण शर्मा को अगले 2 वर्षों के लिए ट्रस्ट का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष होने के नाते डॉ. प्रवीण शर्मा को ट्रस्ट के ट्रस्टियों में से ट्रस्ट के मानद सचिव और मानद कोषाध्यक्ष को नामित करने का अधिकार होगा।

# नूरपुर पुलिस ने दबोचे तीन चोरियों के आरोपी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

पिछले कुछ माह से चोरी की घटनाओं में संलिप्त चोरों के खिलाफ जिला पुलिस नूरपुर ने कार्रवाई की है। 16 सितंबर को सदवां में एक मोबाइल टावर से आरपीयू चोरी की घटना के बाद थाना नूरपुर में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने घटनास्थल पर कॉल ट्रेसिंग तकनीक का उपयोग करके चोरों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान शिव कुमार, प्रीतम और शाहिल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद किया है, जो इस मामले में उनके संलिप्तता को स्पष्ट करता है।



दूसरे मामले में चोरों ने 24 सितंबर को गंगथ स्थित फतू दा बाग मोबाइल टावर से आरपीयू चोरी किया था, जिसमें थाना नूरपुर में केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने मौका पर कॉल विवरण को खंगालने पर साहिल को गिरफ्तार किया है तथा सामान भी बरामद कर लिया है।

तीसरे मामले में 17 सितंबर को मोबाइल टावर पृथीपुर गंगथ से 17 बैटरियां चोरी हो गई थीं, जिस पर पुलिस थाना नूरपुर में केस दर्ज किया था। कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने जितेंद्र को गिरफ्तार किया है तथा चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी से सख्ती से पूछताछ की जाएगी।

### धीरा और कुहाना में कल पावर कट

**डरोह।** 11केवी धीरा फीडर की मरम्मत व उचित रखरखाव हेतु 1 अक्तूबर को विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों धीरा, कुहाना, नौरा, डईं और गांव रक्कड़ में सुबह 9:30 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी तथा खराब मौसम होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### बालकरूपी में 44 लोगों ने किया रक्तदान




**अनंत ज्ञान, बालकरूपी।** युवा क्लब हार व धार तथा ग्राम पंचायत बालकरूपी की तरफ से बाबा बालकरूपी मंदिर परिसर में रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। रक्तदान कैंप के दौरान 44 लोगों ने रक्तदान किया। पंचायत प्रधान सुनील चौधरी, अमित, मनीष वालिया, सौरव, बलवीर सिंह, अभय मेहरा, मनमोहन सिंह ने रक्तदान कैंप को सफल बनाने में सहयोग दिया। रक्तदानियों को क्लब की तरफ से रिफ्रेशमेंट दी गई।

### 82 ग्राम चरस समेत तस्कर गिरफ्तार

**बैजनाथ।** बैजनाथ पुलिस ने रविवार सुबह भट्टू के समीप थाना प्रभारी मुनीष कुमार की अगुवाई में बीड़ कोटली के एक व्यक्ति से 82 ग्राम चरस बरामद की। थाना प्रभारी मुनीष कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति के बारे में पुलिस को पहले ही सूचना मिल चुकी थी कि वह नशे की खेप लेकर कहीं पहुंचाने की फिराक में है। लिहाजा पुलिस ने नाका लगाकर उक्त व्यक्ति को काबू किया और मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि आने वाले दिनों में पुलिस सघन अभियान चलाकर नशे के सौदागर के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करेगी और किसी भी सूरत में यहां नशे का कारोबार फलने फूलने नहीं दिया जाएगा।

# कांगड़ा वैली कार्निवल के नाम पर की जा रही उगाही : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की आर्थिक हालातों पर रोने के बीच अब अली बाबा और उनके 40 चोरों के खजाने का राज जनता के समक्ष आने लग पड़ा है। पिछले डेढ़ वर्षों से लगातार बजट का रोना रोने वाली कांग्रेस सरकार ने रातों-रात कहां से खजाना खोज लिया या उगाही कर ली है। अब प्रदेश सरकार को इस विषय को लेकर जनता के साथ स्थिति स्पष्ट करनी होगी। हिमाचल प्रदेश के पूर्व विधानसनभा अध्यक्ष, भाजपा कांगड़ा-चंबा प्रभारी एवं सुलह विधानसभा के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश में सरकार की ओर से कार्निवल सहित अन्य क्षेत्रों में कार्यक्रम करवाए जाने के नाम पर उगाही का खेल शुरू कर दिया गया है। पूर्व विस अध्यक्ष ने कहा कि मैदानों को कमर्शियल रूप से आवंटित करके करोड़ों की राशि पहले ही प्राप्त कर ली जा रही है, जबकि इसके बाद विभागों, संस्थाओं, संस्थानों सहित जनता से हर तरफ से उगाही की जा रही है। जबकि गुपचुप तरीके से रात के अंधेरे में पैसों को लूटाने का खेल खेला जा रहा है। परमार ने कहा कि हिमाचली कलाकारों को मौका देने की बजाय बाहरी कलाकारों, जिनके नाम ही लोगों ने कम सुने हैं, उन्हें पैसा लुटाया जा रहा है। ऊना में आधे घंटे में ही 10 लाख रुपए फूंक डाले हैं, जबकि लगातार इस तरह का खेल चल रहा है। ऐसे में अब जनता में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है, जिसका खामियाजा प्रदेश सरकार को भुगतना पड़ेगा। भाजपा नेता विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश सरकार धर्मशाला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के नाम पर बिना बजट कांगड़ा वैली कार्निवल का आयोजन कर रही है। लेकिन अब प्रदेश सरकार के मगरमच्छ के गड़ियाली आसूंओं से पूरी तरह से पर्दा खुल गया है। एक तरफ मीडिया में पेंशनर्स को पेंशन नौ तारीख को देने का लालीपॉप दिया जा रहा है, तो दूसरी ओर पंचायतों से उगाही हो रही है। अगर सरकार के पास इस आयोजन के लिए बजट ही नहीं है, तो इसका आयोजन जरूरी भी नहीं है। कार्निवल के आयोजन के लिए पंचायतों से पैसा वसूलना ग्रामीणों का हक छीनना है।



# कुलभाष चौधरी ने अब्दुल्लापुर में किया हैंड पंप का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी के अब्दुल्लापुर में विद्युत चलित हैंड पंप का उद्घाटन करने पहुंचने पर गांव की प्रधान सपना देवी व अन्य प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर गांव की प्रधान ने चौधरी के समक्ष दो रास्तों को ठीक करवाने व सोलर लाइटों की समस्या उनके सम्मुख रखी। कुलभाष चौधरी ने कहा कि जल्द से जल्द इन रास्तों को भी ठीक करवाया जाएगा साथ ही उन्होंने 7 सोलर लाइट लगाने का आश्वासन भी गांववासियों को दिया। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों से कांगड़ा का विकास थम गया है, जो कांगड़ा के लिए चिंता का विषय है।



उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव हुए तो सत्ता पक्ष का विधायक कांगड़ा में नहीं आया यही कारण है कि कांगड़ा का विकास नहीं हो पाया। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान सपना देवी, बीडीसी मेंबर बबली देवी, पूर्व पंचायत प्रधान संजय कांच, प्रवीण शर्मा, ट्विंकल वार्ड मेंबर, रमन सुमन आदि उपस्थित रहे।

**जिला परिषद सदस्य ने सात सोलर लाइटें लगाने का भी दिया आश्वासन**

# 'कांगड़ा वैली कार्निवल' जैसे आयोजनों से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा: चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा वैली कार्निवल की पहली सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करने के बाद प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि जिला कांगड़ा को पर्यटन की दृष्टि से देश के सर्वोत्तम स्थलों में से एक बनाने के लक्ष्य को साधने के लिए सरकार नए आयामों पर कार्य कर रही है। इसी के चलते 'कांगड़ा वैली कार्निवल' जैसे वाइब्रेंट आयोजन पर्यटन की संभावनाओं को यहां विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवल के आयोजन से पर्यटन राजधानी कांगड़ा में कला, संस्कृति और कौशल के मंचन और प्रदर्शन से जुड़े कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र में पर्यटन विकास को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवल प्रदेश के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों से यहां घूमने आए पर्यटकों के मन पर भी एक अमिट छाप छोड़ेगा।

# कुलथी में अंडरपास बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दिए निर्देश : काजल

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

विधायक पवन काजल ने कहा भंगवार से कछियारी तक निर्माणधीन फोरलेन के अंतर्गत कुलथी गांव को जोड़ने के लिए अंडरपास रोड बनाने के निर्देश केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने विभाग के अधिकारियों को जारी किए हैं। काजल ने कहा फोरलेन का निर्माण होने से कुलथी गांव के लिए कोई भी संपर्क मार्ग नहीं रहा है, जिससे सैकड़ों ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बीते महीने उन्होंने दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से निर्माणधीन फोरलेन के अंतर्गत तकीपुर अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय डिग्री कॉलेज के पास फुट ओवर ब्रिज बनाने, कंडी रोड सुननी अंडरपास नंबर 184 में सर्विस लेन का निर्माण करने, पलवाना में अंडर पाथ सर्विस लेन, तरसुह में फुट ओवरब्रिज बनाने की मांगें रखी थीं। रविवार को कुलथी से पूर्व प्रधान कौशल्या देवी की अध्यक्षता में आए प्रतिनिधिमंडल साथ चर्चा करते हुए विधायक पवन काजल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने मांग पत्र को पूरा करने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को फौरन निर्माण से ग्रामीणों को आ रही दिक्कतों का शीघ्र निवारण करने के आदेश जारी किए हैं और इस संबंधी पत्र उन्हें भी केंद्रीय मंत्री कार्यालय से प्राप्त हुआ है। प्रतिनिधिमंडल में मोहन लाल, शिवानी, सुषमा, राम प्यारी, दक्ष, रतन चंद सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)



**एयरपोर्ट विस्तार**

### विस्थापन को लेकर ग्रामीण मुखर तो सरकारी तंत्र औपचारिकताओं को पूरा करने में जुटा

# विस्तारीकरण और विस्थापन के बीच एक माह की मोहलत

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

विस्थापन को लेकर ग्रामीण मुखर हैं तो वहीं सरकारी तंत्र औपचारिकताओं को पूरा करने में जुटा है। पर्यटन विकास में मील पत्थर साबित होने के नाम पर जनता विस्थापन से नाखुश हैं तो दूसरी तरफ देर सवेर विस्तारीकरण की जरूरत के चलते सरकार भी इस काम को पूरा करना चाहती है। हालांकि मामला प्रदेश उच्च न्यायालय में है।

कांगड़ा को टूरिज्म कैपिटल बनाने में महत्वकांक्षी एयरपोर्ट विस्तार प्रोजेक्ट को लेकर अब औपचारिकताएं पूरी होती जा रही हैं। एयरपोर्ट के विस्तार के लिए की नोटिफिकेशन 21 के बाद लोगों से आपत्तियां ली जा रही हैं। इसके



लिए प्रभावितों को एक महीने का समय दिया गया है। प्रभावितों का अपना पक्ष रखने के लिए तिथियों की घोषणा कर दी है। जिस राजस्व मुहाल की सुनवाई हो जाएगी, उस क्षेत्र का अवॉर्ड बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार राजस्व मुहाल जुगहेड़ के प्रभावित 18 अक्तूबर, भाड़ोट के लोग 19 को, कियोरी के 21, रछियालू के 22, सनौरा के 24, गगल के 26, ढुगयारी खास के 29 अक्तूबर को अपनी समस्याएं रख सकते हैं। वहीं, बाग के निवासी 4 नवंबर, बरसवालकर के 5, मुंगरेर के 6, सहोड़ा के 7, झिकली इच्छी के 8 और बल्ला के मुहाल के लोग 11 नवंबर को अपना पक्ष प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। इसके बाद गग्गल एयरपोर्ट से प्रभावित होने वाले परिवारों के मुआवजा राशि बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि अक्तूबर में अवार्ड बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा और उसके बाद प्रभावितों को मुआवजा राशि जारी कर एयरपोर्ट विस्तार का काम शुरू कर दिया जाएगा। गौर हो कि जिला प्रशासन ने अधिग्रहित होने वाली भूमि के मालिकों को आरएफसीटीएलए एंड आरआर एक्ट (राइट टू फेयर कंपनसेशन एंड ट्रांसपेरेंसी इन लैंड एक्यूजिशन रिहेबिलिटेशन एंड रिसेटलमेंट एक्ट-2013) की धारा 21 (1) के तहत आखिरी नोटिस भेज दिए हैं।

बता दें कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत कांगड़ा और शाहपुर उपमंडल के कुल 3,566 भू-मालिक प्रभावित हो रहे हैं। अधिग्रहित होने वाली कुल भूमि में उपमंडल कांगड़ा के 2,164, जबकि शाहपुर उपमंडल के अंतर्गत कुल खसरा संख्या 874 है। कुल 3,191 कनाल भूमि का अधिग्रहण होना है। जिला प्रशासन ने विस्तारीकरण की जद में आने वाले कुल 14 गांवों के इन भू-मालिकों को अपना पक्ष रखने के लिए तिथिवार शेड्यूल भी जारी कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं उपायुक्त हेमराज बैरवा

**उपायुक्त** कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारा जाएगा। भू-मालिकों को आखिरी नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अगर किसी को ऐसा लगता है कि उनका खसरा नंबर गलत है या उनकी जमीन ज्यादा या कम है तो वह अपना पक्ष रख सकता है। जैसे-जैसे सुनवाई होती जाएगी, अवॉर्ड बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। पर्यटन की दृष्टि से गग्गल एयरपोर्ट का विस्तार मील का पत्थर साबित होगा। इससे स्थानीय लोगों के लिए परोक्ष और अपरोक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवियों ने सीखी योग गतिविधियां

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला चौरी मे चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर मे शशि कुमार प्रवक्ता फिजिकल एजुकेशन ने स्वयंसेवियों को दैनिक दिनचर्या और योग जैसी गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। आज के दिन मे स्वयंसेवियों ने योगा एक्सरसाइज, मार्च पास्ट व दैनिक प्रोजेक्ट वर्क मे भाग लिया। यह सब गतिविधियां कार्यक्रम अधिकारी कुलभूषण और मीना शर्मा की देख-रेख मे आयोजित की गई। कार्यक्रम अधिकारी कुलभूषण ने बताया कि इस कार्यक्रम मे एसएमसी के अध्यक्ष रमेश चंद भी अहम भूमिका निभा रहे है।




### आयुर्वेदिक अस्पताल में चलाया सफाई अभियान



**अनंत ज्ञान हमीरपुर।** संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के सौजन्य से संत निरंकारी मंडल ब्रांच हमीरपुर की साधसंगत ने जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में रविवार सुबह के समय सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान की शुरुआत महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष वंदना योगी ने की। संत निरंकारी मंडल ब्रांच हमीरपुर के पदाधिकारियों ने बंदना योगी का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसके उपरांत आयुर्वेदिक अस्पताल के पूरे परिसर की साफ-सफाई की गई। परिसर के इर्द-गिर्द बरसात में उगे घास इत्यादि को जहां काटा गया। वहीं परिसर में झाडू चलाकर कैंपस को साफ-सुथरा कर दिया है, जो कि देखने में भी अब काफी सुंदर लग रहा है। सभी लोगों ने सफाई अभियान में जमकर श्रमदान किया। इस दौरान संयोजक विनोद शर्मा, राजेश ठाकुर, मदन लाल शर्मा, कश्मीर सिंह, बत्तन सिंह, संजय, सतपाल, प्रमोद कुमार, यादव, सुरेश कुमार सहित करीब सैंकड़ों साधसंगत ने सफाई अभियान में अपना विशेष योगदान दिया।

### बलोह में मनाया बेटी जन्मोत्सव व अन्नप्राशन



**अनंत ज्ञान, टौणीदेवी।** आईसीडीएस टौणी देवी के सौजन्य से वृत्त बराड़ा की पंचायत बलोह में बेटी जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें पंचायत की नन्ही-नन्ही बच्चियों की माताओं को मुख्यातिथि के रूप में बुलाया गया था। बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने उनको प्रशस्ति पत्र, बधाई संदेश व उपहार देकर सम्मानित किया और कहा कि बेटियां हमारे घर की रोनकें हैं। आज की बेटी कल की माता है, अतः इनके पालन-पोषण व शिक्षा में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। प्रधान ने भी बेटियों की माताओं करिश्मा, रुचि, प्रियंका ठाकुर, मीरा देवी व मंजू देवी के हाथों द्वारा बेटी जन्मोत्सव अवसर पर केक कटवाया और बधाई दी। शिखा के बेटे का अन्नप्राशन भी करवाया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक किरण कौंडल, राजेश राणा, सुनीता, लीला देवी, कुशमा कुमारी, अनिता देवी, रंजना आदि उपस्थित रहीं।

### गोशाला धाम ब्ल्यूट में प्रतिभाशाली छात्र सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के मार्ग-दर्शन में समाजसेवी संस्था 'प्रयास' ने गोशाला धाम ब्ल्यूट में प्रतिभाशाली छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें संजीवनी चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन बलदेव धीमान मुख्यातिथि और भारत के राष्ट्रपति द्वारा हॉकी के क्षेत्र में द्रोणाचार्य अवार्ड से नवाजे रमेश सिंह पठानिया ने बतौर वशिष्ट अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च 2024 में मैट्रिक और जमा दो की परीक्षा में आसपास के स्कूलों में टॉप करने वाले 23 होनहार विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह में एक ग्यारह वर्षीय छात्रा गौरांशी ढटवालिया द्वारा लिखी पुस्तक 'एंजल विथआउट विंग्स' का विमोचन किया गया। संस्था द्वारा इस अवसर पर 90 हजार रुपए की आर्थिक सहायता अपंग, असहाय, अति निर्धन लोगों में बांटी गई। संस्था की गतिविधियों से प्रभावित होकर अशोक शर्मा और श्यामा शर्मा ने इस कि सदस्यता ग्रहण की। यह जानकारी महासचिव डॉ. तिलकराज शर्मा ने दी है।

### खैर की लकड़ी से भरा ट्राला पकड़ा, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पुलिस ने खैर की लकड़ी से भरे ट्राले को पकड़ने में सफलता हासिल की है, लेकिन ड्राइवर भागने में कामयाब हो गया। यह मामला अरेंज अफसर सुरेश कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया है कि बीते रोज जब वह विभागीय गस्त पर थे तो टिक जीवन के पास शाम के तकरीबन 6.30 बजे एक ट्राले को पकड़ा गया, जिसमें 38 खैर के मौछे भरे हुए थे। छानबीन शुरू की तो ड्राइवर ने कोई भी कागजात नहीं दिखाए और वह मौके से भाग गया, लेकिन ट्राले को कब्जे में ले लिया है। इस मामले में पुलिस थाना नादौन में एफआईआर दर्ज करवाई गइ है।

# नई लुक में दिखेगा टाउन हॉल हमीरपुर

## पुराने रेट्स पर ही मिलेंगी ज्यादा सुविधाएं, भीतरी और भारी ढांचे में हो रहा सुधार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

हमीरपुर शहर के मध्य में स्थित टाउन हॉल अब नई लुक में दिखेगा। किसके भीतरी और बाहरी ढांचे में कई नई सुविधाएं जोड़कर सुधार हो रहा है। यूं कह लीजिए, मुकम्मल तौर पर इसकी काया पलट रही है। विवाह शादियों और अन्य कार्यक्रमों के लिए जो लोग इसका उपयोग करते हैं। उन्हें अब अलग तरह की नई आधुनिक सुविधाएं हासिल होंगी। छत से पानी भी नहीं टपकेगा और भीतर में कई ऐसी चीजें जोड़ी जा रही हैं, जिससे यह और सुंदर दिखेगा।

**मुख्य स्टेज में हो रहा बदलाव:** टाउन हॉल के भीतर मुखिया स्टेज पर कई तरह के बदलाव हो रहे हैं बाहर जाने का रास्ता भी बदल गया है। स्टेज पर आने जाने के लिए सीडीओ की व्यवस्था भी अब नए सिरे से हो रही है। भीतर से बाहर के लिए कई दरवाजे भी अब और खुले करके शीशे के दरवाजे लगाए जा रहे हैं। कुछ दरवाजों को बंद किया जा रहा है ताकि भीतर में व्यवस्था और अच्छी हो सके। सनलाइट या बाहर की रोशनी हाल के भीतर सीधे अपना दर्शन दे, इसके लिए भी नई व्यवस्था की गई है। (अनंत ज्ञान)



### बाहर बनाया जा रहा शौचालय

**हाल** के भीतर शौचालय की समस्या के समाधान के लिए दाईं ओर एक शौचालय का भी निर्माण किया जा रहा है, ताकि ज्यादा तादाद में लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े और यह सुविधा बाहरी माहौल में ही उन्हें मिल सके। किसके अलावा कार्यक्रमों के लिए खाना बनाने के लिए मौजूदा रसोई व्यवस्था को भी सुविधाजनक और बेहतर ढांचे में बदला जा रहा है, ताकि बारिश हो या फिर और कोई खराब मौसम, कार्यक्रम करवाने वालों के लिए अच्छी सुविधा मिल सके।

### बाहरी ढांचे में विस्तार की गुंजाइश

**टाउन** हॉल के एक तरफ के ढांचे में जहां ऑफिस हैं। उनमें भी कुछ परिवर्तन किया जा रहा है। बाहर की खाली जगह के विस्तार के लिए भी बुनियाद बना दी गई है। इसमें भी अगले साल से बनने वाले नगर निगम के पहले पड़ाव के लिए कार्यालय को नई शेप में बदलने की दशा दिशा में बुनियादी काम शुरू हो चुका है, ताकि ऐन मौके पर पेश आने वाली दिक्कतों से निपटारा अभी से कर लिया जाए।

### एक माह बाद नई लुक में दिखेगा : ईओ

**नगर** परिषद के ईओ अजमेर ठाकुर का कहना है कि भीतरी व्यवस्था के ढांचे में बेहतर सुधार की गुंजाइश को लेकर ही काम शुरू किया गया है। लगभग एक महीने के बाद यह टाउन हॉल नई लुक में सामने आ जाएगा। लोगों को यहां जिनके कार्यक्रम होंगे, उन्हें अलग तरह की सुविधा बेहतर ढांचे में उपलब्ध होंगी।

# बस्सी-तताहर सड़क का जल्द हो विस्तारीकरण का कार्य पूरा

**अनंत ज्ञान , भरेड़ी**



उपमंडल भोरंज के तहत लोक निमार्ण विभाग भोरंज मंडल के अंतगर्त आने वाली बस्सी से तताहर वाया भरेड़ी सड़क का विस्तारीकरण का कार्य चल हुआ है, लेकिन वेलग के पास तीन पुलियों का निर्माण कार्य धीमी गति से चल हुआ था, जिसे ठेकेदार ने सड़क को उखाड़ कर किनारे से वैकल्पिक सड़क बनाई जहां पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। जिससे वाहन चालक बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं और यह सड़क दुघर्टना को न्यौता दे रही हैं। इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। लोक निमार्ण विभाग के अधिकारी सड़क की खराब दशा को सुधारने की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त हैं। ग्रामीणों में विजय, यशवंत, कुलदीप चंद, दीप चंद, लेख राज शर्मा, धर्म चंद, प्रकाश चंद, ब्रहम दास भारद्वाज, धर्म चंद आदि ने बताया कि सड़क की इतनी हालत खस्ता है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जल्द सड़क पर डंगे व पुलियों के निर्माण के साथ सड़क विस्तारीकरण का कार्य पूरा किया जाए।

# टूरिज्म होटल में विशेष वर्ग की रियायत सुविधा सरकार ने ली वापस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**आर्थिक हवाला देकर अधिसूचना की जारी**

हिमाचल राज्य पर्यटन निगम के होटल में मिलने वाली विशेष वर्ग की रियलिटी सुविधाएं बंद कर दी गई हैं यह सुविधा लंबे समय से जारी थी और इसमें इन विशिष्ट वर्गों को 25 फीसदी की रियायत खानपान पर दी जाती थी। यह सुविधा अब तुरंत प्रभाव से खत्म कर दी गई है। निगम के एमडी राजीव कुमार के हवाले से जारी अधिसूचना में आर्थिक तंगी का हवाला दिया गया है।

अधिसूचना 13 सितंबर को जारी की गई है, लेकिन अब इसे अमलजामा पहना जाने का सिलसिला शुरू हो गया है, क्योंकि यह आदेश निगम के तमाम होटल और अन्य उपक्रमों में पहुंच गए हैं। निगम के होटलों में सुरक्षा बलों (तीनों सेनाओं) में कार्यरत तथा सेवानिवृत्ति अधिकारियों-कर्मचारियों जो सूबे के स्थायी निवासी हों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों को यह सुविधा दी गई थी। रूम रेंट पर भी मिलने वाले डिस्काउंट को लेकर भी यह आदेश अब लागू होंगे।

गौरतलब है कि निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अभी उनकी ग्रेच्युटी और अन्य कई तरह के भत्ते भी पेंडिंग चल रहे हैं। उम्मीद यही है कि अब इस नई व्यवस्था से निगम की आय में और वृद्धि होगी। लेकिन क्या सचमुच इससे सेवानिवृत कर्मचारियों को लाभ मिल पाएगा? इस पर अभी सवाल हैं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में स्टेट लेवल टूर्नामेंट शुरू

**हमीरपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर द्वारा आयोजित डीएवी स्टेट लेवल टूर्नामेंट लड़के और लड़कियों की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का शुभारंभ अनु सिंथेटिक ट्रैक में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि एआरओ एचपी जोन-सी व स्टेट स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर केएस गुलेरिया विशेष उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का शुभारंभ मशाल जलाकर और खिलाड़ियों द्वारा मुख्यातिथि को मार्च-पास्ट की सलामी देकर हुआ।

इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग भांगड़ा और समूह गान प्रस्तुत किया। टूर्नामेंट में विशेष अतिथियों में गेस्ट ऑफ ऑनर नमित कुमार शर्मा एआरओ एचपी जोन-एफ प्रिंसिपल डीएवी अंबोटा, टूर्नामेंट ऑब्जर्वर डॉ. बिक्रम सिंह एआरओ व प्रिंसिपल डीएवी आलमपुर, प्रिं विनोद शर्मा डीएवी घुमारवीं आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियां छात्र जीवन में सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

1500 मीटर अंडर-17 लड़कों की दौड़ में प्रथम तन्मय शर्मा क्लस्टर दो, द्वितीय आदित्य राज सिंह क्लस्टर एक, तृतीय वैदिक थापा क्लस्टर 4 रहे । 1500 मीटर अंडर-17 लड़कियों की दौड़ में प्रथम रितिका क्लस्टर 4, द्वितीय पलक क्लस्टर 6, तृतीय पल्लवी ठाकुर क्लस्टर तीन रहीं। इसके अलावा अन्य खेलों में भी लड़के-लड़कियों ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया।

# सीनियर सिटीजन काउंसिल ने सात कन्याओं की शादी के लिए दिया धाम का राशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर पिछले कई वर्षों से मानवता की सेवा दिन रात कार्य कर रही है। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर अस्पताल में तीन समय का निशुल्क भोजन तो उपलब्ध करवा रही है। साथ गरीब मरीजों को निशुल्क दवाइयां और गरीब बच्चों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता भी दे रही है।

इसी क्रम में रविवार को सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर ने जिला के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही गरीब लड़कियों की शादी के धाम का उपलब्ध करवाया साथ ही सभी को 2100 रुपए शगुन भी दिया। संस्था के प्रधान विजय कुमार पुरी ने बताया कि लड़कियों की शादी के लिए सहायता के प्रार्थनापत्र आए थे। संस्था ने सभी को धाम का राशन और 2100 रुपए शगुन के तौर पर दिए हैं। उन्होंने बताया कि संस्था आगे भी गरीब लोगों की मदद के इसी प्रकार से सहायता करती रहेगी। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रधान विजय कुमार पुरी, मुख्य सलाहकार भगवान दास शास्त्री, वित्त सचिव कुलदीप कमल उपस्थित रहे।



नगर परिषद उपचुनाव जीतने के बाद भाजपा प्रत्याशी नीरजा ठाकुर समर्थकों के साथ।

# सुजानपुर नगर परिषद उपचुनाव में भाजपा की नीरजा ठाकुर विजयी

**ए कुमार, सुजानपुर**

हमीरपुर जिला के सुजानपुर में कांग्रेस को जोरदार झटका लगा है। नगर परिषद के वार्ड नंबर 7 के उपचुनाव में भाजपा की नीरजा ठाकुर विजयी रही हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी सुमन अटवाल को 93 मतों से हराया। नीरजा ठाकुर को 276, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी सुमन अटवाल को 183 मत पड़े। एक वोट श्रवण को पड़ा, जिन्होंने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अपना नामांकन वापस ले लिया था। इसके अलावा नोटा को 3 वोट पड़े।

इससे पहले सुबह 8 बजे से 4 बजे तक मतदान हुआ मतदान के बाद तुरंत ही वोटों की गिनती हुई। जिसमें भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस प्रत्याशी को हराया। वार्ड नंबर 7 में कुल 637 वोटर थे, जिनमें 463 ने अपने मत का प्रयोग किया, जिसमें पुरुष वोटरों की संख्या 229, जबकि महिला वोटरों की संख्या 234 रही। सुजानपुर विस में ही जिला परिषद के बीड़ बगेहड़ वार्ड की खाली सीट के लिए भी मतदान हुआ। इसका परिणाम 30 सितंबर को घोषित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

**वार्ड** नंबर 7 से कांग्रेस प्रत्याशी की हार कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका मानी जा रही है। यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी सुमन पहले भाजपा में थी तथा राजेंद्र राणा की खास समर्थक थी, लेकिन उनका टिकट न मिलने के चलते वह कांग्रेस में शामिल हुई तथा वहां पर उन्होंने कांग्रेस का टिकट हासिल किया। वार्ड नंबर 7 का उपचुनाव यहां से भाजपा पार्षद रहे पवन कुमार के निधन के चलते खाली हुआ था। इस जीत-हार से नगर परिषद में कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन कांग्रेस के लिए यह एक झटका माना जा रहा है।

# फ्री मेगा मेडिकल कैंप में 800 से ज्यादा रोगियों ने उठाया लाभ

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



मरीज को चेक करते हुए डॉक्टर।

सर्व कल्याणकारी संस्था ने टौणी देवी के सिविल अस्पताल में रविवार को आयोजित 44वें फ्री मेगा मेडिकल कैंप को लेकर इलाकावासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। 800 से अधिक लोगों ने इस कैंप में देश के नामी चिकित्सकों की निशुल्क सेवाओं का लाभ उठाया। संस्था के संस्थापक और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने इस कैंप का शुभारंभ किया। सुबह से ही इस कैंप का लाभ उठाने के लिए दूर-दूर से आए लोगों की लंबी कतारें लगना शुरू हो गईं थीं।

सर्व कल्याणकारी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक राणा के नेतृत्व में संस्था की टीम लगातार रोगियों और डाक्टरों के बीच एक कड़ी का काम करती रही और चलने फिरने में असमर्थ रोगियों को व्हीलचेयर के माध्यम से डॉक्टरों तक पहुंचाया गया। इस कैंप में देश के जाने-माने स्पाइन व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राज बहादुर, चंडीगढ़ के सेक्टर-32 से नामी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जीतराम, डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. जीपी थामी और पीजीआई चंडीगढ़ से स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रो. मीनाक्षी रोहिल्ला ने रोगियों को अपना परामर्श प्रदान किया। संस्था की तरफ से निशुल्क दवाइयों की व्यवस्था भी की गई थी। इस मेगा फ्री-मेडिकल कैंप में चार ओपीडी लगाई गई थीं और सुबह 8 बजे से ही कैंप में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक राणा इस कैंप में अपनी सेवाएं देने आए सभी चिकित्सकों का स्वागत किया और संस्था की गतिविधियों तथा भावी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन कल्याण और पीड़ित मानवता की सेवा के साथ-साथ संस्था ने हेल्थ के एजैंडे को सर्वोपरि रखा है।

पूर्व विधायक और संस्था के संस्थापक राजेंद्र राणा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा के लक्ष्य से संस्था कभी अपने कदम वापस नहीं खींचेगी और जन कल्याण का एजेंडा जारी रहेगा। उन्होंने कहा संस्था की नई टीम उत्साह और ऊर्जा से भरी है और पूरी तरह मानवता की सेवा को समर्पित है। इस अवसर पर डॉ. राज बहादुर ने कहा कि अनियंत्रित जीवन शैली और अनहेल्दी खानपान की वजह से हमारा शरीर बीमारियों का घर बनता जा रहा है। शारीरिक श्रम न करने की वजह से लोग मोटापे का शिकार भी हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# देवभूमि संघर्ष समिति का मुंडकर में हिंदू सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** देवभूमि संघर्ष समिति के जिला संयोजक सुरजीत ठाकुर की उपस्थिति में कपिल आश्रम मुंडकर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार मुंडखर पंचायत में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड भोरंज के बैनर तले एक हिंदू जागरण महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष तौर पर मुख्यातिथि स्वामी सर्वेश्वर नंद सरस्वती मौजूद रहे। उनके साथ विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के प्रांत प्रमुख रूप लाल तथा विश्व हिंदू प्रखंड मंत्री वीरेंद्र सिंह, धर्म प्रसार प्रमुख नवीन शर्मा और मुंडखर पंचायत के गणमान्य लोग और मातृशक्ति ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। देवभूमि संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर ने कहा कि बच्चों को हिन्दू धर्म के साथ जोड़ने का कार्य करना होगा, ताकि भविष्य में वही बच्चे अपने हिन्दुत्व और सनातन धर्म की रक्षा कर सकें। साथ में उन्होंने समस्त जनता से यह भी आग्रह किया कि भविष्य में हिंदू धर्म पर आने वाले समस्याओं के बारे में अवगत करवाया और उनसे निपटने के लिए जाती धर्म से उपर उठकर काम करने का आह्वान किया।



मुंडकर में हिंदू सम्मेलन में उपस्थित स्वामी सर्वेश्वर नंद जी व अन्य।

# विद्युत बोर्ड में ठेकेदारों के कार्यों की गुणवत्ता में भारी गिरावट: कामेश्वर

**अनंत ज्ञान, नादौन**




हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड इंप्लाइज यूनियन यूनिट नादौन की बैठक यूनिट प्रधान नितिश भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर दत्त शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं व बिजली बोर्ड की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर शर्मा ने कहा की प्रदेश सरकार व विद्युत बोर्ड का प्रबंधक वर्ग कर्मचारियों की भारी भरकम कमी को मद्देनजर रखते हुए नई भर्ती प्रक्रिया को अतिशीघ्र शुरू करें। फील्ड कर्मचारी भारी काम के बोझ के तले दबाते जा रहे हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा ऐसी दुर्घटनाएं किसी न किसी गंभीर लापरवाही का परिणाम होती है, लेकिन हैरानी की बात यह है की जांच कमेटियों द्वारा अपनी रिपोर्ट में दोषियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली न होने से बिजली कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली मुख्यमंत्री का चुनावी वायदा था जिसे शीघ्र पूरा किया जाए। विद्युत बोर्ड में ठेकेदारों के माध्यम से करवाए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता में भारी गिरावट आई है और सब स्टैंडर्ड मटेरियल इस्तेमाल करने और गुणवत्ता में कमी होने की वजह से जहां बिजली बोर्ड को चूना लग रहा है। उन्होंने उच्च अधिकारियों को सलाह दी है कि वे निम्न स्तर के अधिकारियों को परेशान करने की बजाय बोर्ड के हित में काम करें अन्यथा ऐसे अधिकारियों को बेनकाब किया जाएगा। इस अवसर पर नितिश भारद्वाज, विपिन शर्मा, रजत कौंडल, आशीष शर्मा, बिसंबर ठाकुर, कृष्ण पाल, राजेश शर्मा, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

**सौगात** | लोक निर्माण विभाग ने प्लांट में जाकर रिपोर्ट बनाने के लिए किया जरनल सर्वे

# मुख्यमंत्री सुक्खू नादौन को देंगे एक ओर बड़ी सौगात

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



जलाड़ी में स्थित मिल्क चिलिंग प्लांट।

नादौन विधानसभा क्षेत्र को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से अतिशीघ्र एक ओर बड़ी सौगात मिलने वाली है, जिससे न केवल नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोगों को रोजगार की प्राप्ति होगी, बल्कि इससे क्षेत्र के लोगों के लिए स्वरोजगार के साधन भी सृजित होंगे। लोगों को अन्य दूध की कंपनियों से लगभग 8 से 10 रुपए सस्ते दाम पर दूध से बनने बाले पदार्थ यहां पर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सबंधित विभाग इस कार्य को अमलीजामा देने के लिए इसका खाका बनाने में जुट गया हैं।

गौर है कि नादौन के जलाड़ी में स्थित 500 दूध एकत्रित करने वाले मिल्क चिलिंग प्लांट को 5000 एलपीडी वाले मिल्क प्रोसेसिंग सेंटर में अपग्रेड किया जा रहा हैं। ओर इस कार्य को मुख्यमंत्री द्वारा मिल्क फेडरेशन विभाग को अतिशीघ्र खाका तैयार करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, सबंधित विभाग ने भी लोक निर्माण विभाग को अतिशीघ्र नादौन के जलाड़ी में स्थित मिल्क चिलिंग प्लांट के पास कुल जमीन की जरनल सर्वे रिपोर्ट बनाकर भेजने को कहा है ताकि इस कार्य को अतिशीघ्र सकारात्मक रूप दिया जा सके। यही नहीं मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश के पशु पालकों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश के 5 अन्य मिल्क चिलिंग प्लांटों मोहल (कुल्लू), नाहन, नालागढ़, ऊना को भी अपग्रेड करने का निर्णय लिया हैं।

इस मिल्क चिलिंग प्लांट को अपग्रेड करने से बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और दूध की मात्रा 5000 लीटर एकत्रित करने की क्षमता हो जाएगी। वहीं,इस बारे में लोक निर्माण विभाग नादौन के एस डीओ पंकज कौशल ने बताया कि जरनल सर्वे कि रिपोर्ट बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग की टीम ने आज प्लांट का विशेष रूप से दौरा किया है। अतिशीघ्र रिपोर्ट बनाकर विभाग के उच्चधिकारियों क़ो भेज दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

- नादौन के जलाड़ी में स्थित मिल्क चिलिंग प्लांट होगा अपग्रेड
- अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने इस प्लांट का विशेष विजिट करके मुख्यमंत्री सुक्खू के ध्यान में लाई थी यह बात

### क्या कहते हैं चिलिंग प्लांट के कार्यवाहक अधिकारी

**इस** प्लांट का वर्तमान समय में कार्यभार देख रहे कार्यवाहक अधिकारी प्रदीप कुमार का कहना हैं इस प्लांट क़ो अपग्रेड करने से सबंधित पत्र उन्हें विभाग से प्राप्त हुआ हैं ओर आज प्लांट में लोक निर्माण विभाग की टीम भी इसके लिए विशेष रूप से आई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### कुगती में मोबाइल सिग्नल न होने से लोग परेशान

भरमौर। भरमौर के कुगती में मोबाइल टावर लगने के बाद भी लोगों की फोन पर बात नहीं हो पाती है यहां पर मोबाइल का सिग्नल बहुत ही कमजोर होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है यहां पर हर साल लाखों श्रद्धालु प्रसिद्ध कार्तिक स्वामी मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं। लेकिन मोबाइल सिग्नल न होने के कारण लोगों की एक दूसरे से बात नहीं हो पाती है। यहां पर हर वर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। लेकिन मोबाइल सिग्नल न होने के चलते यहां पर डिजिटल पेमेंट के लिए भी लोगों को काफी परेशानियां आती है हालांकि कंपनी ने यहां पर एक टावर लगाया भी है जिसे केवल 40 फोन ही चल पाते हैं। स्थानीय निवासी शिशु कुमार अशोक कुमार प्रदीप कुमार केवल सिंह अनुवाला में कहा है कि यहां पर कंपनी ने एक टावर तो लगाया है लेकिन सिग्नल बहुत ही कम होने के चलते यहां पर लोगों की एक दूसरे से बात नहीं हो पाती है लिहाजा टावर शोपीस बनकर रह गया है।

### कबड्डी स्पर्धा में महिला मंडल मांगल की टीम विजेता



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बागा करोग में युवक मंडल बागा की ओर से आयोजित महिलाओं की खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में नारी शक्ति का उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर जिला सचिव सोलन कांग्रेस चौहान कृष्णा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। रविवार को बागा में महिला महाकुंभ प्रतियोगिता में 9 महिला मंडलों व दो महिला संगठनों के माध्यम से लगभग 350 महिलाओं ने भाग लिया। इसमें भाग लेने के लिए महिलाओं ने जोरदार उत्साह दिखाया। चम्मच रेस व कबड्डी प्रतियोगिता जैसी मनोरंजक स्पर्धाओं में भाग लेने के साथ ही उन्होंने रस्साकशी में दमखम दिखाया। मुख्यातिथि जिला सचिव कांग्रेस सोलन चौहान कृष्णा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलों में भाग लेना बेहद जरूरी है। मातृ शक्ति पर परिवार की कई तरह की जिम्मेदारियां होती हैं। इस कारण वह अपनी सेहत पर अधिक ध्यान नहीं दे पाती। महिला वर्ग की कबड्डी स्पर्धा में महिला मंडल मांगल की टीम विजेता और महिला मंडल समत्याड़ी की टीम उपविजेता रही। समापन के मुख्यातिथि नगीन ठाकुर व राज ठाकुर ने विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया।

### स्वयंसेवकों ने शूलिनी मंदिर में की सफाई



**सोलन।** भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत रविवार को राजकीय महाविद्यालय सोलन की एनएसएस इकाई के द्वारा एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के 100 से अधिक स्वयंसेवियों ने शूलिनी माता मंदिर से अभियान की शुरुआत करते हुए रीजनल हॉस्पिटल सोलन और उसके आसपास के क्षेत्र एवं साथ लगते बाजार में सफाई की। इस अभियान के दौरान स्वयं सेवको के द्वारा प्लास्टिक की बोतले और पॉलिथीन एवं प्लास्टिक के पैकेट इकट्ठे किए। स्वयंसेवियों के द्वारा लोगों को भी अपने आसपास सफाई रखने के लिए और पॉलिथीन का काम से कम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया गया है इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता से संबंधित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान का नेतृत्व महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉक्टर घनश्याम सोनी एवं डॉ प्रियंका मुल्तानी के द्वारा किया गया।

# चुराह बस स्टैंड में 50 रुपए की पर्ची काटने पर ड्राइवरों में रोष

**आजम डार, चुराह**

जिला चंबा की चुराह विस क्षेत्र में रविवार को ऑल इंडिया ड्राइवर यूनियन चंबा जॉन चुराह में बैठक का आयोजन यूनियन अध्यक्ष मनोज टंडन की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें चुराह जॉन के सभी यूनियन के सभी पदाअधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में चुराह बस स्टैंड के समीप एचआरटीसी विभाग द्वारा गाड़ियों की 50 रूपए की पर्ची हर रोज टेक्सी चालकों से वसूली जा रही है, जिस वजह से चालकों में भारी रोष है।

वहीं अमर सिंह, अब्दुल मजीद, संजीव, रवि कांत, डोगरा राम, राम सिंह, तेज सिंह राज मोहम्मद, इन चालकों का कहना है कि बस स्टैंड का उद्घाटन होने के बाद यंहा पर हर रोज गाड़ी बाहर लगाने की पर्ची तो काटी जा रही है लेकिन बस स्टैंड में न तो शौचालय की कोई उचित व्यवस्था है न ही कोई सफाई कर्मचारी आज तक यंहा पर नियुक्त किया गया है इन लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि या तो उन्हें गाड़ी पार्किंग के लिए कोई उचित स्थान दिया जाए या तो विभाग द्वारा उनकी पर्ची न काटी जाए

वहीं चंबा ड्राइवर यूनियन के अध्यक्ष मनोज टंडन का कहना है कि विभाग द्वारा टेक्सी चालकों की पर्चीया काटी जा रही हैं लेकिन उन्हें गाड़ी लगाने के लिए कोई उचित स्थान नियुक्त नहीं किया गया हैं और बस स्टैंड के बाहर कोई टायरिंग या लुक का कार्य नहीं हुआ है जिस वजह से धुल मिट्टी ही उड़ रही है और शौचालय की उचित व्यवस्था नहीं है इन्होंने विभाग को इस बारे में अवगत करवया है की इनके लिए उचित व्यवस्था की जाए।



ड्राइवर यूनियन के सदस्य रोष जताते हुए।

## कुलदीप सिंह पठानिया आज पहुंचेंगे सिहुंता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 30 सितंबर को देर शाम शिमला से सिहुता पहुंचेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया 2 अक्टूबर को बाद दोपहर 3:00 बजे उदयपुर स्थित राइजिंग स्टार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वे 3 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे जिला कांगड़ा के मलकवाल स्थित विद्यावती इंटरनेशनल स्कूल के एक समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 5 अक्तूबर को प्रातः 11:30 बजे भोंखरी मोड स्थित बट ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के समापन कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे।

6 अक्तूबर को दोपहर 12:30 बजे विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सिहुंता में जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह की आधारशिला रखी जाएगी जबकि बाद दोपहर 3:00 बजे वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहुंता की जन आरोग्या समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। 7 अक्तूबर को पठानिया ग्राम पंचायत बनेट में मलेड खड्ड पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन करेंगे जबकि बाद दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत रायपुर के गांव फगोट में एक समारोह में सम्मिलित होंगे।

# धनोटू में सरेआम खुले में फेंका बायोमेडिकल वेस्ट

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



खुले में पड़ा हुआ बायो मेडिकल वेस्ट ।

उपमंडल सुंदरनगर के धनोटू स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप खुले में बायोमेडिकल वेस्ट फैंकने और जलाने का मामला सामने आया है। मामले में लोगों द्वारा अस्पताल प्रशासन और स्थानीय दवा विक्रेताओं पर सरेआम बायो मेडिकल वेस्ट फेंके जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। जानकारी देते हुए स्थानीय एनजीओ क्रयाश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि रविवार को उनके एनजीओ के सदस्यों द्वारा धनोटू क्षेत्र में सड़कों पर बेसहारा घूम रहे जानवरों को रेडियम रिफ्लेक्टर बांधने का कार्य किया जा रहा था।

इसी दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनोटू के समीप बायो मेडिकल वेस्ट सिरिंज, वायल और एक्सपायरी दवाएं खुले में फेंकी हुई पाई गई। उन्होंने बताया कि इससे सरेआम बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2016 का उल्लंघन किया जा रहा है। इससे जहां जानवरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर खतरा पैदा हो गया है। वहीं इसके लोगों के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है।

**जानवरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर पैदा हो गया है खतरा**

धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि इसको लेकर उनकी एनजीओ ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए ईमेल के माध्यम से उपायुक्त मंडी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को शिकायत भी प्रेषित कर दी है।

# गांव ओसल का 41 वर्षीय युवक लापता, डैम किनारे मिली कार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पुलिस थाना डलहौजी के अंतर्गत गांव ओसल के 41 वर्षीय युवक अजय वर्मा पुत्र सोहनलाल वर्मा गांव ओसल के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। बता दें कि लुठणू छिंज मेला कमेटी के प्रधान 27 सितंबर की रात से ही लापता बताए जा रहे हैं। जिससे उनके परिवार ने परेशान होकर लापता होने की शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी में दर्ज करवा दी है और पुलिस अपनी जांच में जुट गई है।



बता दें की अजय वर्मा की गाड़ी चौहड़ा डैम पर स्थित तलेरू वोटिंग पॉइंट पर मिली है जो अपने आप में की सवालिया निशान उठा रही है। स्थानीय पुलिस भी इस मामले से हर पहलू को खंगालने की कोशिश कर रही है। अजय वर्मा के अचानक लापता होने से पूरा क्षेत्र हैरान एवं परेशान है। शिव शक्ति क्लब डलहौजी के प्रधान प्रवीण टंडन ने जानकारी देते हुए बताया कि अजय वर्मा बढ़े ही साधारण और साधे स्वभाव के व्यक्ति हैं, उनकी किसी के साथ कोई दुश्मनी भी नहीं है लेकिन अचानक उनका इस तरह से लापता हो जाना अपने आप में की सवालिया निशान उठा रहा है, इसलिए उनकी किसी को भी किसी प्रकार की कोई जानकारी मिलती है तो वह स्थानीय पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। बता दें की आज रविवार लुठणू में छिंज मेले का आयोजन करवाया जाना तय जो फिलहाल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी की एजेंसी के लिए की ठगी

**हमीरपुर।** नादौन इलाके के एक व्यक्ति ने इलेक्ट्रिक स्कूटी की एजेंसी के लिए मंडी जिला से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति को पांच-पांच लाख के चेक दिए थे। इसके अलावा 60000 रुपए नकद भी दिए। उसने भरोसा दिया था कि जल्दी ही उसकी एजेंसी चालू कर दी जाएगी, लेकिन एक साल बाद अब न एजेंसी मिली और न ही नकद दिया गया पैसा क्योंकि एजेंसी देने के बाद चेक भी पांच-पांच लाख रुपए के कैश होने थे।

घलूं गांव के देशराज शर्मा ने यह मामला दर्ज करवाया है। उसका कहना है कि वर्ष 2023 के अगस्त महीने में मनोहर ठाकुर पुत्र संत राम गांव घारंडा जिला मंडी ने शिकायतकर्ता को इलेक्ट्रिक स्कूटी की एजेंसी देने का प्रस्ताव दिया। उसकी एवज में शिकायतकर्ता को 10 लाख 60 हजार रुपए की राशि देने को कहा गया था।

# डलहौजी अस्पताल में पथरी और हर्निया ऑपरेशन की सुविधा शुरू

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

नागरिक अस्पताल डलहौजी में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत पथरी और हर्निया के ऑपरेशन की सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के आने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि अब उन्हें इन जटिल ऑपरेशनों के लिए बाहर के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। जिससे उनका पैसा और समय दोनों की बचत हो रही है इस पर स्थानीय डॉक्टर मनीष (एमडी मेडिसिन) और डॉक्टर आशीष कटौच की समर्पित सेवाओं की स्थानीय निवासियों लोगों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है।

इन डॉक्टरों के भरसक प्रयासों से डलहौज़ी के लोग अब अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान अपने ही शहर में पा रहे हैं। उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाओं का लाभ पहले पथरी और हर्निया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के लिए मरीजों को शिमला या अन्य बड़े शहरों में जाना पड़ता था। लेकिन अब, डलहौज़ी सिविल अस्पताल में इस सुविधा के शुरू होने से उन्हें यहीं पर उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। अस्पताल की एसएमओ सीमा अत्री ने बताया कि डॉक्टरों और स्टाफ के समर्पण की वजह से यह मुमकिन हो पाया है।



डॉ. मनीष चौधरी व डॉ. आशीष कटोच।

डलहौजी के निवासियों ने इस सुविधा का स्वागत करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक बड़ी राहत है। उन्हें अब बड़े व बाहरी शहरों के अस्पतालों का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय निवासी तिलक राज कपूर, सरदार परमजीत सिंह, रवि खन्ना, और अन्य लोगों ने डॉक्टर मनीष और डॉक्टर आशीष की सेवाओं की प्रशंसा की। इसके साथ ही, उन्होंने कांग्रेस नेत्री आशा कुमारी स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनी राम शाण्डिल और मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त किया है, जिनके प्रयासों से यह पहल संभव हो पाई है। डलहौजी में यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने उठाए उचित कदम

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



फाइल फोटो।

बरसात लगभग खत्म हो गई हैं और सर्दियों की शुरुआत होने जा रही है। जिससे आने वाले दो-तीन महीनों में क्षेत्र का मौसम बहुत ही सुहावना हो जाएगा जिसमें सिर्फ सुबह शाम ठंड हल्की-हल्की मखमली ठंड का एहसास होगा लेकिन दिन में मौसम जबरदस्त घूमने लायक हो जाता है ठंडी हवाओं के बीच गरम धूप जो हो बाहरी पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करती है।

जिला पर्यटन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग जिला चंबा ने सैलानियों के लिए चंबा के चुनिंदा एवं आकर्षक पर्यटक स्थलों पर विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं ताकि घूमने आने वाले सैलानियों को विशेष सुविधाएं भी प्रदान की जा सके उनका आना एक यादगार बन जाए। बरसात लगभग खत्म ही हो चुकी है और सर्दियों का भी आगाज हो रहा है इस मौसम में कोलकाता और गुजरात के पर्यटन हिमाचल का रुख करते हैं किंतु इस बार हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग ने बाहरी सैलानियों को विशेष सुविधा प्रदान करेगा। मिश्रा ने बताया कि हिमाचल पर्यटन विभाग जिला चंबा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए की उचित कदम उठाने जा रहा है। निजी होटलों को भी पर्यटन विभाग द्वारा उचित दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि आने वाले सैलानियों के लिए किसी तरह की कोई कमी न रहे।

## विद्यार्थियों ने चंपावती मंदिर का किया भ्रमण

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा के बैचलर आफ वोकेशन 'बी-वाक' हास्पिटैलिटी एवं टूरिज्म के विद्यार्थियों ने विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष में चंबा के ऐतिहासिक धरोहर चंबा म्यूजियम, चंपावती मंदिर तथा लक्ष्मी नारायण मंदिर का भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने इन विरासतों के इतिहास, वस्तु शिल्प, कला, संस्न्ति तथा धार्मिक पर्यटन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। टूरिज्म के विद्यार्थियों ने विश्व पर्यटन दिवस को बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया। बी-वाक विभाग के नोडल अधिकारी डा. चमन सिंह ने विद्यार्थियों को बी-वाक के अंतर्गत पढ़ाए जाने वाले टूरिज्म एवं रिटेल विषयों के साथ ही इन औद्योगिक क्षेत्रों में उज्जवल करियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी।

# संस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक एकता को करते हैं प्रोत्साहित

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा का 63वां वार्षिक समारोह दिल्ली में संपन्न**

हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा का 63 वां वार्षिक समारोह व हिमाचली मिलन सैर महोत्सव दिल्ली में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में प्रदेश कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

समारोह में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर कौल सिंह और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जीवन ठाकुर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जीवन ठाकुर ने सभा के सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि यह सभा दिल्ली में अपनी मंडयाली सभ्यता को संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

जीवन ठाकुर ने सभा को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सभा समय-समय पर हिमाचल में विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन करती है, जैसे कि आंखों के निशुल्क ऑपरेशन, रक्तदान शिविर, और बीमार लोगों की आर्थिक मदद।

इन प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने जोगिंद्रनगर के विकास में सहयोग की आवश्यकता का भी उल्लेख किया और सभा को अपनी ओर से 11,000 रुपए का दान दिया। इस अवसर पर सभा के प्रधान कांशी राम वर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान के के सकलानी, उप प्रधान गांधी राम राणा, सचिव प्रीतम कुमार सहित अन्य सदस्यों ने भी जीवन ठाकुर का इस कार्यक्रम में आने पर धन्यवाद दिया। यह आयोजन न केवल हिमाचल की संस्कृति को बनाए रखने का प्रयास है, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।




हिमाचली मिलन सैर महोत्सव के दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर को टोपी शाल पहनाकर सम्मानित करते हुए।

## सूडोकु 0072

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0071 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# युवा पीढ़ी को संस्कृति से अवश्य करवाए रूबरू : अनिरुद्ध

**अनंत ज्ञान, शिमला**

धंगाली पंचायत के गांव धंगाली में तीन दिवसीय बिशु मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से हो रहा है। मेले के दूसरे दिन रविवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

मुख्यातिथि ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। हमें अपनी संस्कृति के विस्तार के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से अवश्य रूबरू करवाए। उन्होंने कहा कि यहां पर पंचायत भवन 33 लाख रूपये में बनाया गया है, लेकिन हमारी सरकार प्रदेश में नए पंचायत भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 14 लाख रुपए देने का प्रावधान किया है। पिछले वित्तीय वर्ष में 47 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश भर में पंचायत भवन बनाए गए है।

इस वित्तीय वर्ष में 65 करोड़ रुपए प्रदेश भर में नए पंचायत भवन निर्माण के लिए वितरित कर दिए गए है। उन्होंने कहा कि ऐसे में धंगाली पंचायत भवन की दूसरी मंजिल में निर्माण कार्य के लिए 35 लाख रुपए देने की घोषणा करता हूं। इसका एस्टीमेट अगले 15 दिनों में बनाया जाएगा। वहीं भवन के आसपास सुरक्षा दीवार और गेट के निर्माण कार्य को लेकर एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। करगोली से चंबल और धंगाली चंबल को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के आधीन लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उक्त मार्ग के भूमि से जुड़े सारे दस्तावेज मुहैया करवाए ताकि आगामी प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

## लूणापुल में सार्वजनिक शौचालय न होने से लोग हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

लूणापुल में सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण यहां पर हर रोज यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें भरमौर के लूणा पुल में हर रोज सैकड़ो यात्री एक जगह से दूसरी जगह आते जाते हैं। लेकिन यहां पर सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण लोगों को शौचालय के लिए दर-दर भड़कना पड़ता है।

लोगों ने यहां कई बार प्रशासन व सरकार से सार्वजनिक शौचालय खोलने की मांग की है लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। स्थानीय निवासी पांजाराम, सनी कुमार, महंदो राम, पूर्ण चंद, इंद्रजीत, संजय कुमार, संजीव कुमार, माधो राम सहित दर्जन लोगों का कहना है कि यहां पर शौचालय न होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर सार्वजनिक शौचालय खोला जाए ताकि परेशानी न हो।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**आज का पंचांग**

30 सितंबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत, **तिथि** त्रयोदशी : (7:09): **नक्षत्र** मघा 6:19, **पक्ष :** कृष्ण **योगः** शुभ (01:17) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:46-12:34), **राहुकाल** (07:42 -09:12)।

**विशेष दिन**

- 30 सितंबर 2024 : सोम प्रदोष व्रत आज।
- एक अक्तूबर 2024: चतुर्दशी का श्राद्ध कल।

**मेषः** अपने आप पर विश्वास रखें और नकारात्मक सोच न रखें। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य ही मिलेगी।

**वृषभः** अपनी रुचि के अनुसार काम न होने से कर्मचारियों से नाराज रहेंगे। आज व्यापारिक मामलों में जवाबदेही बढ़ने वाली है।

**मिथुनः** बातें कम और काम ज्यादा करें कार्यक्षेत्र में नए प्रस्ताव प्राप्त हो सकते है। परिवार में अनुरूप स्थिति बनेगी। वाहन क्रय करने के योग बन रहे हैं।

**कर्कः** अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं, संभल जाएं। कार्यस्थल पर योग्यता के अनुरूप कार्य करें। संतान की चिंता, व्याकुलता बढ़ेगी।

**सिंहः** आप के विरोधियों के कारण व्यापारिक बाधाएं आएंगी। परिश्रम की तुलना में सफलता कम मिलने से हताश होंगे।

**कन्याः** आपकी मेहनत से व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बनेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**तुलाः** आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। किसी विषय को जानने की जिज्ञासा बढ़ेगी। संत समागम होगा। दिखावे एवं कर्ज लेने से बचें।

**वृश्चिकः** नौकरी में पदोन्नति एवं तबादले के योग हैं। परिवार में सहयोग का वातावरण बना रहेगा। लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करें।

**धनु :** अपने परिजनों से सामान व्यवहार करें, अपनी बुद्धिमानी से कई व्यापारिक रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबे समय के बाद प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी।

**मकरः** अपने राजनितिक संबंधों का आज लाभ मिलेगा। नौकरी में स्थानांतरण न होने से मन खिन्न रहेगा। पदोन्नति होने की संभावना है।

**कुंभः** अपने बलबूते पर काम करें। दूसरों के भरोसे न रहें। कार्यस्थल पर व्यवहार कुशलता से अधिकारियों के संबंध मजबूत होंगे।

**मीनः** व्यापारिक नई योजनाओं का प्रारंभ होगा। बड़े राजनीतिज्ञों से भेंट होगी। कलात्मक कार्य में रुचि बढ़ेगी। अधिक लोभ, लालच न करें।

**धार्मिक** — मंदिर में मां कालका और मल्लमाता के रूप में साक्षात मूर्ति के रूप में है विराजित

# आस्था का प्रतीक साक्षात कालका मल्लमाता ऐनन माता मंदिर

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

भटियात, डलहौजी एवं पड़ोसी राज्य जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों में माता ऐनन मंदिर को लेकर एक बहुत ही आस्था है। माता ऐनन मंदिर में मां कालका एवं मल्लमाता के रूप में साक्षात मूर्ति के रूप में विराजित है जहां माता इस के स्वरूप के दर्शन मात्र से ही मनोकामनाएं सिद्ध हो जाती हैं।

इस मंत्र की सुंदरता एवं भव्यता अपने आप में ही देखने को बनती है मंदिर की एक और जहां झरना इस मंदिर की शोभा को चार चांद लगता है तो वही दो नालों का संगम भी इसकी शोभा को कम नहीं करता। इस मंदिर के सेवादार एवं ऐनन माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे चुके सेवानिवृत्ति शेर सिंह ने बताया कि माता भवानी श्री ऐनन जी कालका एवं मल्लमाता का इतिहास बड़ा ही दुर्लभ एवं विचित्र है जिसका अंत नहीं है। बुजुर्गों ने यह भी बताया कि जब सतयुग में यहां के आसपास गांव के अपने पशु मवेशियों को चराने जाया करते थे उसे दौरान मां बच्चों के साथ खेला करती थी। कई बार बच्चों के बीमार होने या चोटग्रस्त हो जाने पर मां अपने स्पर्श मात्र से ही उन्हें ठीक कर दिया करती थी। देखते ही देखते वहां लाखों त्रिशूल एकत्रित हो गए जहां आज मंदिर स्थित है। माता ऐनन जी का मूल स्थान जम्मू-कश्मीर राज्य के गांव सुकराला में है।



ऐनन वाली माता मल्ल रानी कालकाजी जहां आज भव्य मंदिर स्थापित किया गया है वहां कभी कई अनगिनत त्रिशूलें विराजमान थी। सन 1992- 93 में स्थानीय लोगों ने माता के मंदिर के लिए एक कमेटी का निर्माण किया और माता के भव्य मंदिर के निर्माण का बीड़ा भी उठाया धीरे-धीरे जिन लोगों पर मां का आशीर्वाद रहा उन लोगों ने बढ़-चढ़कर मां के मंदिर निर्माण के लिए आगे आकर यथासंभव मदद की और देखते ही देखते मां का भव्य मंदिर बनकर निर्मित हुआ।

शेर सिंह ने बताया कि जो मूर्ति स्थापित है वह साक्षात माता कालका एवं मल्लमाता का एक ही स्वरुप है जिसे माता के बीज मंत्र के शब्द ऐनन से इस मंदिर का नामकरण हुआ है।

चंबा राजवंश की बहू पूर्व शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायिका आशा कुमारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐनन माता मंदिर क्षेत्र के सभी लोगों की आस्था का प्रतीक है मैं साक्षात कालका मल्लमाता को कोटि कोटि नमन करती हूं उन्होंने मुझे इस काबिल समझा कि मैं उनकी कुछ सेवा कर सकूं और मुझे जब भी उनका हुक्म हुआ है मैं सेवा के लिए हमेशा तत्पर हूं और रहूंगी।

यदि मुझे अपनी मातृभूमि के लिए हजार बार भी मृत्यु का सामना करना पड़े, तो भी मुझे कोई दु:ख नहीं होगा। -राम प्रसाद बिस्मिल

## संपादकीय

# पाकिस्तान का आतंकवाद

पाक प्रायोजित आतंकवाद की भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कलई खोलकर रख दी है। भारत ने पाकिस्तान को खूब खरी-खरी सुनाई है। पाकिस्तान का आतंकवाद एक जटिल और गंभीर समस्या है, जिसका असर न केवल पाकिस्तान में ,बल्कि पूरे विश्व में देखा जा सकता है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की सीमा पार आतंकवाद की नीति कभी सफल नहीं होगी और इसके परिणाम निश्चित रूप से मिलेंगे। आतंकवाद हर उस चीज का विरोधी है जिसके लिए दुनिया एक साथ खड़ी है। पाकिस्तान पर आरोप है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन और प्रोत्साहन देता है, जिसका मुख्य लक्ष्य भारत के जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में अस्थिरता फैलाना है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान की जम्मू-कश्मीर पर की गई टिप्पणियों का करारा जवाब देकर उसे बेनकाब कर दिया है। पाकिस्तान को सीमापार आतंकवाद की नीति छोड़ देनी चाहिए और पीओके को खाली कर देना चाहिए, क्योंकि आतंकवाद फैलाने से कभी किसी राष्ट्र का भला नहीं हो सकता। आतंकवाद के कारण और परिणाम बहुत गंभीर होते हैं। आतंक वाद से धार्मिक और राजनीतिक कट्टरता उत्पन्न होती है तथा आर्थिक और सामाजिक असमानता बढ़ जाती है। शिक्षा और जागरूकता की कमी आती है। लोग डर के मारे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते हैं। आतंकवाद से कभी कल्याणकारी कार्य नहीं होते, बल्कि वह मानव जीवन को ही हानि पहुंचाता है।

इससे आर्थिक और सामाजिक विनाश होता है तथा शांति और स्थिरता की कमी आ जाती है। आतंकवाद का समाधान निकालने के लिए हमें इसके कारणों को गहराई से समझना होगा और इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। पाकिस्तान के आतंकवाद को दुनिया बहुत गंभीरता से देखती है और इसे एक बड़ा खतरा मानती है। भारत-पाकिस्तान सीमा को दुनिया की सबसे जटिल और खतरनाक सीमाओं में से एक माना जाता है। पाकिस्तान अपनी जमीन से आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन और प्रोत्साहन देता है, जिसका मुख्य लक्ष्य भारत के जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में अस्थिरता फैलाना है। आजकल जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव चले हैं। ऐसे में पाकिस्तान वहां आतंकी वारदातों को अंजाम देकर दहशत फैलाना चाहता है, ताकि लोग चुनाव से दूर रहें। उसका मकसद सरकार की नाकामी को दर्शाना रहता है। यही कारण है कि आज कल जम्मू-कश्मीर में आतंकी वारदातों में इजाफा हुआ है, लेकिन पुलिस और सुरक्षाबलों की सतर्कता के कारण पाकिस्तान को कामयाबी नहीं मिल पा रही है। जम्मू-कश्मीर में रात के अंधेरे में पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में आतंकी घुसपैठ की भरपूर कोशिशें हो रही हैं। चुनाव से पहले जो आतंकी भारतीय सीमा में दाखिल हो गए हैं वही आतंकी वारदातों को करने में जुटे हैं।

कोई नई घुसपैठ नहीं हो रही है। शायद इस वजह से भी पाकिस्तान परेशान है और उसने इसी बौखलाहट में आकर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठा दिया, लेकिन पाकिस्तान को यह दांव उल्टा पड़ गया। पाकिस्तान आतंकवाद ही नहीं, बल्कि मादक पदार्थों के कारोबार में भी संलिप्त है। आए दिन बॉर्डर पर पाकिस्तान की ओर से भेजी जा रही हेरोइन की बड़ी खेपें पकड़ी जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय अपराधों के लिए पाकिस्तान दुनिया भर में बदनाम है। यही वजह है कि अब दुनिया भर में पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कई देश एकजुट हो गए हैं और इस समस्या का समाधान निकालने के लिए काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सहित कई अंतरराष्ट्रीय संगठन पाकिस्तान पर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। आतंकवाद के खिलाफ दुनिया की रणनीति के तहत सबसे पहले पाकिस्तान पर आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक लगाना बेहद जरूरी है, क्योंकि जब तक उसे आतंकवाद के लिए दूसरे देशों से धन मिलता रहेगा, तब तक वह आतंकी गतिविधियों से दूर नहीं रह सकता। अगर पाकिस्तान को धन ही नहीं मिलेगा तो वह आतंकियों को अपने खर्चे पर पाल नहीं पाएगा, क्योंकि पाकिस्तान की आर्थिक हालत बहुत पतली हो चुकी है। वहां गरीबी और महंगाई चरम पर है। यही वजह है कि पाकिस्तान तरक्की नहीं कर पा रहा है और दूसरे देशों की तरक्की देखकर जल रहा है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करना भी जरूरी है। उन पर प्रतिबंध लगाना होगा। अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सूचना साझा करने से पाकिस्तान की संदिग्ध गतिविधियों पर चेक लगा रहेगा। इसके अलावा आतंकवाद के खिलाफ शिक्षा और जागरूकता फैलाना भी आवश्यक है। ■

# लोकतांत्रिक भारत में 'एक देश-एक चुनाव' देश की उन्नति के लिए बेहतर

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में चुनावों को सबसे बड़ा उत्सव माना जाता है। यह लोकतंत्र को जीवंत रूप प्रदान करता है तथा देश की उन्नति में नागरिकों की भागीदारी को भी सुनिश्चित करता है। आए दिन भारत के हर मंच पर एक देश एक चुनाव पर चर्चा होती रहती है। कोई पक्ष लेता है, तो कोई विरोध करता है, लेकिन हमें देश हित में सोचना चाहिए, यह राजनीति करने का विषय नहीं है। भारत 15 अगस्त,1947 को स्वतंत्र हुआ तथा 26 जनवरी 1950 को पूरा देश गणतंत्र में बंध कर विकास की ओर अग्रसर हुआ। इस दिशा में गणतंत्र भारत का पहला चुनाव (लोकसभा तथा विधानसभा का) 1951-52 में एक साथ हुआ। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। तत्पश्चात 1957, 1962 तथा 1967 के चुनाव में भी दोनों का चुनाव साथ ही में संपन्न हुआ। 1967 के चुनाव में सत्ता में आई कुछ क्षेत्रीय पार्टियों की सरकार 1968 तथा 1969 में गिर गई। जिसके फलस्वरूप उन राज्यों की विधानसभाएं समय से पहले ही भंग हो गई और 1971 में समय से पहले ही चुनाव कराने पड़े, तब यह क्रम टूट गया। आगे भी राज्यों में यह स्थिति बनती गई, विधानसभाएं भंग होती गई और यह सिलसिला बिगड़ता गया, यही क्रम आज भी गतिमान है।

आज देश में चुनावों के समय या सामान्यत: एक साथ चुनाव के विषय पर चर्चा सुनने को मिलती है आखिर हो भी क्यों न क्योंकि जब पूर्व में एक साथ चुनाव हुए, तो भविष्य में भी होने की अपार संभावनाएं संभवत: दिखती ही है। भारत विशाल जनसंख्या वाला देश है, जिसमें प्रत्येक समय किसी न किसी स्थान पर चुनाव होता रहता है। जिस कारण देश पूरा वर्ष चुनावी मोड पर रहता है तथा आचार संहिता के कारण विकास कार्य बाधित होते रहते हैं। इतिहास के पन्नों पर नजर डाले, तो देश में पहला लोकसभा का चुनाव 1951-52 में हुआ था। उस समय 53 दलों के 1874 उम्मीदवारों ने चुनाव में भाग लिया था और उस समय कुल लगभग 11 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। जबकि 2019 में हुए, 17वें लोकसभा के चुनाव पर नजर डालें, तो इसमें 610 राजनीतिक दलों के लगभग 9000 प्रत्याशी थे, जिसमें कुल लगभग 60 हजार करोड़ रुपए खर्च हुआ। (सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अनुसार) जो साल 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में खर्च रुपए (लगभग 30 हजार करोड़) का लगभग दो गुना है। जिस प्रकार 7 चरणों और 75 दिनों तक चले। इस चुनाव में 60 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए, तो भारत का 2019 का लोकसभा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव है जिसे दुनिया का सबसे महंगा चुनाव भी अभी तक माना जाता है।



लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

इसी प्रकार वर्तमान समय में 2023 में 10 राज्यों तथा 2024 में 07 राज्यों सहित लोकसभा के चुनाव होने हैं, विभिन्न राज्यों में अलग-अलग समय में होने वाले इन चुनावों में लाखों-करोड़ों का खर्च चुनाव आयोग को उठाना पड़ेगा। इसके अलावा अप्रत्यक्ष खर्च का बोझ भी प्रभावित करता है, क्योंकि चुनावों हेतु अनेक अन्य व्यवस्थाओं में भी परिवर्तन करना आवश्यक होता है। जिससे पूरे देश का तंत्र चुनावी माहौल में अस्त-व्यस्त रहता है। जिस कारण देश की समस्याओं पर ध्यान ही नहीं दिया जाता। राजनीतिक दलों व सरकार का ध्यान व शक्ति इन दिनों में चुनावों पर रहेगी, हालांकि इसके अलावा अन्य वित्तीय लागतें एवं अगणनीय आर्थिक लागतें भी हैं। प्रत्येक चुनाव के दौरान सरकारी तंत्र चुनाव ड्यूटी और संबंधित कार्यों के कारण अपने नियमित कर्तव्यों से चूक जाता है। चुनाव के दौरान उपयोग किए जाने वाले इन लाखों मानव-घंटे की लागत की गणना नहीं की जाती है।

आदर्श आचार संहिता सरकार की कार्यकारिणी को भी प्रभावित करती है, क्योंकि चुनावों की घोषणा के बाद न तो किसी नई महत्वपूर्ण नीति की घोषणा की जा सकती है और न ही क्रियान्वयन। प्रशासनिक लागतें सुरक्षा बलों को तैनात करने तथा बार-बार उनके परिवहन पर भी भारी और दृश्यमान लागत आती है। संवेदनशील क्षेत्रों से इन बलों को हटाने और देश भर में जगह बार-बार तैनाती के कारण होने वाली थकान तथा बीमारियों के संदर्भ में राष्ट्र द्वारा एक बड़ी अदृश्य लागत का भुगतान किया जाता है। जबकि चुनाव को एक साथ करवाया जा सकता है तथा व्यय को कम किया जा सकता है। विशाल आबादी व विभिन्नताओं से परिपूर्ण, दलीय व्यवस्था के साथ संघीय व्यवस्था वाले देश तथा एक चुनाव व्यवस्था के मार्ग में विभिन्न चुनौतियों सहित संवैधानिक व्यवस्थाओं जिसमें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 83, 85, 172, 174 व 356 आदि ऐसे कुछ अनुच्छेद है जिनमें लोकसभा व विधानसभाओं के कार्यकाल, आपातकालीन स्थिति व राज्य निर्माण जैसी व्यवस्थाएं शामिल है का सफलतापूर्वक समाधान व संशोधन तथा संयोजन कर जनमत संग्रह व सभी राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श कर एक चुनाव व्यवस्था के मार्ग पर समय से संवैधानिक ढांचे को बिना नुकसान पहुंचाए अम्ल में लाकर आगे बढ़ना संभव प्रतीत होता है तथा यही वर्तमान में देश की आवश्यकता भी है। एक तरफ देश गरीबी, भुखमरी व आर्थिक विषमता जैसी अनेक समस्याओं से ग्रसित है, तो दूसरी तरफ हम करोड़ों-अरबों रुपए विभिन्न काल क्रम में केवल और केवल चुनावों पर ही खर्च कर देते हैं।

आंकड़े चित्र प्रस्तुत करते हैं कि देश में लगभग 19 करोड़ लोग आज भी भूखे पेट सोते हैं, तो चुनावों पर हम अरबों पैसा खर्च कर देते हैं क्या ये अरबों रुपए इनके लिए प्रयोग में नहीं लाया जा सकता? लाया जा सकता है, मगर उसके लिए आवश्यकता है तो केवल और केवल दृढ़ इच्छाशक्ति व निर्णय क्षमता की। एक देश एक चुनाव की धारणा कोई नई धारणा नहीं, बल्कि इस विषय पर प्रधानमंत्री, चुनाव आयोग, नीति आयोग, विधि आयोग और संविधान समीक्षा आयोग पहले भी विचार कर चुके हैं।

1983 में चुनाव आयोग ने अपनी सालाना रिपोर्ट में इस विचार को प्रस्तुत किया था। उसके बाद वर्ष 1999 में विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने का समर्थन भी किया है। भले ही इस राह पर चुनौतियां अनेक है, लेकिन इसका लाभ भी है। यह सही है कि एक साथ चुनाव कराने से सरकारी राजस्व और समय की बचत होगी तथा नीति निर्णयन प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी। प्राय: देखा जाता है कि जब चुनाव का समय नजदीक आता है, तो मंत्रियों सहित पूरा सरकारी अमला बेहद व्यस्त हो जाता है, इसके साथ ही चुनाव आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी ठप पड़ जाते हैं, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत हर समय चुनावी चक्रव्यूह में घिरा हुआ नजर आता है। देश को चुनावों के इस चक्रव्यूह अब जब कोविंद समिति के सुझावों पर कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है, तो यह देश के लिए व शासन प्रशासन तथा चुनाव आयोग के लिए करवाना किसी चुनौती से कम नहीं रहने वाला है, लेकिन जो भी अगर इसे समय की उपयुक्तता के साथ लागू किया जाता है, तो संभवत: देश की प्रगति में इसका बहुत योगदान सिद्ध होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# बाबू महाशॉय, उदासी खूबसूरत नहीं होती क्या?

सबके प्यारे, राजदुलारे, परम आदरणीय हृषिकेश मुखर्जी साहब के चलचित्र/ फिल्में देखने से यह सारी दुनिया, यह जिंदगी बहुत खूबसूरत और सुंदर लगने लगती है! वास्तव में ही यह सुखद अनुभूति होती है कि मानुष जीवन बड़ा प्यारा है ... ! जिंदगी जीने योग्य है।

अद्भुत, प्रेममय जीवन है मानुष का। हृषिकेश मुखर्जी की फिल्मों में कभी खलनायक नहीं होते! पूछा गया, 'क्यों नहीं?' हृषि दादा हमेशा कहते 'असल जिंदगी में खलनायक नहीं होने चाहिए, इसलिए फिल्मों/चलचित्र में भी कोई विलेन/खलनायक नहीं होने चाहिए!' देश के सर्वश्रेष्ठ सिनेमा निर्देशकों में से एक, निर्माता और भारत के सर्वश्रेष्ठ फिल्म-एडिटर 6 फिल्म संपादक 8 हृषिकेश मुखर्जी का तो बस अंदाज ही निराला था। उन्होंने 'एफटीआईआई' 6 भारतीय फिल्म संस्थान 8 में पढ़ाई, शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जया बहादुड़ी जी को एक सुंदर-प्यारी 'गुड्डी' बना डाला। अत्यंत ही अलग, सुप्रिद्ध, लोकप्रिय छवि रखने वाले धर्मेंद्र जी, अमिताभ बच्चन जी को भी साधारण, लेकिन बहुत बढ़िया और बेहतर व्यक्तित्व के किरदार के रूप में प्रस्तुत करने का पूर्णत: सफल 'भगिरथ प्रयास' किया 6 सत्यकाम, चुपके-चुपके, अभिमान 8। हृषि दादा के श्रेष्ठ निर्देशन में सुपर ग्लैमरस रेखा जी एक प्यारी, चुलबुली, नटखट, शालीन घरेलू लड़की बन गईं 6 खूबसूरत 8।



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
मतियारा , मसरूंड , चंबा

उन्हीं के उत्कृष्ट निर्देशन में साधारण से, करोड़ों आम हिंदुस्तानी जैसे दिखने-लगने वाले अमोल पालेकर जी, फारुख शेख जी और देवेन वर्मा जी बहुत बड़े सितारे बन गए। फिल्म 'गोलमाल' में अद्भुत, विलक्षण अभिनय 6 हृषि दादा का निर्देशन 8 से तो बहुत बड़े दिग्गज अभिनेताओं से भी आगे निकलकर अमोल पालेकर जी ने तो 1979 का 'फिल्म फेयर' का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का इनाम/ सम्मान भी जीत लिया। 1979 की फेमिना 'मिस इंडिया' स्वरूप संपत जी 6 फिल्म 'नरम गरम' में 8 भोली-भाली गांव की गोरी बनकर भी 'कैट-वॉक' करती हुई बहुत ही सुंदर और प्यारी लगती हैं।

6 गीत-गाना हमें रास्तों की जरूरत नहीं है 8। आनंद , सत्यकाम, मिली जैसी फिल्में बनाकर हृषि दादा ने हृदय की गहराइयों में उतरकर करोड़ों लोगों की आंखें नम की तो ...। 'गोलमाल', 'रंग-बिरंगी' जैसे चलचित्रों से हंसा-हंसा कर करोड़ों दर्शकों के पेट में बल डाल दिए। वस्तुत:, महामहिम हृषि दादा ने अपने द्वारा निर्देशित सबसे पहली ही फिल्म 'मुसाफिर' से ही करोड़ों लोगों के हृदय-मस्तक को झकझोर दिया था। संपूर्ण चित्र का सामान्य, साधारण, लेकिन अत्यंत ही गूढ़ और महत्वपूर्ण सार-लोग आते हैं, जाते हैं, जन्म लेते हैं, मृत्यु को प्राप्त होते हैं, लेकिन जिंदगी हमेशा ही चलती रहती है। जीवन कभी रुकता नहीं। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## तू बेटी प्यारी सी गुड़िया

डॉ. कौमार्या मनोज

*बिटिया तू है आन पिता की ,*
*तुझसे बढ़ता शान पिता की ।*
*तू बेटी प्यारी सी गुड़िया ,*
*तू अपने अभिमान पिता की ।।*
*है तुमसे बेटा घर की खुशियां ,*
*तू हम सब की है मुस्कान।*
*साए सा पिता तेरे साथ चलेगा ,*
*वो तेरा , तू उनकी पहचान ।।*
*सारी खुशियां तुझे मुबारक,*
*रखना सबका मान तू ।*
*तू खुश है तो घर भी खुश है ,*
*है सबका सम्मान तू ।।*
*बेटी दिवस ये तुझे मुबारक,*
*जीना जीवन शान से ।*
*रखना सबका मान खुशी से ,*
*जीवन जीना सम्मान से ।।*

# सोशल मीडिया अश्लीलता पर प्रतिबंध जरूरी

सोशल मीडिया अब दिनोंदिन अश्लीलता का अड्डा बनकर उभर रहा है। इंटरनेट सिक्योरिटी को दरकिनार करके आजकल लोग अश्लीलता से परिपूर्ण सामग्री सोशल मीडिया में वायरल करके अपने फालोअर बढ़ाने की होड़ में मशगूल हैं। पूर्व केंद्र सरकार ने दस वर्ष पहले आह्वान किया था कि अब देश में कोई भी पोर्न साइट नहीं चलेगी। सरकार की मंशा साफ थी कि देश की युवा पीढ़ी को लक्ष्यहीन होने से बचाना था। मगर बावजूद इसके भारत में कुछेक दूर संचार कंपनियों के माध्यम से स्मार्ट मोबाइल फोन प्रेमियों को अश्लील साइट देखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आज आलम इस कदर खराब की सोशल मीडिया पर अश्लीलता पूर्ण फोटो दिखाकर लोगों को ठगने का दिनरात प्रयास किया जा रहा है। इस गोरख धंधे में फंसकर लोगों के बैंक खाते खाली हो रहे हैं। लोग लोक लाज की शर्म के चलते आत्महत्याएं तक किए जाने में कोई गुरेज नहीं कर रहे हैं।

देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा अब बच्चों की यौन उत्पीड़न सामग्री(पोर्नोग्राफी) रखना, डाउनलोड करना उसे वायरल करने को लेकर पोस्कों एक्ट में शामिल किए जाने को लेकर लिया निर्णय सराहनीय है। मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को पलटते हुए, संसद को आदेश दिया कि पोर्नोग्राफी की जगह अब यौन उत्पीड़न शब्द का इस्तेमाल किया जाए। स्मार्ट मोबाइल फोन आजकल प्रत्येक व्यक्ति के गले का हार बना हुआ है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक दिनरात स्मार्ट मोबाइल फोन पर गुजार रहे हैं। सोशल मीडिया जब से अस्तित्व में आया, लोगों का खान, पान रहन, सहन में जमीन आसमान का अंतर आ चुका है। स्मार्ट मोबाइल फोन चलाने की लत में आजकल लोग पेट भर भोजना भी नहीं खा रहे हैं। सोशल मीडिया पर अपनी मित्र सूची बढ़ाने की लत युवा पीढ़ी के सिर पर चढ़कर बोल रही है।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

इंस्टाग्राम पर रील बनाकर वायरल करने का युवाओं में मनोरोग लग गया है। सोशल मीडिया में पोस्ट की जाने वाली अधिकतर फोटो का जमकर नकली आईडी बनाने में दुरुपयोग किया जा रहा है। डिजिटल युग में लोग साइबर अपराध का शिकार अधिक बन रहे हैं। ठग नित नए दिन जनता को ठगने के तरीके ईजाद कर रहे हैं। रोजाना लोग सजगता बरतें बगैर ऐसे ठगों के झांसे में आकर अपने बैंक खातों को खाली करते जा रहे हैं। फर्जी लिंक बनाकर सोशल मीडिया में जनता से जुड़ना ठगों का प्रमुख धंधा बन चुका है। गनीमत यह की पड़ोसी देश के कुछेक ठग भारतीय पुलिस अधिकरियों की फोटो अपने व्हाट्सऐप प्रोफाइल में लगाकर फर्जी काल जरिए जनता को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। जनता ऐसी फर्जी काल से बेहद भयभीत हो रही है।

साइबर अपराध के सरगना जनता को फोन करके उनके बैंक खाते संबंधित कई जानकारी हासिल करने की कोशिश करते हैं। लाटरी निकली होने का जिक्र करके भी वह जनता को चूना लगाना चाहते हैं। सोशल मीडिया का नशा युवाओं में आजकल सिर चढ़कर बोल रहा है। युवक, युवतियां इंस्टाग्राम पर दिनरात अपनी फोटो शेयर करके एक दूसरे प्रति आकर्षित हो रहे हैं। फेक आईडी में किन लोगों की फोटो का उपयोग किया जा रहा, ऐसा कोई सोचने को तैयार नहीं है। कुल मिलाकर लड़कियों के फोटो का सोशल मीडिया पर जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। युवा पीढ़ी एक दूसरे को अश्लील फोटो भेजना, वीडियो काल पर जिस्मों की नुमाइश करने के आदि बन चुके हैं। अगर ऐसा कहा जाए कि लोग बिना शादी किए ही इस तरह अश्लील बातें करना कहीं अधिक पसंद कर रहे हैं।

ठीक यही वजह कि लोग इस तरह हम विस्तार होना भी अब बुरा नहीं मान रहे हैं। सोशल मीडिया सिक्योरिटी भारत में कहीं देखने को नहीं मिलती है। नतीजतन 24 घंटे इस पर सिर्फ अश्लीलता ही परोसी जा रही है। अर्धनग्न फोटो वीडियो वायरल करना अब कुछेक लड़कियों का प्रमुख शौक बन चुका है। युवक, युवतियां जवानी की दहलीज पार करने से पहले ही घर की सभी सीमाएं लांघ रही अंतर जातिय शादियां किए जाने का जोर पकड़ रहा है। युवा, पीढ़ी घर परिवार, समाज के रस्मों रिवाज को छोड़कर अपने मन पसंद लड़के से शादी रचा रही हैं। कुछेक अध्यापक, अभिभावक बच्चों प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाने में बहुत पीछे चल रहे हैं। सोशल मीडिया पर परोसी जा रही अश्लीलता पर रोकथाम लगाना किन सरकारों का प्रमुख काम आज बड़ा सवाल बन चुका है।

आजकल लड़कियों से अश्लील फोटो मांगना,वीडियो वायरल करके उन्हें ब्लैक करने का प्रमुख धंधा बना रखा है। हिंदू समाज की अनगिनत लड़कियों की असमत लूटकर उनके शव के अस्त व्यस्त टुकड़े फ्रिज में लगाकर सनसनी फैलाई रही है। कई बच्चों की महिलाएं प्रेम जाल में फंसकर रफू चक्कर बनती जा रही हैं। होटल, शौचालयों तक अब सीसीटीवी कैमरों जरिए लड़कियों की अश्लील फोटो, वीडियो शूट किए जाने का गोरखधंधा बहुत पहले से चल रहा है। अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करके कुछेक महिलाएं तक चोखी चांदी कूट रही हैं। एनडीए की केंद्र सरकार को भारत में सोशल मीडिया सिक्योरिटी मजबूत बनाकर अश्लीलता से परिपूर्ण सामग्री पर लड़ा प्रतिबंध लगाना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत की शॉटपुट एवं जेवलिन थ्रो की खिलाड़ी

**दीपा** मलिक भारत की शॉटपुट एवं जेवलिन थ्रो की खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वे तैराकी एवं मोटर रेसलिंग से जुड़ी विकलांग भारतीय खिलाड़ी हैं। भारत की दीपा मलिक ने ब्राजील के शहर रियो में पैरालंपिक खेलों (2016) में शॉटपुट में रजत पदक जीता है। उन्होंने 4.61 मीटर तक गोला फेंका और दूसरे स्थान पर रहीं। दीपा मलिक का जन्म हरियाणा राज्य के जिला सोनीपत में भैंसवाल नामक गांव में हुआ था। दीपा कमर के नीचे पूरी तरह से पैरालाइज्ड हैं। उनके पति एक आर्मी ऑफिसर हैं और उनके दो बच्चे भी हैं। 17 वर्ष पहले दीपा की जिंदगी पूरी तरह से बदल गई, जब स्पाइनल ट्यूमर की वजह से उनका चलना-फिरना तक बंद हो गया। इसके अतिरिक्त वे एक बेहतर वक्ता भी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर प्रसिद्ध क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और निशानेबाज अभिनव बिंद्रा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने इतिहास रचने वाली दीपा मलिक की जमकर प्रशंसा की है। दीपा पैरालंपिक खेलों में पदक जीतकर यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हो गई हैं। दीपा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीमिंग में मेडल जीत चुकी हैं। 2012 में उन्हें 'अर्जुन पुरस्कार' से नवाजा जा चुका है। भाला फेंक में दीपा मलिक के नाम पर एशियाई रिकॉर्ड है, जबकि गोला फेंक और चक्का फेंक में उन्होंने 2011 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीते थे। ■



दीपा मलिक
जन्म : 30 सितंबर, 1970

## अपनी बात

**सुबह** की सैर यानी पैदल चलना व्यायाम का एक आकर्षक रूप है। ज्यादातर लोग इसे कर सकते हैं और इसके कई फायदे हैं। प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है। रोजाना टहलने से सर्दी या फ्लू होने का खतरा कम हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि जो लोग सप्ताह में 5 दिन, दिन में कम से कम 20 मिनट टहलते हैं, उनके बीमार होने की संभावना 43 प्रतिशत कम होती है और अगर आप बीमार पड़ते हैं, तो आपके लक्षण हल्के होने की संभावना है। बेहतर रक्त संचार। जब आप चलते हैं, तो आपकी हृदय गति बढ़ जाती है और इससे आपका रक्तचाप कम हो जाता है। यह समय के साथ आपके हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है और आपके समग्र रक्त संचार में मदद करता है। आप प्रतिदिन 2 मील पैदल चलकर स्ट्रोक के जोखिम को भी कम कर सकते हैं। जोड़ों को सहारा। जब आप चलते हैं तो आपके जोड़ आपस में दब जाते हैं। यह गति और दबाव उन्हें जोड़ों के तरल पदार्थ तक पहुंचने के लिए खोलता है। इससे आपके जोड़ों में अधिक ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचते हैं, जिससे उन्हें काम करने और बेहतर महसूस करने में मदद मिलती है। अधिकतम लाभ के लिए, सप्ताह में कम से कम 150 मिनट सुबह की सैर के लिए निकालें। **रुक्षांत, भड़वाल**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# किस दिशा में देश, भावी पीढ़ी को क्या संदेश

हमारा देश, हमारी मातृभूमि, हमारा समाज और संस्कृति की अमूल्य धरोहर विश्व भर में अतुलनीय और अद्वितीय है। पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसी सभ्यता या संस्कृति होगी, जो कि इतनी विविधताओं को संजोए हुए, पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती हो। हमारा देश वीर बलिदानियों की भूमि है, महान दार्शनिकों, शिक्षाविदों और ऋषि मुनियों की पावन भूमि है। सदियों से इस धरती पर ज्ञान विज्ञान और भक्ति की अनमोल धरोहर रही है, जिसने पूरे विश्व को अपने ज्ञान के दीपक से आलोकित किया है। महान राष्ट्रभक्त संतों ने अपनी विद्वत्ता और ज्ञान से भारत की पताका पूरे विश्व में फहराई है। स्वामी विवेकानंद के द्वारा 11 सितंबर 1893 को शिकागो के धर्म सम्मेलन में भारतीय संस्कृति और सभ्यता तथा ज्ञान के प्रकाश से पूरे विश्व को अवगत करवाना और अचंभित करना अपने आप में एक अद्वितीय उदाहरण है।

सदियों की स्वतंत्रता की बेड़ियों से भारत माता को मुक्ति दिलाने में जितने भी महान राष्ट्रभक्त बलिदानियों ने अपने प्राण, इसलिए अर्पित कर दिए, क्योंकि वे अपनी कुर्बानी में देश का भविष्य परिकल्पित करते थे। उन्होंने अपने स्वार्थ हेतु कभी कोई भी इच्छा नहीं की, उनके बलिदान में उनके मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और भक्ति की भावना की अनमोल चाहत थी, जिसके लिए उन्होंने सर्वोच्च त्याग और बलिदान दिया। इसी दृढ़ भावना और दृढ़ संकल्पित मन से वे आजादी के मार्ग पर बड़ी से बड़ी मुश्किल को हंसते-हंसते सह गए और हमें दे गए, आजादी की खुली वादियों में सांस लेने का उपहार और विरासत। आज अगर हम आत्मावलोकन और आत्ममंथन करने का प्रयास करें, तो हमारी अपनी आत्मा भी हमें कोसेगी कि क्या वीर बलिदानियों का यही अरमान था, जिस दिशा में हम देश को लेकर जा रहे हैं। आखिर उनके बलिदान के बदले में हम अपनी ओर से क्या भाव रख रहे हैं, यह हम सभी के लिए आत्मचिंतन का विषय है। त्याग और समर्पण की इस धरा पर हमारी वर्तमान व्यवस्था देश को किस दिशा में लेकर जा रही है, यह गंभीर चिंता का विषय है।



लेखक : विक्रम वर्मा
स्वतंत्र लेखक, चंबा

एक ऐसा भी दौर हुआ करता था, जब राजनीतिक और कार्यकारी व्यवस्था में नैतिकता और परोपकार तथा जनता के प्रति प्रतिबद्धता की भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती थी। सच्चाई और ईमानदारी राजनीति और कार्यकारी व्यवस्था में महत्वपूर्ण गुण और शान हुआ करतीं थीं। ईमानदार जननेताओं और अधिकारी, कर्मचारियों को लोग सम्मान की दृष्टि से देखा करते थे और उनके आदर्श आचरण के प्रतिमान परिलक्षित होते थे, उनके आचरण और व्यवहार में उनकी कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठता में। एक दौर हुआ करता था कि जब किसी भी तरह की घटना या दुर्घटना होने पर या किसी भी प्रकार का आरोप लगने पर राजनेता नैतिकता के आधार पर त्यागपत्र सौंप दिया करते थे और सारी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले लेते थे।

देश में सबसे पहला उदाहरण पेश किया था स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी ने जब रेल मंत्री होते हुए, उस समय हुई रेल दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए, उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे कर देश के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया था। ऐसे अनेक उदाहरण हमारे देश में सुनने में आते हैं। जो सभी के लिए अनुकरणीय साबित हो सकते हैं यदि राजनीतिज्ञ सच्ची निष्ठा और ईमानदारी से देश सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हों तो। वर्तमान समय में राजनीतिक व्यवस्था में आदर्शवाद नैतिकता और कर्तव्य बोध न जाने क्यों और कहां खो गया है। आज के परिदृश्य में मात्र दिखावा, छलावा और झूठ का बोलबाला ही परिलक्षित हो रहा है। नैतिक मूल्य और आदर्शवादी विचारधारा तो मानो भूतकाल का विषय बन कर रह गए हैं। रही कसर विभिन्न टीवी चैनलों पर प्रसारित होने वाले वाद-विवाद कार्यक्रमों ने पूरी कर दी है। जहां पर सत्य को छिपाने और मिथ्या को सही साबित करने में लोग अपनी पूरी ताकत झोंक देते हैं।

न भाषा की मर्यादा और न ही तथ्यों की प्रमाणिकता, मात्र विचारों की नकारात्मक अभिव्यक्ति। देख कर तो अच्छा खासा मनुष्य भी पागल हो जाए। ऐसे परिदृश्यों ने एक भयंकर प्रदूषण, जिसे विचार प्रदूषण मान सकते हैं, ने पूरे समाज और वातावरण में द्वेष, ईर्ष्या और नफरत की भावना से भर दिया है जो कि एक गंभीर चिंता का विषय है। आज हर तरफ नफरत, मिथ्या वाद, दोषारोपण, नकारात्मक बयानबाजी, अपने लोगों के संरक्षण के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग मात्र स्वार्थ सिद्धि के लिए ही हैं। अगर इन सभी बातों पर गंभीरता से गौर किया जाए, तो हमें यह अवश्य ही अहसास होगा कि आखिरकार हम किसी न किसी रूप में अपने वर्तमान को कलुषित और भावी पीढ़ी का भविष्य भी धूमिल कर रहे हैं, जिस से अपने भविष्य निर्माण में प्रयासरत युवा हृदय अवश्य ही विचलित हो रहे हैं। जो कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में बहुत बड़ी बाधा है। यह समाज में किसी भी जागरूक और समझदार नागरिक होने के नाते हम सभी का नैतिक कर्तव्य और उत्तरदायित्व है कि हम अपने समाज में स्वस्थ और सकारात्मक सोच और नजरिया विकसित करने का प्रयास करें। ताकि वर्तमान समय खुशहाली से भरा हो और भावी पीढ़ी को हम स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त कर सकें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नोडल मारुति युवा मंडल कोठी गैहरी ने की सफाई



**अनंत ज्ञान, मंडी।** नेहरू युवा केंद्र मंडी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से नोडल मारुति युवा मंडल कोठी गैहरी के द्वारा हनुमान मंदिर जीरो पॉइंट में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया जिसमें 20 से अधिक युवाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। युवाओं ने द्वारा मंदिर परिसर और आसपास की सफाई की गई और युवाओं के द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई, युवा मंडल प्रधान सचिन सकलानी ने बताया नेहरू युवा केंद्र मंडी के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक जिला में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में मारुति युवा मंडल के प्रधान सचिन सकलानी, पूर्व प्रधान अजय, संजय, नितिन, जगदीश, तरुण, इशांत और अन्य युवा मंडल के युवा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### गांव बनाई हार में 'श्री अजियापाल युवक मंडल' का गठन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत मसौली के गांव बनाई हार में युवाओं द्वारा 'श्री अजियापाल युवक मंडल' का गठन किया गया। गांव के सभी युवकों ने एक बैठक में सर्वसम्मति से इस मंडल का गठन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को संगठित कर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों में योगदान देना है। मंडल के गठन के बाद युवाओं ने अपनी नई कार्यकारिणी का चुनाव किया। बैठक में दीपन कुमार को युवक मंडल का प्रधान चुना गया, वहीं सतीश कुमार को उप प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। भारत भूषण को सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। मुख्य सलाहकार के रूप में यशपाल, सलाहकार के रूप में रामकृष्ण, मीडिया प्रभारी के रूप में साहिल ठाकुर और कोषाध्यक्ष के रूप में गौरव की नियुक्ति हुई। बलवंत सिंह, कृष्णदेव, आशीष, मनीष कुमार, संजय कुमार और रोहित कुमार को कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में चुना गया। गठन के बाद मंडल के पहले कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत की प्रधान अंजना शर्मा ने शिरकत की।

### जालपा कला मंच सेरू में 2 से रामलीला का आयोजन शुरू



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जालपा कला मंच सेरू में रामलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। रामलीला का शुभारंभ 2 अक्तूबर से होगा, जिसमें मंच के प्रतिभाशाली कलाकार भगवान श्री राम के जीवन से जुड़ी घटनाओं का मंचन करेंगे। जालपा कला मंच के संचालक दीपन कुमार ने यह जानकारी दी और बताया कि इस पारंपरिक आयोजन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के लोगों का हमेशा की तरह भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। मंच संचालक ने बताया कि इस वर्ष की रामलीला में भी विशेष साज-सज्जा और प्रकाश व्यवस्था का ध्यान रखा गया है, जिससे दर्शकों को एक अद्वितीय अनुभव प्राप्त हो।यह आयोजन धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखने का एक महत्वपूर्ण साधन है और हर वर्ष इसमें हजारों दर्शक भाग लेते हैं। इस अवसर पर जालपा कला मंच के प्रधान सुरेंद्र कुमार, उप प्रधान प्रदीप कटोच, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव सुदेश कुमार, डायरेक्टर सचिन, स्टोर कीपर हरि सिंह के साथ मंच के प्रमुख कलाकार विजय कुमार, शिवम कुमार, कालिदास, गोपी, मुकेश, विक्रम, संदीप कुमार और निकेश भी उपस्थित थे। चार साल की आशवी ने चिंतपूर्णी महोत्सव में किया धमाल,

### सिंगर कुलविंदर बिल्ला के साथ साझा किया मंच



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल से ताल्लुक रखने वाली चार साल की छोटी डांसर आशवी ने अपने डांस से चिंतपूर्णी महोत्सव में समां बांध दिया। ऊना में आयोजित इस महोत्सव में आशवी की परफॉर्मेंस ने न केवल वहां की जनता बल्कि महोत्सव में शामिल बड़े अधिकारियों का भी दिल जीत लिया। आशवी की मां नेहा ने गर्वित होकर बताया कि ऊना की जनता उनकी बेटी की डांस परफॉर्मेंस देखकर उनके फैन बन गई। इस कार्यक्रम में दोनों ने मिलकर मंच पर धमाल मचाया और वहां मौजूद लोगों की तालियां और सराहना हासिल की। आशवी की मां ने इसे मां चिंतपूर्णी का आशीर्वाद मानते हुए कहा कि ऐसा लगा जैसे खुद मां ने कुलविंदर बिल्ला को उसकी बेटी के पास भेजा हो। वहीं डीसी ऊना और एसडीएम ने भी भरपूर तारीफ की।

### भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष बने चतर सिंह



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भारतीय किसान संघ की चौंतड़ा खंड की त्रैमासिक बैठक रविवार को जोगिंद्रनगर किसान भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संतराम ने की, जिसमें खंड के नए पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। इस मौके पर निर्वाचन अधिकारी के रूप में प्यार चंद ने जिम्मेदारी निभाई, जबकि द्रंग खंड प्रचार प्रमुख नंदलाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चुनाव के दौरान अध्यक्ष पद के लिए चतर सिंह को चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में चमेल सिंह का चयन हुआ, वहीं सोहन सिंह को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त संजय कुमार, बलवीर सिंह, बुद्धि सिंह और राज सिंह को अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया गया। सभी चुने गए पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गए और भविष्य में संघ के कार्यों को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

### राष्ट्रीय पोषण माह के तहत किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृत्त पर्यवेक्षिका संतोष कुमारी ने संतुलित आहार जानकारी दी। इस अवसर का लाभ उठाते हुए पोषण से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका संतोष कुमारी ने संतोषजनक उत्तर दिया। इस प्रकार के कार्यक्रमों से निश्चित रूप से स्थानीय समुदाय में स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी।

### जल शक्ति विभाग की नई दरों का किया विरोध

**जोगिंद्रनगर।** जल शक्ति विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र के कारोबारी पेयजल उपभोक्ताओं के लिए अक्तूबर से लागू की जाने वाली नई दरों की अधिसूचना ने स्थानीय व्यापारियों में रोष पैदा कर दिया है। व्यापार मंडल ने इस अधिसूचना को लेकर मुख्यमंत्री से तत्काल रद्द करने की मांग की है। अधिसूचना के अनुसार, नई दरों के तहत शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को जिनमें होटल, ढाबा, रेस्तरां और अन्य व्यापारी शामिल हैं, अब पानी के बिल अधिक चुकाने होंगे। व्यापार मंडल के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने बताया कि इस नई व्यवस्था के अंतर्गत पानी के बिल तीन अलग-अलग स्लैबों में बढ़ाए गए हैं, जो कि खासकर मध्य वर्गीय कारोबारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालेगा। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि कोई समाधान नहीं निकला, तो वे राज्य सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### कैंप में 450 मरीजों ने करवाई जांच



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** असहाय सेवा समिति सुंदरनगर द्वारा हृदय जांच कैंप सुंदरनगर में आयोजित किया जा रहा है। कैंप में आईजीएमसी कार्डियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों और मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने 450 के करीब मरीजों का हृदय और अन्य चिकित्सा जांच की। जिसने 50 नए हृदय मरीजों को गहन चिकित्सा हेतु शिमला बुलाया गया है। निशुल्क 138 के करीब ईसीजी और 85 इको टेस्ट, 250 के करीब शुगर टेस्ट और मुफ्त दवाइयां भी बांटी गई। असहाय सेवा के वरिष्ठ उपप्रधान केएस जमवाल ने बताया कि कैंप 10 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति के चीफ पैटर्न जनक राज सेन, प्रधान प्रेम लाल सैनी, सचिव जेपी गुप्ता, कोषाध्यक्ष मस्त राम वर्मा, गोपाल गुप्ता, दीपक धीमान, प्रेस सचिव अश्वनी सैनी उपस्थित रहे।

# बीएसएल परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था की चाबी सीआईएसएफ को सौंपी

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**





बीएसएल की सुरक्षा की कमान सौंपते हुए।

हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के सुंदरनगर स्थित 990 मेगावाट की बीएसएल परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था की चाबी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानी सीआईएसएफ के हवाले कर दी गई है। इसको लेकर रविवार को बीएसएल स्कूल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में परियोजना के चेयरमैन ई. मनोज त्रिपाठी, सीआईएसएफ हेडक्वार्टर नई दिल्ली से एडीजी कुंदन कृष्ण और डीआईजी नार्थ जोन-2 जम्मू के वर्तुल सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर चेयरमैन मनोज त्रिपाठी ने एडीजी कुंदन कृष्ण को परियोजना की प्रतिकात्मक सुरक्षा चाबी भी हस्तांतरित की गई।

कार्यक्रम में परियोजना के उप मुख्य अभियंता ई. केएस ठाकुर, विमल कुमार मीणा सहित अन्य आला अधिकारी और कर्मचारी सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

बीबीएमबी प्रबंधन के चेयरमैन ई.मनोज त्रिपाठी ने कहा कि बीबीएमबी प्रबंधन के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। बीएसएल परियोजना में सीआईएसएफ को सुरक्षा का जिम्मा दो वर्ष पूर्व हस्ताक्षरित एमओयू के अनुसार सौंप दिया गया है। बीबीएमबी प्रबंधन के लिए सीआईएसएफ के जवानों की सेवाएं प्राप्त होना गर्व का विषय है।

मनोज त्रिपाठी ने कहा कि बीबीएमबी द्वारा पूरे उत्तर भारत में पानी और विद्युत पहुंचाई जा रही है जिससे बीएसएल जैसी देश की महत्वपूर्ण परियोजना की देखरेख प्रबंधन कर रहा है। बीबीएमबी के बांधों से ही पंजाब और हरियाणा में अच्छी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसलिए इन सबके लिए विशेष रूप से लेस सीआईएसएफ जैसी सुरक्षा एजेंसी मुहैया कराई गई है। इससे पूर्व हिमाचल पुलिस द्वारा कई दशकों से बीएसएल परियोजना को बेहतरीन सुरक्षा व्यवस्था दी गई है। सीआईएसएफ के आने से हिमाचल प्रदेश सरकार को एक बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी वापस मिलने जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सीआईएसएफ कमांडो की प्रस्तुतियां रही आकर्षण का केंद्र

बीएसएल परियोजना में सीआईएसएफ इंडक्शन को लेकर आयोजित कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुरुष और महिला कमांडो व अग्निशमन कर्मियों की प्रस्तुतियां रही। इस मौके पर सीआईएसएफ की पुरुष कमांडो विंग ने किसी हमले में बनाए जाने वाली आक्रमण स्थितियों को प्रदर्शित किया। इसके साथ महिला कमांडो विंग ने आंखों पर काली पट्टी बांध कर आधुनिक हथियारों के विभिन्न हिस्सों को अलग-अलग कर फिर से जोड़ा गया। इसके अलावा सीआईएसएफ की अग्निशमन टीम ने आपातकालीन स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम देने की प्रस्तुति को लोगों द्वारा खूब सराहा गया।



# गीता देवी के सर पर सजा पार्षद का ताज



मतदान केंद्र पर अपनी बारी का इंतजार कतार में खड़े होकर करते हुए मतदाता।

**आदर्श यादव, नेरचौक**

नगर परिषद नेर चौक के वार्ड नंबर 9 डडोर को एक दशक उपरांत पहली बार पार्षद मिला है। रविवार को इस वार्ड के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गए। मतदाता सूची के मुताबिक 1126 मतदाताओं में से 770 मतदाताओं ने इन चुनावों में मतदान किया। भावना कुमारी व गीता देवी के मध्य हुए सीधे मुकाबले में गीता देवी ने यह चुनाव 58 मतों से जीत लिया। दो दशकों से नगर परिषद का विरोध करते आ रहे इस वार्ड के ग्रामीणों ने पहली बार अपने मताधिकार का पार्षद पद के लिए प्रयोग किया।

मतदान सुबह 8:00 बजे शुरू हुआ और शाम 4:00 बजे निर्धारित समय पर संपन्न हो गया। वहीं मृतकों के मतदाता सूची में नाम दर्ज होना और जीवित मतदाताओं के नाम सूची से गायब होना बेहद अजीब विषय है जो की चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्य प्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े करता है।

भले ही यह चुनाव राजनीतिक चुनाव चिन्ह पर नहीं था मगर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी व पूर्व मंत्री स्वर्गीय चौधरी पीरू राम का गृह वार्ड होने के कारण यहां प्रकाश चौधरी व पूर्व मंत्री स्वर्गीय पीरु राम चौधरी के परिवार से ताल्लुक रखने वाली भाजपा नेत्री सुमन चौधरी व कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी गंगवीर चौधरी तथा महंत राम चौधरी के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया था जिसमें पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी समर्पित उम्मीदवार भावना को हार का सामना करना पड़ा है।

### परिवार के कई सदस्यों के नाम मतदाता सूची से गायब

मतदाता सूची से पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रकाश चौधरी की धर्मपत्नी, एक बेटे व दोनों बहुओं के नाम भी गायब बताए जा रहे हैं वहीं कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी कश्मीर सिंह के परिवार को भी इस मतदाता सूची से बाहर कर दिया गया है। उधर पूर्व मंत्री स्वर्गीय चौधरी पीरु राम के परिवार के कई सदस्यों के नाम भी इस मतदाता सूची से गायब थे।

# युवाओं को धोखा दे रही भाजपा : अनिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



चुनाव प्रचार करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया कॉर्डिनेटर एवं हिमाचल कांग्रेस प्रवक्ता अनिल गोयल ने बिरोकेसर, केला कालोनी, प्रेड मल्ला, कराड़ी मल्ला, हड़िया मल्ला, कमेटी घर, हरदास कालोनी, हाउसिंग बोर्ड, रामसर बनिवालिया में लोगों से कालका सीट से प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के लिए वोट मांगे। वहीं कांगू वाला और टिप्रा में जनसभा को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार जन विरोधी सरकार है। भाजपा ने पिछले 10 सालों में देश के पढ़े लिखे युवाओं के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में बेरोजगारी दर लगभग 5.6 प्रतिशत थी, जबकि 2023 में बेरोजगारी दर बढ़कर लगभग 26 प्रतिशत हो गई है। वर्ष 2014 में देश की कृषि विकास दर 12 प्रतिशत थी, जबकि 2022 में लगभग 2.6 प्रतिशत रह गई।

शिक्षा की गुणवत्ता में 2014 में 10वीं कक्षा में पास प्रतिशत लगभग 50 प्रतिशत था जोकि 2022 में गिर कर 40 प्रतिशत रह गया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने लोगों का आह्वान किया कि भाजपा के झूठे प्रचार और बहकावे में न आएं। इस अवसर पर विजय बंसल एक्स चेयरमैन मैन मार्किट, अजय सिंगला, ईश्वर कश्यप एडवोकेट, इंदर वीर, कुलवंत राणा, नरेंद्र कोहली, देव कोहली, नीरज कश्यप युव राज, साहिल शर्मा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हिमाचल को जहरीले गैस से लड़ना सीखाएंगे मरीन कंमाडो

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सरकाघाट में कुएं की जहरीली गैस से दंपति की मौत होने के बाद फेल हुए आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए दो मरीन कमांडो से ट्रेनिंग ली जाएगी। सरकाघाट प्रशासन के सामने आए पहले ऐसे मामले से निपटने में दोनों कमांडो ने जिस तरह से अदम्य साहस का परिचय देकर शवों को बाहर निकाला है ।

आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए सेवाएं लेने की तैयारी कर ली है। एसडीएम स्वाति डोगरा ने आलाधिकारियों को पत्र लिख कर दोनों कंमाडो को आपदा प्रबंधन की मुहिम में जोड़कर लोगों को जागरूक करने के लिए लिखा गया है।

### मरीन कंमाडो की क्यों हो रही वाहवाही



दंपति को बाहर निकालने वाले मरीन कमांडो

**पन्नयौर** गांव के रिटायर्ड मरीन इंजीनियर राकेश डोगरा और रिटायर्ड नेवी अफसर विनोद गुलेरिया ने कुएं की तलहटी में जाने का फैसला लिया। राकेश ने ऑक्सीजन का सिलेंडर लेकर कुएं में पहुंचकर महिला का शव रस्सी से बांधकर बाहर निकला इसी दौरान सिलेंडर में ऑक्सीजन खत्म हो गई तो तो मेरीन कमांडो राकेश डोगरा ने नेवी के अनुभवों का प्रयोग करते हुए विनोद गुलेरिया को चादर हवा में लहराने का इशारा किया जिससे कुएं में फैली जहरीली गैस में हवा से ऑक्सीजन मिलना शुरू हुई और जहरीली गैस का असर कम होता गया।

### हादसे ने दिया प्रदेश को सबक : एसडीएम

**एसडीएम** स्वाति डोगरा ने कहा की क्लोट गांव में जहरीली गैस से जो हादसा हुआ है उसमें दंपति के शवों को निकालने के लिए दोनों मरीन कमांडो ने उम्दा साहस का परिचय देकर प्रशासन की मदद की है। इस हादसे ने पूरे प्रदेश को सबक दे दिया है। उन्होंने खुद जिला प्रशासन से रेस्क्यू टीम को जहरीली गैस से निपटने के लिए प्रशिक्षण देने की बात की है।

### शिविर में राजा सिंह मल्होत्रा ने किया रक्तदान



**मंडी।** रक्तदान शिविर का आयोजन टैगोर अकादमी धनोटू में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजा मल्होत्रा और विशेष अतिथि के रूप में देवी राम चौहान और अमित भाटिया रहे। रक्तदान शिविर का आयोजन रमेश कुमार ने किया। रक्तदान शिविर में लगभग 30 से अधिक युवाओं और युक्तियां ने हिस्सा लिया इस रक्तदान शिविर में उनके सहयोगी दिनेश कुमार, खेमचंद ठाकुर, हिमालय ब्लड डोनर से सुरेश कुमार, विशाल आदि मौजूद रहे।

# कल्याणी संस्था ने स्वच्छता मित्र किए सम्मानित

**पुष्पराज, मंडी**



स्वच्छता मित्रों को सम्मानित करने के उपरांत आयुक्त, पार्षद अन्य एवं अन्य।

वार्ड नंबर 9 द्वारा सिद्ध गणपति मंदिर परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में नगर निगम आयुक्त एचएस राणा ने शिरकत की उनके साथ एसडीओ नगर निगम नरेश चौहान और सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया भी मौजूद रहे।

इस दौरान कल्याणी सामाजिक संस्था के सौजन्य से वार्ड नंबर 9 के स्वच्छता मित्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और साथ ही सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया को भी उनके सराहनीय कार्य को देखते हुए सम्मानित किया गया। वहीं स्थानीय पार्षद सुमन ठाकुर द्वारा कहानी के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और उन्होंने नगर निगम आयुक्त एचएस राणा को यह आश्वासन दिलाया कि 2 माह में कुछ कमियों को पूरा कर नगर निगम के 15 वार्डों में 9 नंबर वार्ड सबसे अव्वल आएगा।

नगर निगम आयुक्त एचएस राणा ने बताया कि स्कोढी खड्ड शहर में एक महत्वपूर्ण जल निकाय है जिसमें समस्या यह सामने आ रही है कि स्कोढी खड्ड के समीप के कुछ घरों द्वारा शौचालय का मल मूत्र नाले में बहाया जा रहा है। आयुक्त एचएस राणा ने लोगों से आग्रह किया है की इस प्रकार की गतिविधियों को अंजाम न दें नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# स्वयंसेवियों ने संवारा स्कूल परिसर

**अनंत ज्ञान, मंडी**



एनएसएस शिविर के स्कूल परिसर की सफाई करते बारोट स्कूल के स्वयंसेवी।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोट में एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवी अनेक गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई की।

कार्यक्रम अधिकारी सुनील कटोच ने बताया कि यह शिविर 26 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक चलेगा। शिविर में 52 स्वयंसेवी भाग ले रहे है। इस अवसर पर प्रवक्ता उपासना शर्मा, निशा ठाकुर और टीजीटी कृष्ण सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# गुरुद्वारा मंडी के समीप बस ने राहगीर को टक्कर मारी, कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी में रविवार को एक प्राइवेट बस जो कि मंडी से मनाली जा रही थी बस नम्बर एचपी 33 3425 ने किनारे से गुजर रहे एक राहगीर को टक्कर मार दी। घायल व्यक्ति की पहचान प्रदीप कुमार पुत्र परस राम निवासी भोजपूर तहसील सुंदरनगर के रूप में हुई है।

वहीं पीड़ित प्रदीप कुमार ने बताया कि ब्रह्मा कुमारी आश्रम मंडी पैदल जा रहे थे तो गुरुद्वारा मंडी के समीप बस ने टक्कर मारी और थोड़ी देर रुक कर भाग गया। वहीं आगे कुछ ही दूरी पर मंडी पुलिस के कर्मचारी तैनात थे जिनके पास शिकायत करने गए तो महिला थाना मंडी के कार्यालय में घायल अवस्था में भेज दिया, वहां थाना में तैनात पुलिस कर्मियों ने प्राथमिकी दर्ज करने से इंकार कर दिया। जिसके उपरांत पीड़ित प्रदीप कुमार निराश होकर ब्रह्मा कुमारी आश्रम चला गया तो वहां पर उन्हें फर्स्ट ऐड दिया गया। प्रदीप कुमार ने कहा कि चोटिल किया गया है।

उन्होंने मंडी प्रशासन व पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि उपरोक्त बस चालक व परिचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### नशा रोकथाम के लिए लगाया जागरूकता शिविर

**सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में बढ़ते सिन्थेटिक नशे के बढ़ते उपभोग और सप्लाई को रोकने के लिए साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान समिति ने अभियान चलाया है।जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भूपिंदर भूप्पी की अध्यक्षता में नशा मुक्ति अभियान समिति गठित की है। अभियान के पहले चरण में कमेटियां गठित करके अब शिक्षण संस्थानों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं सजाओपीपलु, टिहरा, चोलथरा, धर्मपुर, विजय मेमोरियल पब्लिक स्कूल, सिद्धपुर, संधोल, कोठुवां, आईटीआई संधोल, डीएवी गरयोह में शिविर आयोजित किए।

# आंदोलन का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण : राजीव

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर भाजपा मंडल के मीडिया प्रभारी राजीव आर्य ने माकर्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता भूपेंद्र सिंह द्वारा प्रदेश में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे जन आंदोलन पर विरोध जताने की कड़ी आलोचना की है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादियों द्वारा चलाया जा रहा यह आंदोलन पूरी तरह से कानूनी ढांचे के भीतर और राज्य में किसी भी व्यक्ति या समुदाय द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने और प्रवासियों की आड़ में राष्ट्र विरोधी ताकतें हिमाचल और हिमाचलियत पर कब्जा न कर ले, के उद्देश्य से हो रहा है। राजीव आर्य ने कहा, आंदोलन का उद्देश्य सिर्फ अवैध निर्माण को हटाने और राज्य में प्रवासियों की पहचान की सत्यता की स्पष्टता स्थापित करना है क्योंकि यह राज्य की सुरक्षा का मसला है न कि किसी समुदाय विशेष के खिलाफ है।

कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा इस आंदोलन का विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह उनके राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा है, जो समाज में अस्थिरता और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है। हमारा देश एक लोकतांत्रिक देश है इसमें कोई भी व्यक्ति कहीं भी आ जा सकता है परंतु क्या कोई व्यक्ति बिना पहचान बताए देश के भीतर आना चाहिए। क्या मार्कर्सवादी कम्युनिस्ट नेता भूपेंद्र सिंह चाहते हैं कि हिमाचल में भी कोई भी व्यक्ति बिना अपनी पहचान की स्त्यापता के कहीं भी आता जाता रहे।

अगर कोई भी किसी भी समुदाय का व्यक्ति प्रदेश में बदनीयत से नहीं आया है तो उसे अपना नाम और पहचान बताने में क्यों आपत्ति होगी। यह आंदोलन हिमाचल प्रदेश के संविधान और कानून का सम्मान करता है और यह किसी भी समुदाय विशेष के खिलाफ नहीं है।

**आत्मनिर्भरता** सरकार की मदद और अपनों के साथ ने बदली उर्मिला की तकदीर

# स्वयं सहायता समूह से जुड़कर शुरू किया फास्ट फूड उद्यम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



थोड़ा सा उत्साह, अपनों का साथ और सरकार का मदद वाला हाथ। इन तीनों ने उर्मिला को सामान्य गृहिणी से एक उद्यमी के रूप में स्थापित होने तथा आत्मनिर्भरता की राह दिखाई है।

भडयाल की उर्मिला की जिंदगी कुछ साल पहले तक एक गृहिणी के रूप में ही बीत रही थी। इसी बीच वह बाला कामेश्वर स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं और इसके बाद ही उनके हौसले भी परवान चढ़ने लगे। महिलाओं को घर बैठे स्वरोजगार की दिशा दिखाने में यह समूह उपयोगी भूमिका निभा रहे हैं, इसका अहसास अब उर्मिला को बखूबी हो चुका था।

उर्मिला ने बताया कि उनके पति गोपाल सिंह निजी क्षेत्र में मोटर मैकेनिक का कार्य करते हैं। पति का हाथ बंटाने के लिए उन्होंने पहले कपड़ों का व्यापार शुरू किया, मगर ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण उसमें ज्यादा लाभ नहीं हो पा रहा था।

उन्होंने स्वयं सहायता समूह के माध्यम पहले 50 हजार रुपए तथा बाद में एक लाख रुपए का ऋण लिया और फास्ट फूड का व्यवसाय शुरू किया। इसके अतिरिक्त उन्हें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (पीएमएफएमई) के तहत भी 40 हजार रुपए की ऋण राशि प्राप्त हुई है। भडयाल बाजार में जालपा फास्ट फूड के नाम से शुरू किया गया उनका व्यवसाय अब अच्छे से चल निकला है। (अनंत ज्ञान)

### वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए सहायता की जा रही प्रदान : डीसी

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट मोबिलाइजेशन के तहत वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए सहायता प्रदान की जा रही है। वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में दो करोड़ 51 लाख रुपए की राशि वितरित कर 95 स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न उद्यमों के लिए ऋण राशि वितरित की गई है।

# प्रशासन ने किसानों के हित नजरंदाज किए तो देंगे धरना: भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



जानकारी देते किसान।

धर्मपुर उपमंडल की सरसकान पंचायत के हवानी गांव की आठ बीघा भूमि को अधिगृहित किया जा रहा है जबकि प्रभावित किसान गत दो वर्षों से इस अधिग्रहण का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। भूमि पर निर्माणाधीन एनएच-03 की डंपिंग साईट बनाने का विरोध करने के बावजूद भी उसे वहीं पर ही बनाने से भूमि मालिक मानसिक रूप में भारी तनाव में है।

माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने प्रस्तावित साईट का दौरा करने के बाद बताया कि कई बार राजस्व विभाग और एनएच की टीमों ने यहां पर दौरा भी किया और मौखिक रूप में यहां पर साइट न बनाने की बातें की हैं।

गत सप्ताह निर्माण कंपनी के ठेकेदार ने जमीन के मालिक जय सिंह को ये निर्देश दिये हैं कि वे इस ज़मीन में उगी धान की फसल को जल्दी काट लें ताकि वहां पर डंपिंग साईट बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा सके। भूपेंद्र सिंह ने मांग की है कि इस डंपिंग साईट को यहां के बजाए दूसरी जगह बनाया जाए अन्यथा वे प्रभावितों के साथ धरना देंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना-पीरनिगाह रोड 10 माह के लिए रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना-पीरनिगाह रोड 30 सितंबर से लेकर 31 जुलाई, 2025 तक यातायात के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने बताया कि मलाहत-पीरनिगाह सड़क पर रेलवे क्रॉसिंग की जगह रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण कार्य को बिना किसी रुकावट के त्वरित एवं सुचारु रूप से करने के लिए ये आदेश जारी किए गए हैं। इस अवधि के दौरान विकल्प मार्ग के तौर पर हल्के वाहनों के लिए यातायात को बाया भड़ोलियां-मलाहत संपर्क मार्ग, चताड़ा से बसोली को जोड़ने वाले मैहतपुर- ऊना रोड और ऊना- पीरनिगाह रोड सभी प्रकार के वाहनों के लिए और रक्कड़-बसोली को जोड़ने वाले मेहतपुर-ऊना रोड और पीरनिगाह-ऊना रोड पर हल्के और मध्यम वाहनों की आवाजाही रहेगी।

### जरनैल बैंस को सौंपी भीम आर्मी की कमान



नव नियुक्त अध्यक्ष के साथ कार्यकारिणी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन इकाई हिमाचल प्रदेश द्वारा रविवार को नगर परिषद संतोखगढ़ के वार्ड नंबर पांच अंबेडकर नगर में बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भीम आर्मी हिमाचल प्रभारी हितेश माही ने की। बैठक में सर्वसहमति से भीम आर्मी का विस्तार किया किया, जिसमे जिला ऊना अध्यक्ष की कमान जरनैल बैंस बाथड़ी को दी गई, उपाध्यक्ष नीरज बंगा को चुना गया। बंगाना ब्लॉक का अध्यक्ष संजीव भरद्वाज को बनाया गया व उपाध्यक्ष रमेश हीरा को चुना गया। हरोली ब्लॉक के लिए वरिंद्र भट्टी को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष गुरदेव चंद को बनाया, वहीं अशोक सहजल, मनीष बंगड़ व कमजीत लंकेश को प्रदेश कार्यकारणी में लिया गया। औद्योगिक क्षेत्र के लिए मुकेश सहजल को अध्यक्ष बनाया व आईटी सेल के लिए लखबीर सहोता को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त अध्यक्ष जरनेल बैंस बाथड़ी ने कहा की वह सांसद चंद्रशेखर व हितेश माही के आदेशानुसार जिला में हर वर्ग के लिए काम करेंगे।

### कुटलैहड़ में भाजपा सदस्यता अभियान जोरों पर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने रविवार को ग्राम पंचायत अरलू के प्रधान महिंद्र सिंह राणा के घर पर सैंकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मोदी की मन की बात को सुना, जहां देश के प्रधानमंत्री द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का भी पीएम मोदी ने जिक्र किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में शुभाश्री का उल्लेख किया। इन्होंने दुर्लभ और बहुत उपयोगी जड़ी-बूटियों का एक बगीचा तैयार किया है। शुभाश्री तमिलनाडु के मदुरै की रहने वाली हैं। पेशे से शुभाश्री शिक्षिका हैं। 80 के दशक में सांप ने उनके पिता को काट लिया था। तब जड़ी-बूटियों ने उनकी सेहत सुधारने में काफी मदद की थी। इस घटना के बाद उन्होंने जड़ी-बूटियों की खोज की और अपने गांव में बाग तैयार किया। पीएम मोदी ने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम के भी 10 साल पूरे हुए हैं। इस अभियान की सफलता में बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदार तक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान से गरीब, मध्यम वर्ग और एमएसएमई को बहुत फायदा मिल रहा है। आज भारत मेन्युफैक्चरिंग का पावर हाउस बना है। हर क्षेत्र में देश का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज कुटलैहड़ में भाजपा सदस्यता अभियान जोर-शोर से चला हुआ है। इस मौके पर प्रधान महिंद्र सिंह राणा, राजू राणा, सूरम सिंह, अरुण पटियाल, अभय राणा सुदर्शन शर्मा के अलावा कई गणमान्य मौजूद रहे।

# रूहानी गायकी से महका स्मृतियों का 'एहसास'

## प्रख्यात शिक्षाविद स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के जन्मदिन पर मशहूर सूफी गायक लखविंद्र वडाली ने हरोली में सजाई सुरों की महफिल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रख्यात शिक्षाविद् स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के 56वें जन्मदिन पर रविवार को हरोली के कॉलेज परिसर में आयोजित 'एहसास' कार्यक्रम में उनकी पुण्य स्मृतियों को नमन किया गया। प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सूफी गायक लखविंद्र वडाली ने अपनी रूहानी गायकी से स्मृतियों के 'एहसास' को सुरों से महकाया और इस अवसर को हर श्रोता के लिए एक बेजोड़ आत्मिक अनुभव में बदल दिया।

कार्यक्रम में प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के पति उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, उनकी बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रो. सिम्मी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भावनाओं और संवेदनाओं से भरे जनसमूह ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री के भाई डॉ. राकेश अग्निहोत्री समेत सभी परिजन, पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री रैंक) आरएस बाली, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, सीपीएस आशीष बुटेल, विधायक विवेक शर्मा, हरदीप बावा तथा नीरज नैयर, पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार, पूर्व सीपीएस नीरज, पूर्व विधायक अजय महाजन समेत अन्य अधिकारियों, गणमान्यों व स्थानीय जनता समेत प्रदेशभर से आए लोगों ने प्रो. सिम्मी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अपनी आदरांजलि व्यक्त करते हुए डॉ. आस्था अग्निहोत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रो. सिम्मी की उपलब्धियां हर बच्ची को प्रेरणा देने वाली हैं। उनके जीवन से यह सीख मिलती है कि कोई व्यक्ति जीवन में कहां पहुंचेगा, क्या मुकाम हासिल करेगा, ये जीवन की बाधाओं में आगे बढ़ते जाने का जज्बा और आपके कर्म, संघर्ष और मेहनत तय करते हैं। उन्होंने प्रो. सिम्मी के निधन के बाद दुख की घड़ियों में मजबूती साथ के लिए हरोली समेत सभी हिमाचल वासियों का आभार जताया।

29 सितंबर 1968 को मंडी में जन्मीं प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री का नाम शिक्षा के आकाश में एक नक्षत्र की तरह चमकता रहेगा। वे 9 फरवरी 2024 को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके माता श्री चिंतपूर्णी की दिव्य ज्योति में विलीन हो गईं। लेकिन अपने छोटे से जीवन काल में उनकी अनगिनत अकादमिक उपलब्धियां अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मंचों पर भारतीय शिक्षा का प्रतिनिधित्व करती है। धर्मपत्नी के रूप में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का संबल बनीं प्रो. सिम्मी सबके लिए स्नेह, समझदारी व सीख का भंडार थीं। इरादों की ऐसी अटल कि लगातार 5 बार विधायक के रूप में रिकॉर्ड मतों से विजयी रहे अग्निहोत्री की पांचों जीत में निर्णायक भूमिका निभाने वाली प्रो. सिम्मी नंगे पांव माता श्री चिंतपूर्णी, माता ज्वालामुखी, माता बगलामुखी जी, शीश नवाने घर से पैदल पहुंचती।

प्रो. सिम्मी ने अपनी इकलौती बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री को जो समृद्ध संस्कार दिए, ऊंची शिक्षा दी उनका सुफल है कि वे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से ह्यूमन राइट्स में पीएचडी तथा हेग अकादमी ऑफ इंटरनेशनल लॉ से उच्चतर शिक्षा प्राप्त करके अपनी मां प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की शिक्षा, ज्ञान और समाज विकास की महान परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ. आस्था प्रो. सिम्मी की तरह ही स्पष्ट सोच की एक दृढ़ व्यक्तित्व और उन्हीं की तरह मददगार हैं।



स्वर्गीय डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।



स्वर्गीय डाक्टर सिम्मी अग्निहोत्री को श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोग।



स्वर्गीय डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री की जयंती पर हरोली से 'एहसास' कार्यक्रम में प्रस्तुति देते सूफी गायक लखविंदर वडाली।

## 'असा ता शामा तेरा...' भजन से झूमे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

गोंदपुर बनेहड़ा में रविवार को बाबा बाल जी का भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन पुष्पमालाओं से संगत ने उनका भव्य स्वागत किया। पूरा गोंदपुर बनेहड़ा राधे-राधे शाम मिलादे की धुनों से गूंज रहा था। बाबा बल जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि हमें अधिक से अधिक प्रभु सिमरन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मानव जीवन 84 लाख योनियों के बाद प्राप्त होता है और हमें इसका सदुपयोग करते हुए सब काम करने चाहिए। गरीब दीन-दुखियों की सहायता करनी चाहिए और सदैव सत्कर्म के लिए आगे बढ़ना चाहिए। बाबा बाल जी महाराज ने पूरी संगत को अपने सत्संग से निहाल कर दिया पंडाल पूरा माहौल भक्तिमय में हो गया था सभी श्रद्धालुओं ने बारी-बारी बाबा बाल जी को प्रणाम किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर आयोजक शास्त्री कमलेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा अनुराधा शर्मा, सूर्यांश शर्मा, विकी शर्मा, राजन शर्मा, आशीष,राज, नरेश दिनेश संदीप चौहान, अनिल बब्बू, संजय पुर्जा व काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त भजन कीर्तन सत्संग के बाद श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किया।





गोंदपुर बनेहड़ा में प्रवचन करते बाबा बाल जी महाराज तथा (दाएं) प्रवचन सुनते श्रद्धालु।

**राधे-राधे की धुनों से गूंजा गोंदपुर बनेहड़ा, बाबा बाल जी का हुआ भव्य स्वागत**

## नारे लगाने और तख्तियों पर लिखने से सफल नहीं होगा भारत स्वच्छ अभियान : विवेक

**विनोद शर्मा, लठियानी**

भारत स्वच्छ अभियान सफल बनाने के लिए धरातल पर काम करने से स्वच्छ भारत बनेगा, लेकिन बोलने से नहीं। विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से ही स्वच्छता के प्रति जोर-शोर से एक अभियान छेड़ा गया था, लेकिन स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए धरातल पर सभी को मिलकर काम करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि सड़कों पर नारे लगाने और तख्तियों पर लिखने से भारत स्वच्छ अभियान सफल नहीं होगा। स्वच्छता के अभियान को सफल बनाने के लिए धरातल सभी को मिलजुल कर स्वच्छ कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र और प्रदेश को स्वच्छ रखने के लिए सभी को मिलजुल कर काम करना पड़ेगा। गांवों को स्वच्छ रखना भी गांव वासियों का कर्तव्य है लेकिन उन्हें कूड़ा कर्कट फेंकने के लिए कोई उचित समाधान न होने के कारण कई बार लड़ाई-झगड़े का कारण भी बन जाते हैं।

इस विषय पर पंचायत प्रतिनिधियों को इस समस्या का समाधान करना चाहिए, ताकि गांव साफ-सुथरा रहे, इसलिए सभी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार थानाकलां बाजार में जनता के लिए सुलभ शौचालय तक नहीं है। थानाकलां बाजार में दीवारों पर भारत स्वच्छ अभियान के सलोग्न तो दर्शाए गए हैं। इससे साफ झलक रहा है कि जो नेता लंबे समय तक कुटलैहड़ का नेतृत्व करते रहे थे। उन्हे यह मालूम ही नहीं हुआ कि थानाकलां बाजार में भी सुलभ शौचालय की जरूरत है। आम जनता को सुलभ शौचालय न होने के कारण बहुत ही समस्या होती हैं, लेकिन अब हमने विभाग को आदेश दिए है कि भूमि चयनित होने पर सुलभ शौचालय बनाकर जनता को समर्पित होगा। (अनंत ज्ञान)

## कुठेड़ा खैरला गांव में सुनी 'मन की बात'



कुठेड़ा खैरला गांव में मन की बात सुनते लोग।

**विवेक शर्मा, अंब**

मन की बात को चिंतपूर्णी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुठेडा खेरला में सुना। यहां कार्यक्रम के उपरांत पूर्व विधायक व वर्तमान में जिला अध्यक्ष बलबीर चौधरी ने कहा कि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ पर मन की बात कार्यक्रम मनाया जाता है। उसी कड़ी में आज चिंतपूर्णी विधानसभा की ग्राम पंचायत कुठेड़ा खेरला में बड़ा प्रोग्राम आयोजित गया था। हम सब मन की बात कार्यक्रम को एक उत्सव के रूप में लेते हैं, क्योंकि मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई-नई बातें की जो इस समाज में क्या कुछ नया हो पा रहा है या कुछ अलग क्या कर पा रहा है बताते हैं। आज पीएम मोदी ने पानी बचाने पर बड़ी बात कही।

पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने पानी पर चर्चा की है व आम लोगों को पानी बचाने की बात कही है। इसके अलावा उन्होंने एक दूसरी बहुत बड़ी बात कही है कि कांग्रेस राज के वक्त जो बेशकीमती मूर्तियां या तस्वीरें तस्करी करके या चोरी करके अमेरिका में पहुंचाई गई थीं वे राष्ट्रपति ने लगभग 300 मूर्तियों को वापस किया है। इसके अलावा पर्यावरण के ऊपर शिक्षा के ऊपर वा बहुत सारे लोगों के बारे में उन्होंने चर्चा की है, इसलिए हम मानते है की यह को मन की बात का कार्यक्रम है हम सबके लिए उत्सव से कम नहीं है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी, शाम मिन्हास, कुलदीप ठाकुर, रामपाल, इंदु धीमान, सुनीता धीमान, नेहा ठाकुर, डॉ. विजय शर्मा व सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## कुटलैहड़ में जल्द 25 हजार होंगे भाजपा के सदस्य : कालिया

**बंगाणा।** कुटलैहड़ के डठवाड़ा बूथ पर कुटलैहड़ के प्रभारी सुशील कालिया ने पहले मोदी के मन की बात को सुना। फिर सदस्यता अभियान की बैठक की। बैठक में विशेष तौर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बलराम बबलू विशेष तौर पर उपस्थित रहे। सुशील कालिया ने कहा कि कुटलैहड़ में भाजपा की सदस्यता का आंकड़ा 25 हजार पार करना है, इसलिए भाजपा कार्यकर्ता जोर-शोर से भाजपा सदस्यता अभियान में भाग लें। कलिता ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो के साथ जल्द कुटलैहड़ में भी एक बड़ी बैठक होगी। और कुटलैहड़ के हर बूथ स्तर से भाजपा कार्यकर्ता बैठक में मौजूद होकर पार्टी को और ज्यादा मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।

उन्होंने कहा कि आज राज्य की सरकार बैसाखियों पर पहुंच गई है और राज्य सरकार के मंत्री और विधायक अपने ही सरकार के मंत्रियों की बातों को काटने लगे है। उन्होंने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार के पास धन होने के बयान मुख्यमंत्री दे रहे है और दूसरी तरफ माता चिंतपूर्णी के नाम करोड़ों के महोत्सव करवाए जा रहे हैं। यह दोहरे रंग राज्य सरकार के जनता को समझ नहीं आ रहे हैं। वहीं, बलराम बबलू ने कहा कि राज्य सरकार से हर वर्ग दुखी हो चुका है और यह सुख की नहीं बल्कि दुख की सरकार बन चुकी है।

## अटल बिहारी वाजपेयी बंगाणा कॉलेज में एनएसएस स्वयंसेवी मनीष का हुआ चयन



एनएसएस स्वयं सेवक का राज्य स्तरीय परेड के लिए चयन।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा एनएसएस यूनिट का स्वयंसेवी मनीष का चयन राज्य स्तरीय प्री-रिपब्लिक डे परेड कैंप के लिए हुआ है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने एनएसएस यूनिट के स्वयंसेवी मनीष और एनएसएस इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी को शुभकामनाएं दीं। इस सफलता के लिए मनीष को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नेगी ने कहा कि 23 सितंबर को ऊना में जिला स्तरीय से मनीष का चयन राज्य स्तरीय के लिए हुआ है, जो कि अब एक अक्तूबर को सुंदरनगर में होगा। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्ष हमारे दो एनएसएस स्वयंसेवी श्वेता और नीलम का चयन जिला स्तरीय रिपब्लिक-डे परेड कैंप से राज्य स्तरीय रिपब्लिक डे परेड के लिए उनका चयन हुआ था जो हमारे यूनिट के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि थी। उसके पश्चात नीलम का चयन राज्य स्तरीय से उत्तर क्षेत्र प्री-रिपब्लिक डे के लिए हुआ है जो न केवल हमारे महाविद्यालय के लिए बल्कि ऊना जिले के लिए गर्व व बड़ी उपलब्धि थी। पिछले वर्ष इसी महाविद्यालय से एनएसएस स्वयंसेवी ऋषभ को एनएसएस के उत्कृष्ट कार्य करने पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर, प्रो. सिकंदर नेगी, डॉ. विनोद कुमार, प्रो. निकिता गुप्ता, प्रो. मुकेश, नीलम और परीक्षा आदि मौजूद रहे।

## गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल का नाम बाबा लाल जी पुरी के नाम पर रखने की मांग

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल में एनसीसी यूनिट और पाठशाला का नाम बाबा लाल जी पुरी के नाम पर रखने की मांग हो रही है। इस स्कूल की स्थापना बाबा लाल जी पुरी द्वारा उस समय की गई थी, जब इलाके में कोई भी पाठशाला नहीं थी। स्थानीय आम जनमानस ने सरकार से आग्रह किया है कि स्कूल का नाम पाठशाला के संस्थापक बाबा लाल जी पुरी के नाम पर रखा जाए।

स्थानीय पंचायत की सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने विधायक राकेश कालिया से इस मांग को पूरा करने का आग्रह किया है। एडवोकेट ने सरकार से यह भी मांग की है कि गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल में एनसीसी का यूनिट भी मंजूर किया जाए। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों को इस बारे ज्ञापन भेजा गया है। राजकुमारी ने बताया की स्कूल के खेल के मैदान की स्थिति भी दयनीय है, इसको ठीक करवाया जाए। पंचायत ने एक-दो बार खेल के मैदान से कांटेदार झाड़ियां और बूटी तो साफ करवाई है, परंतु इन खेल के मैदान की लेवलिंग का कार्य संतोजनक न होने के कारण खेल के मैदान का सुधार नही हो पाया है उन्होंने संबंधित विभाग से इसे दुरुस्त करने की मांग की है।

एडवोकेट राज शर्मा ने बताया कि इस पाठशाला में प्रिंसिपल के राजेश कुमार के नेतृत्व एवं मेहनती स्टाफ के प्रयासों से एनएसएस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुए हैं और पाठशाला के बच्चे एनएसएस, शिक्षा व खेलों में महत्वपूर्ण पद हासिल किए है और यह पाठशाला पुरानी पाठशाला है इसकी इलाके में अपनी पहचान है। उसके बाबजूद भी स्कूल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। एडवोकेट ने बताया कि मांग पत्र तयार किया है और शीघ्र ज्ञापन विधायक राकेश कालिया को दिया जाएगा।



एडवोकेट राज कुमारी शर्मा।




**सम्मान** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी रहे समापन समारोह के मुख्यातिथि

## आस्था और आनंद का संगम बना माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव संपन्न

**अनंत ज्ञान, अंब/ऊना**

हिमाचल प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऊना जिले के अंब में पहली बार आयोजित तीन दिवसीय माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव शनिवार को धूमधाम से संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्यातिथि नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी रहे। उनके साथ चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा और पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार उपस्थित थे।

बता दें कि इस महोत्सव का शुभारंभ 26 सितंबर को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा मेला मैदान अंब में किया गया था। इस तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्थानीय शिल्प कला का प्रदर्शन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयोजन के प्रयासों को खूब सराहा। महोत्सव ने स्थानीय व्यापारियों के लिए नए अवसर भी सृजित किए और क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को मजबूत किया।

समापन समारोह में उपायुक्त जतिन लाल ने धर्माणी सहित सभी विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में धर्माणी ने महोत्सव की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इस आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय संस्कृति को भी प्रोत्साहित किया है। उन्होंने स्थानीय विधायक सुदर्शन बबलू की ओर से क्षेत्र में दो आईटीआई खोलने की मांग पर आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और इस पर शीघ्र विचार किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक सुदर्शन बबलू ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला तथा उपमंडल प्रशासन का आभार जताया. उन्होंने श्री चिंतपूर्णी तथा जोल क्षेत्र में 2 आईटीआई खोलने की मांग की। विधायक ने महोत्सव का विरोध करने वालों को विरोध की बजाय आयोजन की सफलता का आनंद मनाने की नसीहत दी।

कार्यक्रम में माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और पुजारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, एसडीएम अंब सचिन शर्मा समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



तीसरी सांस्कृतिक संध्या के मुख्यातिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का स्वागत करते हुए विधायक सुदर्शन बबलू और अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी को विभिन्न मुद्दों से करवाएंगे अवगत



**पतलीकूहल।** देवी/देवता गुर कल्याण सभा खंड नग्गर की बैठक बेलूराम की अध्यक्षता में माता हिडिंबा के प्रांगण में पतलीकूहल में की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति के साथ यह फैसला लिया गया कि अगले कुछ दिनों में दशहरे से पहले जिलाधीश कुल्लू तोरुल एस रवीश से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न मुद्दों से उन्हें अवगत करवाएंगे। दशहरे के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर और पूर्व में घोषित मानदेय का न मिलना और देवी-देवता गुर कल्याण सभा की समस्याओं के बारे में विस्तार से अवगत करवाया जाएगा।

### सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा कर दिया स्वच्छता का संदेश



**कुल्लू।** कुल्लू जिले के शिरड गांव में जेएमके युवा मंडल शिरड के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्तूबर के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा माय भारत के बैनर तले 17 से 2 अक्तूबर तक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का आगाज देश में कार्यरत 623 केंद्रों में किया जा रहा है। वहीं, शिरड गांव में यह अभियान 22 और 29 को दो दिवसीय सेवा से सीखें कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र, भारत सरकार, राज्य निदेशक डॉ. लाल सिंह के दिशा-निर्देशानुसार किया गया। दो दिवसीय स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अभियान सेवा से सीखें कार्यक्रम में पंचायत प्रधान, महिला मंडल प्रधान, पंचायत सदस्य और युवाओं ने बढ़-चढ़कर इस अभियान में अपना सहयोग दिया। इस अभियान में मुख्यतः दूसरे दिन भी सिंगल यूज प्लास्टिक इकट्ठा किया गया और गांव की साफ-सफाई की गई। जेएमके युवा मंडल के प्रधान गणेश ने कहा कि गांव में इस स्वच्छता अभियान सेवा से सीखें कार्यक्रम का दूसरा दिन था। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन में विशेष तौर पर पंचायत प्रधान चित्र लेखा भार्गव, पंचायत सदस्य कुशाल ठाकुर, स्मृति महिला मंडल प्रधान कांता ठाकुर, माता काली ओडी महिला मंडल प्रधान बिंद्रा देवी और गांव के युवकों ने विशेष तौर पर अपनी भागीदारी दी और छोटे बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर युवा मंडल का सहयोग किया। अतः इस अभियान में युवा मंडल के अन्य सदस्य मोहित, तेज राम, अक्षित, जोगिंद्र, मुकुल, अनुज, रुपेंद्र आदि सदस्य मौजूद रहे।

### सिस्सू में 5 से लायुल उत्सव द मिलन : सुशांत

**केलांग।** अटल टनल रोहतांग के दोनों छोर मिलने की खुशी में वर्ष-2017 से सिस्सू के नर्सरी में लायुल उत्सव द मिलन सितंबर के महीने में हर वर्ष मनाया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष यह उत्सव अक्तूबर 5 और 6 को दो दिनों तक मनाया जाएगा। लायुल उत्सव कमेटी के अध्यक्ष सुशांत मिरुपा ने बताया कि उत्सव का यह सातवां संस्करण है, जिसे 5 और 6 को नर्सरी में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्सव की तैयारी को लेकर सिस्सू और कोकसर पंचायत से उपकमेटियों का गठन किया गया है, जिसमें सन्नी रोपसंग को उपप्रधान, जितेंद्र कटोच को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। सांस्कृतिक सचिव दोरजे अंगरूप मिलंगपा होंगे। सुशांत ने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के साथ प्रदेश के नामी कलाकार धमाल मचाएंगे। वहीं, लेह- लद्दाख तथा स्पीति के कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जाएगा। कमेटी के उपप्रधान सन्नी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त पारंपरिक तीरंदाजी, छोलो और अन्य खेल प्रतिस्पर्धा भी करवाई जाएगी। सांस्कृतिक सचिव दोरजे अंगरूप मिलंगपा ने बताया कि 5 को दिन के 11 बजे लामाओं द्वारा पूजा-पाठ कर कार्यक्रम का आगाज होगा, इसके बाद स्कूली बच्चों के द्वारा मुख्यातिथि के आगमन पर आरती गाई जाएगी। दिन के समय दो दिनों तक खेल गतिविधियां होंगी। वहीं, पंडाल के आसपास खाने के स्टाल में देशी व्यंजनों का भी स्वाद लिया जा सकता है।

# अखाड़ा जामा मस्जिद के निर्माण को अवैध कहना पूरी तरह से गलत : एसडीएम

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**



एसडीएम विकास शुक्ला जामा मस्जिद कुल्लू से संबंधित सभी दस्तावेजों को दिखाते हुए।

जिला मुख्यालय कुल्लू में स्थित बहुउद्देश्यीय बचत भवन के सभागार में कुल्लू मस्जिद विवाद को लेकर विभिन्न संगठनों के समक्ष बैठक कर जिला प्रशासन ने एसडीएम विकास शुक्ला की अगुवाई में अपना पक्ष रखा।

बैठक में कुल्लू शहर के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लिया। बैठक में एसडीएम विकास शुक्ला ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि मस्जिद जिस जगह पर स्थित है, वो आबादी फाटी पती रघुनाथपुर खसरा नंबर 1731, 1733, 1750, 1703 आखाड़ा बाजार है और इस पर कब्जा वक्फ बोर्ड पंजाब का है। मस्जिद का निर्माण देश की आजादी से पहले का है, जो कि दस्तावेजों में दर्ज है। मस्जिद के पुनर्निर्माण के लिए जो नक्शा वर्ष 1999 में बनाया गया था और जिसे स्वीकृति के लिए भेज गया था, उसके तहत मस्जिद निर्माण के लिए ग्राउंड फ्लोर सहित 3 मंजिला बनाने की अनुमति दी गई थी, जो कि वर्ष 2003 तक वैध था, मगर आर्थिक तंगी की वजह से मस्जिद का निर्माण बहुत ही धीमी गति से होता रहा। इसके बाद 2017 में पहली बार मस्जिद को लेकर शिकायत की गई थी और शिकायत में मस्जिद के ढांचे को लेकर कहा गया था कि ये अनाधिकृत है और ये निर्माण भीड़ भाड़ वाली जगह पर है, ऐसे में भूकंप की स्थिति उत्पन्न होने पर अन्य भवनों को नुकसान होने की आशंका जताई गई। एसडीएम ने बताया कि इसके बाद शिकायत को आधार बनाकर निर्माण की जांच की गई और ये जांच संबंधित विभाग के अधिकारियों और डाईरेक्टर टाउन एंड प्लानिंग की देखरेख में करवाया गया और इस पर स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी सर्टिफिकेट मांगा गया था, जिस पर साफ-साफ लिखा था कि यह निर्माण पूरी तरह से सुरक्षित है और इससे किसी भी तरह का कोई नुकसान होने की आशंका नहीं है। मस्जिद 980 स्क्वेयर मीटर में बनी हुई है और इसमें 150 स्क्वेयर मीटर के करीब का हिस्सा वो है, जिसको नियमितीकरण करने का अधिकार केवल डाईरेक्टर स्तर पर है और ये मामला नगर परिषद कुल्लू के द्वारा डायरेक्टर स्तर पर भेजा गया है। एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि इन्हीं सभी दस्तावेजों के आधार पर कह सकते हैं कि मस्जिद निर्माण को अवैध कहना उचित नही है क्योंकि कब्जा और एंट्री दोनों मस्जिद का है और ये मामला सिर्फ और सिर्फ नियमितीकरण का है। एसडीएम विकास शुक्ला ने कुल्लू शहर की जनता से आग्रह किया है एक जिम्मेदार नागरिक बनें और बेवजह मस्जिद को लेकर किसी भी तरह की भ्रांतियों में न फंसे और न ही कोई भी ऐसी हरकत करें, जिससे कि जिले का नाम और अंतरराष्ट्रीय कुल्लू की गरिमा को ठेस पहुंचे।

वीरवार को ढालपुर के बचत भवन में प्रशासन के साथ विभिन्न संगठनों ने मस्जिद विवाद को लेकर चर्चा की और चर्चा के दौरान सभी ने एक मत में ये प्रस्ताव पारित किया कि कोई भी संगठन किसी भी गलत गतिविधियों में शामिल नहीं होगा और सभी शांति और अमन के साथ सौहार्द बनाए रखेंगे। (अनंत ज्ञान)

## लाहौल के गांवों में बीएसएनएल ने शुरू की 4जी सेवा, सैकड़ों लोग होंगे लाभान्वित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

> बीएसएनएल 4जी की सेवा को आज लाहौल के तीन गांवों ओथांग, लिंगचा और कोठी से विधिवत शुरू कर दिया है और रविवार के बाद से बीएसएनएल 4जी अपनी सेवा घाटी में सुचारू रूप से शुरु करेगा, जिसका लाभ समस्त लाहौल वासी उठा सकेंगे।
> **गौरव शर्मा, एसडीओ बीएसएनएल केलांग, लाहौल-स्पीति।**

जिला लाहौल-स्पीति के लाहौल में स्थित पट्टन वैली में बीएसएनएल ने अपनी पहली 4जी सेवा को विधिवत रूप से शुरू कर दिया है। रविवार को लाहौल के ओथांग, लिंगचा और कोठी में स्थापित बीएसएनएल 4जी के टावरों ने सफलतापूर्वक काम करना शुरू कर दिया है, जिस कारण घाटी में बीएसएनएल 4जी सेवा के शुरू होने का इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों ने राहत की सांस ली है।

लाहौल में नेटवर्क को लेकर स्थानीय लोगों को हमेशा से ही समस्या होती रही है, जिस का एक कारण ये भी है कि घाटी में बीएसएनएल की सेवा लगातार प्रभावित होती रही है। हालांकि लाहौल में बीएसएनएल के अलावा अन्य टेलीकॉम नेटवर्क भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं, मगर लगातार रिचार्ज के बढ़ते दाम को देखते हुए लोगों ने फिर से बीएसएनएल की सेवाओं पर अपना विश्वास जताया है। फिलहाल बीएसएनएल ने अभी लाहौल में पट्टन घाटी के तीन गांवों ओथांग, लिंगचा ओर कोठी में 4जी सेवा को शुरू किया है धीरे-धीरे समस्त लाहौल घाटी में स्थापित बीएसएनएल के टावरों में भी 4जी सेवाओं को शुरू किया जाएगा। ओथांग, लिंगचा और कोठी में 4जी सेवा शुरू होने से यंगथंग, तिबोग, लोमच, जुंड़ा, तलजोन, जहालमा, हालिंग, फुडा, जसरथ, नालड़ा, बारिंग, कमरिंग, रापडींग, लिंडूर, गोहरमा, जोबरंग, राशेल सहित दर्जनों गांवों में बीएसएनएल 4जी सेवा का लाभ मिलेगा। बीएसएनएल 4जी सेवा के शुरू होने से घाटी के लोगों को कम दाम में काफी सुविधा होगी और इस से घाटी में पढ़ने वाले बच्चों को भी ऑनलाइन पढ़ाई और सिलेबस डाउनलोड करने में सुविधा प्राप्त होगी।

## सिस्सू वार्ड में 53 प्रतिशत रहा मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल-स्पीति के जिला परिषद सिस्सू वार्ड में वोट के बाद इकट्ठा लोग।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में जिला परिषद सदस्य (सिस्सू वार्ड नंबर -6) के एक पद के लिए उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

मतदान 53 प्रतिशत रहा। इस वार्ड में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी निर्मला का आजाद प्रत्याशी सरिता से मुकाबला है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं जिला पंचायत अधिकारी लाहौल-स्पीति सचिन ने बताया कि सिस्सू बार्ड की चार पंचायतों कोक्सर, सिस्सू, खंगसर व गोंदला के 20 मतदान केंद्रों में जिला परिषद की एक सीट के लिए उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गए हैं। इस वार्ड में शामिल चार पंचायतों में 2363 कुल मतदाता हैं, जिसमें पुरुष मतदाता 1187 व महिला मतदाता की संख्या 1176 है । सिस्सू वार्ड के संपन्न हुए इस उपचुनाव में 1247 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। इस मतदान प्रक्रिया में पुरुष मतदाताओं की संख्या 673 रही और 574 महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया और कुल मतदान 53 प्रतिशत रहा। हालांकि गत विधानसभा चुनावों में यहां दो हजार से अधिक मतदान हुआ था, लेकिन इस बार मतदान करने वालों की संख्या विधानसभा चुनावों की तुलना में कम रही। मतदान संपन्न होने के बाद अब सभी की निगाहें सोमवार को आ रहे परिणाम पर रहेगी।

### मतों की गणना आज 9 बजे से होगी शुरू

**केलांग।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं जिला पंचायत अधिकारी लाहौल स्पीति सचिन ठाकुर ने कहा कि लाहौल-स्पीति के सिस्सू वार्ड की एकमात्र सीट के लिए हुए उपचुनाव के मतों की गणना सोमवार को प्रातः नौ बजे से आरंभ की जाएगी। केलांग मुख्यालय में खंड विकास अधिकारी के कार्यालय के सभागार भवन में स्थापित मतगणना हाल में चार टेबल पर पांच राउंड में मतों की गणना की जाएगी। सभी उचित का प्रबंध कर लिए गए हैं मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मियों का प्रवेश प्रातः आठ बजे रहेगा।

## रेवती राम को राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ बंजार खंड की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ जिला कुल्लू की त्रैमासिक बैठक परिधि गृह कुल्लू में आयोजित हुई।

राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ के अध्यक्ष तुले राम ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता जिले के चेयरमैन ख्याल चंद ठाकुर ने की। बैठक में हाल ही में बंजार खंड के प्रधान का तबादला हुआ था, इसलिए बंजार खंड के प्रधान के चुनाव करवाए गए। जिला कुल्लू के वाइस चेयरमैन के चुनाव भी करवाए गए। बंजार खंड से रेवती राम को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया और एलू राम को बंजार का चेयरमैन बनाया गया तथा मस्तराम ठाकुर जल शक्ति विभाग के चालक को जिला कुल्लू का वाइस चेयरमैन बनाया गया। राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ कुल्लू के अध्यक्ष तुले राम ने बताया कि बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें वीआईपी ड्यूटी के दौरान चालकों को रहने और खाने-पीने की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय में जल्द ही डीसी कुल्लू से भी मुलाकात करेंगे। उसके पश्चात महासंघ का सालाना, जो खेलकूद कार्यक्रम होता है उस विषय पर भी चर्चा की गई और निर्णय लिया कि यह कार्यक्रम कुल्लू दशहरे के पश्चात आयोजित किया जाएगा, अगर कुल्लू दशहरा में जिला प्रशासन या दशहरा समिति के द्वारा लालडी कार्यक्रम में महासंघ को कोई जिम्मेदारी दी जाती है, तो उसे भी बखूबी से निभाया जाएगा। इस बैठक में राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक परिचालक महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिलोक राज, उपाध्यक्ष खीमीराम, महामंत्री वेद राम ठाकुर, कोषाध्यक्ष हरदयाल ठाकुर और कुल्लू सदर के अध्यक्ष इच्छाराम, महामंत्री केहर सिंह, बंजार खंड के महामंत्री रूपलाल ठाकुर और नव नियुक्त अध्यक्ष रेवतीराम, एलुराम मनाली खंड से इंद्र नेगी, प्रेमचंद भुंतर के चेयरमैन, बालक राम अध्यक्ष, चने राम व चेतराम आदि सदस्यों ने भाग लिया।

## तबला और घुंघरु की जुगलबंदी ने दर्शकों का मन मोहा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू के अटल सदन के अंतरंग सभागार में चल रहे चार दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन गुरुकुल म्यूजिक एवं नृत्य अकादमी समिति चंडीगढ़ के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कत्थक नृत्य का दर्शकों ने खूब आनंद लिया। कलाकारों ने तबला और घुंघरु की जुगलबंदी के साथ अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अकादमी के कलाकारों द्वारा गणपति वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात शिवतांडव पर आधारित सुंदर नृत्य के साथ कलाकारों ने कथक नृत्य के विभिन्न आयामों से दर्शकों को अपनी कुशल नृत्य दक्षता का प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन ताल पर त्रिवट, तराना तथा सरगम पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही साथ धमार ताल पर नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। कथक के ताल पक्ष, अभिनय पक्ष तथा नृत्य पक्ष को उजागर करते हुए इन कलाकारों ने कथक के विभिन्न नृत्य रूपों को प्रस्तुत करते हुए दर्शकों के समक्ष अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सभागार में उपस्थित समस्त दर्शकों ने कत्थक की इन प्रस्तुतियों की सराहना की तथा नृत्य का आनंद लिया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के उपाध्यक्ष विक्रांत सेठ, सेक्टर 42 चंडीगढ़ में नृत्य के सहायक आचार्य डॉ. अमित गंगानी, आकादमी के सदस्य नरेंदर पल नीना तथा अमृत पाल सिंह, रंगकर्मी कहर सिंह, संगीत शिक्षक पंडित विद्यासागर तथा सहायक लोक संपर्क अधिकारी जय प्रकाश शर्मा भी उपस्थित थे। जिला भाषा अधिकारी सुनीला ने कहा कि चार दिवसीय चंडीगढ़ संगीत एवं नृत्य उत्सव में सूफी गायन, पंजाबी लोक गायन तथा रविवार को कत्थक नृत्य का आयोजन किया गया। वहीं, सोमवार को उत्सव का समापन तरसेम चंद कलहेरी एवं ग्रुप द्वारा पंजाबी लोक नृत्य की प्रस्तुति के साथ होगा। उन्होंने सभी कलाप्रेमियों से इस कार्यक्रम का आनंद उठाने के लिए आग्रह किया है।

## एनएसएस से होता है स्टूडेंट्स का व्यक्तित्व विकास

**मनाली।** हरिपुर स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आरंभ हुआ। शिविर के शुभारंभ पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पीएमश्री हरिपुर स्कूल की प्रधानाचार्य नीलम कपूर सूद ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) से विद्यार्थी का व्यक्तित्व विकास होता है। इससे विद्यार्थी समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित होता है। विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद् घाटन समाजसेवी दंपती अरुण धुपर और रेखा धुपर ने किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी छबील कुमार और अमृता ने कहा कि शिविर में स्वयंसेवी समाज सेवा, पौधरोपण, स्वच्छता और अन्य सामाजिक गतिविधियों में अपना सहयोग देंगे।

## जिगमेट ने जीता 77 किमी की स्पीति एवेंजर्स चैलेंज

**कमलेश वर्मा, काजा**




भारतीय सेना ने ऑपरेशन सद्भावना के तहत आयोजित की पहली बार स्पीति मैराथन।

जिगमेट नामग्याल ने 05:57:46 की टाइमिंग के साथ पहली स्पीति मैराथन के अंतर्गत 77 किलोमीटर की स्पीति एवेंजर्स चैलेंज अपने नाम की। भारतीय सेना ने स्नो मैराथन टीम के सहयोग से स्पीति घाटी में पहली बार इस दो दिवसीय मेराथन का आयोजन किया था, जिसमें प्रदेश के अलावा देश के कोने-कोने से 650 एथलीट जुटे।

अंशुल थापा ने 06:46:03 का समय दर्ज दूसरा स्थान दर्ज किया, जबकि राजीव सिंह को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा, जिन्होंनें 06:51:19 का समय लेकर काजो से समदो की दूरी तय की। वहीं, दूसरी और महिला वर्ग में यह खिताब तेनजिन डोल्मा के नाम रहा, जिन्होंने 77 किलोमीटर की यह दूरी 08:15:42 में पूरी की। स्टेंजिन चंदोल (08:30:10) को दूसरा, जबकि नंबियाल चांबो (09:57:15) को तीसरा स्थान अर्जित हुआ। वैटर्न वर्ग में कैप्टन सुरेश ने यह दूरी 07:46:00 का समय लेकर खत्म की। 42 किलोमीटर की फुल मैराथन हेत राम के नाम रही जिन्होंनें यह दूरी 03:03:09 में पूरी की जबकि कुलबीर सिंह (03:16:36) दूसरे और फुनचोक नामग्याल (03:24:21) तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में डिस्केट डोल्मा (03:55:56) को पहला, नीलिमा देवी (05:20:22) को दूसरा जबकि सोनम वांगमू (05:42:57) को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। हाफ मैराथन में पुरुषों के वर्ग में तेस्तान नामग्याल 01:20:05 को पहला, सेवांग नांगदन 01:21:20 को दूसरा, जबकि मनजीत सिंह 01:24:02 को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ महिला वर्ग में ताशी लाडोल 01:37:36 ने बाजी मारी, जबकि तेनजिम डोल्कर 01:39:51 को दूसरा और गर्गी शर्मा 02:06:23 को तीसरा पुरस्कार मिला। पुरुषों के वैटर्न वर्ग में श्याम सिंह जबकि महिला वर्ग में राखी राय विजेता रहे। दस किलोमीटर की रेस में पुरुषों के वर्ग में सोनम स्टेंनजिन, मनोज यादव और मंजीत यादव को पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ जबकि महिला वर्ग में सोनम जांग्पो, तेनजिन कासांग और टीनू राजाराम को शीर्ष तीन पर रही।

हिमालयन क्षेत्र में प्रयासरत क्राप सोल्यूशन संगठन इंडोफिल के 23 सदस्यीय दल को उनके उत्साहपूर्ण भागीदारी के विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समदो में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल अनिंदिया सेनगुप्ता (यूवाईएसएम, एवीएसएम वाईएसएम), सेंट्रल कमांड एरिया कमांडर ने अपने संबोधन में कहा कि हिमालय के दूर दराज क्षेत्र में आयोजकों द्वारा स्पीति मैराथन में लगभग 650 एथलीटों की मेजबानी अपने आप में उपलब्धि हैं। (अनंत ज्ञान)

## लाहौल-स्पीति पुलिस नशे के दुष्प्रभावों बारे कर रही जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में एसपी मयंक चौधरी के नेतृत्व में पुलिस की ओर से नशे की रोकथाम के लिए अभियान चलाया हुआ है।

इसी कड़ी में थाना उदयपुर नशे के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चला रही है। इस पहल के तहत पुलिस टीम विभिन्न गांवों का दौरा कर स्थानीय महिला मंडलों और अन्य सामुदायिक संगठनों के साथ मिलकर उन्हें नशे की लत के खतरों और इससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित कर रहे हैं। एसपी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना और उन्हें नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस टीमें विभिन्न गांवों में बैठकें आयोजित कर रही हैं, जहां वे नशे की लत से होने वाले शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, और नशे से बचने के तरीकों के बारे में जानकारी साझा कर रही हैं।

## जनगणना कार्यों का दिया प्रशिक्षण



डीसी कुल्लू की अध्यक्षता में जनगणना कार्य के संदर्भ में बैठक में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एल रवीश की अध्यक्षता में जनगणना कार्य के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उपनिदेशक जनगणना प्रभारी हिमाचल प्रदेश डॉ. सत्येंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनगणना प्रभारी उत्कर्ष यादव व जनगणना प्रभारी प्रत्यूष व जिला कुल्लू की समस्त तहसीलों के राजस्व अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जनगणना वर्ष-2021 के संदर्भ में कुल्लू के राजस्व अधिकारियों को जनगणना कार्यों का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया साथ ही जिले की प्रगति व तैयारियों की समीक्षा की गई।

## मनाली में केरल के दो युवक एमडीएमए के साथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**



मनाली पुलिस ने नशा तस्करी पर शिकंजा कसते हुए दो युवकों के कब्जे से एमडीएमए बरामद किया है।

पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने मनाली के अलेउ में दबिश देकर दिल्ली नंबर डीएल-12एसडी2454 की स्कूटी पर आ रहे दो युवकों की तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 3.32 ग्राम एमडीएमए (मादक पदार्थ) बरामद हुआ। दोनों की पहचान रंजिथ निवासी चारु मंगल हाउस ज्योतिनगर जे 36 तहसील और जिला तिरुवनंतपुरम केरला और एएल सनीर ( 29) पुत्र माहेन केअर ऑफ जैस्मीन आरआर/ओटीसी76/817पुल्किकल पुफुविदु तहसील अनायारा जिला तिरुवनंतपुरम केरला के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है और स्कूटी को भी कब्जे में ले लिया है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि की।




**परेशानी** बुजुर्ग चरण दास डोगरा बोल- चौक पार करते समय दुर्घटना का बना रहता है अंदेशा, बनाया जाए फ्लाई ओवर पाथ

# दुआड़ा चौक पर रेन शेल्टर, शौचालय बनाने व स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



कुल्लू-मनाली टू लेन सड़क पर बने दुआड़ा चौक ।

कुल्लू-मनाली टू लेन सड़क पर बने दुआड़ा चौक पर उचित सुविधाएं न होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस चौक से 5 स्थानों की तरफ सड़कें जाती हैं, जिस कारण यहां हमेशा दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। वहीं, रेन शेल्टर न होने के कारण बरसात व सर्दियों में लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। गांव के बुजुर्ग व विधानसभा चुनाव के एक बार उम्मीदवार रहे चरण दास डोगरा सहित अन्य बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंद्र सिंह व वर्तमान विधायक भुवनेश्वर गौड़ से इस चौक पर पैदल फ्लाई ओवर रास्ता बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दुआड़ा चौक की अवहेलना एनएचएआई द्वारा की गई है। बुजुर्ग चरण दास डोगरा के पुत्र स्वर्गीय रमेश डोगरा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के पुराने साथी रहे हैं। राजनीतिक की बात करें, तो कॉलेज, यूनिवर्सिटी की राजनीति में रमेश डोगरा व मुख्यमंत्री रूम मेट रहे हैं।

पंचायत के बुजुर्गों ने आशा व्यक्त की है कि मुख्यमंत्री उनकी बातों पर जरूर संज्ञान लेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग कुल्लू से मनाली के बीच दुआड़ा चौक पर न तो शौचालय बनाया गया है और न ही चौक पर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं व न ही चौक पर कोई जेब्रा क्रॉसिंग बनाई गई है, जिससे रात के समय ट्रैफिक की वजह से बड़ी दुर्घटना होने का भी अंदेशा बना रहता है। स्ट्रीट लाइटें न होने के कारण रात में चोरी का भय बना रहता है। डोगरा ने हिमाचल सरकार से अनुरोध किया है कि हाईवे के साथ रहने वाले लोगों की मुश्किलों को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों को कार्य करने के आदेश जारी करें। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहायक अभियंता सुभाष ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत के लिए आवेदन करना चाहता है, तो वह मंडी स्थित एनएचएआई कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी उन लोगों के लिए उपयोगी है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे हैं और अपनी शिकायतों का समाधान चाहते हैं।

# अमरदीप पांजा ने पुनीत नारंग को 284 मतों से दी मात

## नगर निगम सोलन वार्ड-5 का उपचुनावः भाजपा को प्राप्त हुए 524 वोट, कांग्रेस को मिले 240 वोट

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर 5 के पार्षद पद के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अमरदीप पांजा ने शानदार जीत प्राप्त की है। रविवार को हुए चुनाव में अमरदीप पांजा ने कुल 524 वोट प्राप्त किए, जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी पुनीत नारंग को 240 वोट मिले।

इस चुनाव में 2 वोट नोटा में डाले गए। भाजपा की जीत से कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा है। शुरू से ही वार्ड उपचुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी माना जा रहा था। सोलन नगर निगम के इस उपचुनाव में जनता ने भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों पर मुहर लगाई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मॉल रोड पर विजयी जुलूस निकला कर खुशी मनाई। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई भाजपा प्रत्याशी अमरदीप पांजा की इस जीत पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और इसे पार्टी की बड़ी उपलब्धि बताया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इस जीत का श्रेय स्थानीय मतदाताओं को दिया है। डॉ. बिंदल से उपचुनाव में खुद वार्ड का दौरा कर मतदाताओं से वोट की अपील की थी। सोलन भाजपा मंडल ने जीत के बाद विजयी रहे प्रत्याशी अमरदीप पांजा को साथ लेकर विजय जुलूस निकला। इस दौरान कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बना। वार्ड नंबर 5 के चुनाव के प्रभारी शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस जीत ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आईना दिखाने का काम किया है। अमरदीप पांजा ने कुल 524 वोट प्राप्त किए, जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी पुनीत नारंग को 240 वोट मिले। इस चुनाव में वोट ने नोटा डाला। भाजपा की इस जीत को क्षेत्र में पार्टी के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। सोलन नगर निगम के इस उपचुनाव में जनता ने भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों पर मुहर लगाई है। भाजपा प्रत्याशी अमरदीप पांजा की इस जीत पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और इसे पार्टी की बड़ी उपलब्धि बताया।



सोलन में विजय जुलुस के दौरान विजयी रही पार्षद अमरदीप पांजा अपने समर्थकों के साथ।

### भाजपा की जीत कांग्रेस के खिलाफ बहुत बड़ा फतवा : बिंदल

**शिमला।** सोलन नगर निगम के वार्ड संख्या 5 के उप-चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अमरदीप पांजा ने शानदार जीत प्राप्त की है। अमरदीप पांजा ने कुल 524 वोट प्राप्त किए, जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी पुनीत नारंग को 240 वोट मिले। इस चुनाव में 2 वोट नोटा के लिए डाले गए। भाजपा की इस जीत को क्षेत्र में पार्टी के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। सोलन नगर निगम के इस उप-चुनाव में जनता ने भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों पर मुहर लगाई है। भाजपा प्रत्याशी अमरदीप पांजा की इस जीत पर भाजपा के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सांसद सुरेश कश्यप, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर, सिकंदर कुमार एवं वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और इसे पार्टी की बड़ी उपलब्धि बताया। बिंदल में इस शानदार जीत के लिए सोलन की जनता और वार्ड नंबर 5 के मतदाताओं का धन्यवाद किया। भाजपा की यह शानदार जीत वर्तमान सुक्खू की सरकार के खिलाफ बहुत बड़ा फतवा है, हिमाचल सरकार के स्वास्थ्य मंत्री लगातार इस वार्ड ने घर घर जा रहे थे उसके बावजूद भी सरकार को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। भाजपा को कांग्रेस से दो गुना से अधिक वोट प्राप्त हुए, यह सीधा सीधा जनता का वर्तमान सरकार के खिलाफ वोट है।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों को दी प्राकृतिक खेती की जानकारी

**राजगढ़।** कृषि विभाग व आत्मा परियोजना के सौजन्य से राजगढ़ विकास खंड़ की पंचायत पबियाना में किसानों के लिए एकदिवसीय सामाजिक जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के क्षेत्रों के लगभग 150 किसानों ने भाग लिया। इस एकदिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी सोलन के कीट विज्ञान विभाग से डॉ. दीपिकी शर्मा, बीज विज्ञान विभाग डॉ. प्रियंका ठाकुर व सब्जी विज्ञान विभाग से डॉ. रीना शर्मा ने किसानों को प्राकृतिक खेती की विस्तृत जानकारी दी और कृषि विभाग के अधिकारियों की ओर से भी इस प्रशिक्षण में किसानों को प्राकृतिक खेती की पूरी जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई और प्रदर्शन के रूप में किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, अग्निअस्त्र, खट्टी लस्सी को तैयार करने की विधि भी बताई तथा साथ में किसानों को इसके फायदे भी बताए जा रहे हैं। खंड तकनीकी प्रबंधक संजय नायक ने बताया कि अगर किसान इस विधि से प्राकृतिक खेती करते हैं, तो इससे किसानों को अधिक लाभ मिलेगा।

### स्पीति का गौरव कार्यक्रम 30 को काजा में

**रिकांगपिओ।** हिमाचल प्रदेश के दुर्गम एवं जनजातीय क्षेत्र के कर्मठ युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए, ट्राईपीक इंफेंट्री ब्रिगेड ग्रुप द्वारा स्पीति के गौरव कार्यक्रम 30 सितंबर को काजा में आयोजित किया जा रहा है। सेना की मध्य कमान, लखनऊ एवं उत्तर-भारत क्षेत्र के अंतर्गत ट्राइपीक इंफेंट्री ब्रिगेड का यह कार्यकम क्षेत्र के युवाओं को आजीविका के विकल्प एवं संभावनाओं को बेहतर रूप से समझने व अपने भविष्य को संवारने के लिए दिशा एवं मार्गदर्शन प्रदान करेगा। सूर्या कमांड़ की यह अद्वितीय पहल युवाओं में शैक्षणिक महत्व को लेकर सजग करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही ह, जिसके तहत मुख्य रूप से बागवानी एवं पशुपालन पर निर्भर इस क्षेत्र के युवाओं में शिक्षा व साहित्य में रूचि उजागर करने के लिए सूर्या कमांड प्रयासरत है। ट्राइपीक हिल्स द्वारा युवाओं के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन भी किया जाता है। इस कड़ी में अब तक जिला किन्नौर में किन्नौर का गौरव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों से संबधित लोगों ने अपने अनुभव साझा कर स्थानीय बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

### वानिकी के छात्रों का परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के वानिकी कॉलेज के विभिन्न विभागों के 25 छात्रों ने कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। कॉलेज के सिल्विकल्चर और एग्रोफोरेस्ट्री विभाग के छात्र हरीश शर्मा ने कृषि अनुसंधान सेवा (एआरएस) परीक्षा उत्तीर्ण की है और अंतिम चयन साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने के लिए तैयार हैं। इसके अतिरिक्त, इस विभाग के छह छात्रों ने सीनियर रिसर्च फेलोशिप (एसआरएफ) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और शीर्ष 20 में स्थान बनाया है। विशेष रूप से, साक्षी तोमर ने आईसीएआर सीनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा में अपने विषय में पहला रैंक, विजय कुमार ने दूसरा रैंक, मोहम्मद हुसैन ने तीसरा रैंक, अशोक कुमार ने 8वां, तरूण वर्मा ने 13वां रैंक और जतिन कुमार ने 17वां रैंक हासिल किया।

### रोजगार मेले में 100 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**पांवटा साहिब।** सिरमौर जिले के उपमंडल कफोटा में रविवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान भी पहुंचे। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों युवा उद्योगों पर विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के लिए पहुंचे। इस दौरान उद्योग मंत्री ने 100 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। हिमाचल प्रदेश सरकार प्रदेश के शिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को कफोटा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का आयोजन रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग द्वारा किया गया। कफोटा स्कूल परिसर में आयोजित मेले में लगभग 40 नियोक्ताओं के लगभग 1800 रिक्तियों को भरने के लिए युवा पहुंचे। इन पदों को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर भरा जाएगा। इन सभी पदों की विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर उपलब्ध है। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगईन टैब के माध्यम से शैक्षणिक योग्यता के अनुसार पंजीकृत करना होता है। पोर्टल पर औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आज उम्मीदवार अनिवार्य प्रमाण-पत्रों व दस्तावेजों के साथ कफोटा रोजगार मेले में पहुंचे। इस दौरान उद्योग मंत्री ने 100 युवाओं को विभिन्न कंपनियों में नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र में सीमित रोजगार उपलब्ध हैं। ऐसे में युवाओं को प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के लिए प्रोत्सातित किया जा रहा है।

### दत्त ने महाभागा: विषय पर शोधपत्र किया प्रस्तुत



**राजगढ़।** हिमाचल कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी की ओर से राजकीय संस्कृत महाविद्यालय तुंगेश में राज्यस्तरीय आचार्य दिवाकर दत्त जंयती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अक्सर पर राष्ट्रपति सम्मान सम्मानित व हिमाचल गौरव सम्मान एवं अनेक सम्मानों से सम्मानित कैशव राम शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। हिमाचल कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी के निदेशक डॉ. पंकज ललित ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सारस्वतातिथि के रूप में संस्कृत अकादमी के पूर्व सचिव एवं ज्योतिष मार्तड तथा ज्योतिषवाचस्पति आदि उपाधियों से सम्मानित डॉ. मस्तराम शर्मा ने शिरकत की। इसके अतिरिक्त व्याख्यान कर्ता के रूप में कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दयानंद शर्मा, डॉ. मदन मोहन शर्मा, डॉ. दिनेश शर्मा आदि रहे। इस अवसर पर कॉलेज में साहित्याचार्य पद पर कार्यरत आचार्य सुरेश भारद्वाज ने हिमाचल संस्कृत कुल गुरवः-आचार्य दिवाकर दत्त शर्मा ने महाभागाः विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. रमेश शर्मा ने मुख्यातिथि, विशिष्टातिथि, अध्यक्ष, सारस्वतानिधि व अन्य सभी अतिथियों का स्वागत किया और इस जयंती समारोह को तुंगेश में मनाने के लिए हिमाचल कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी शिमला के निर्देशक व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. पंकज ललित का विशेष आधार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. करुणा शर्मा ने आचार्य दिवाकर दत्त शर्मा के सराहनीय कार्यों के विषय में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया व कॉलेज को 15 हजार रुपए की राशि प्रदान की।

### फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ने फार्मासिस्टों को पहचानने और सम्मानित करने के लिए समर्पित कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया। इस वर्ष के विश्व फार्मासिस्ट दिवस की थीम, फार्मासिस्ट वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने, स्वास्थ्य देखभाल में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के वरिष्ठ प्रोफेसरों और प्रोफेसर पीके खोसला, चांसलर शूलिनी विश्वविद्यालय के साथ संकाय सदस्य और छात्रों के साथ इस अवसर पर फार्मासिस्ट शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। प्रो. खोसला ने स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को मानवता को लाभ पहुंचाने वाले शोध पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### 158 मतों से उमा नेगी ने प्रेम लाल को हराया

**रिकांगपिओ।** कल्पा उपमंडल के शुदारंग पंचायत में उपप्रधान पद के लिए 29 को उपचुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार उमा सुख नेगी 158 मतों से विजयी हुए। रविवार को शुदारंग पंचायत में उपप्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में कुल 394 मत पड़े, जिसमें उमा सुख नेगी को 272 मत पड़े, जबकि उन के प्रतिद्वंद्वी प्रेम लाल को 114 मत मिले। 5 वोट लोटा को मिले व 3 वोट रिजेक्ट हुआ। उमासुख नेगी 158 मतों से विजयी हुए।

## पंजाब व हरियाणा के दो युवकों से 10 .10 ग्राम चिट्टा बरामद



एसआईटी की टीम पंजाब व हरियाणा के दो चिट्टा सप्लायरों के साथ।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

एसआईटी की टीम ने शनिवार रात रिकांगपिओ में पंजाब व हरियाणा के दो युवकों से 10.10 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक किन्नौर अभिषेक एस ने कहा कि दो व्यक्तियों जो बाहरी राज्यों एक से ताल्लुक रखते हैं, जिनमें एक व्यक्ति सिरसा, हरियाणा (उम्र 41 वर्ष) तथा दूसरा व्यक्ति जिला अमृतसर, पंजाब (उम्र 19 वर्ष) का रहने वाला है। दोनों से 10.10 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ पुलिस थाना रिकांगपिओ में 68/24, धारा 21, 29 के तहत एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस दोनों से कड़ी पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक किन्नौर ने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहे साथ ही इस कार्रवाई में जनता से भी सहयोग की अपील की। पुलिस जिले के गांव-गांव जाकर लोगों को नशे व ऑनलाइन ठगी के बारे में जागरूक कर रही है।

## हेरीटेज पार्क के रखरखाव का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के हेरीटेज पार्क में रविवार को लंबे समय के बाद रखरखाव का कार्य शुरू हो गया। इसका शुभारंभ स्वयं श्रमदान कर सुबह 8 बजे समिति के सदस्यं ने पार्क में एकत्र हुए और अन्य लोगों के सहयोग से द्वारा रखरखाव के कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान सदस्यों ने निर्णय लिया कि पार्क को फिर से हरा भरा और सुंदर बनाया जाएगा।

करीब डेढ़ वर्ष से देख-रेख के अभाव में यहां अव्यवस्थाओं एवं गंदगी का आलम था। चारों तरफ लंबी-लंबी घास हो गई थी, इसके कारण लोग शाम को यहां पर टहलने से भी परहेज करने लगे थे। इस मामले को अनेक बार मामले को स्थानीय प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था। शनिवार को नए एसडीम ने यहां कार्यभार संभाल लिया था और रविवार को पार्क का दौरा किया। रविवार सुबह 8 बजे हेरिटेज सोसायटी के सदस्य राम गोपाल अग्रवाल राजीव शर्मा, गुरचरण सिंह चन्नी, वीर सिंह चंदेल, बग्गाराम आदि यहां पर एकत्र हुए।

सदस्यों ने अनौपचारिक बैठक की और निर्णय लिया कि दो तक सभी सदस्य प्रात: 8 से 10 तक श्रमदान करेंगे और यहां पर हो रहे कार्य की देखरेख करेंगे। कार्य का शुभारंभ सभी सदस्यों द्वारा श्रमदान कर किया गया। सोसायटी के संस्थापक सदस्य राजीव शर्मा ने कहा कि यह पार्क नालागढ़ की पहचान बन चुका है। इसकी चर्चा प्रदेश में होती है कि किस प्रकार प्रशासन जन सहयोग से विकास कार्य कर सकता है।



### पुराने स्वरूप में नजर आएगा पार्क

**नालागढ़** के नए एसडीएम राज कुमार भी बैठक में शामिल हुए और आश्वासन दिया कि और शीघ्र ही इसे उसके पुराने स्वरूप को बहाल कर यहां पर अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### पूर्व एसडीएम के साथ नहीं दिखा तालमेल

**हेरिटेज** सोसायटी के अध्यक्ष एसडीएम नालागढ़ होता है। पिछले डेढ़ वर्ष से हेरिटेज सोसाइटी के पार्क की हालत खस्ता बनी हुई थी, जिसे सुधारने के लिए एसडीएम में कोई रूचि नहीं थी और न ही सोसायटी के सदस्यों के साथ तालमेल नजर आया।

## 82 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**नाहन।** स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 के अंतर्गत नाहन के एसएफडीए हॉल में स्वच्छता से जुड़े सिरमौर जिला आए सफाई मित्रों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा के लिए एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकालना, गंदे हॉटस्पॉट की पहचान करना तथा गंदगी को साफ करना आदि शामिल हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों से हमारे दृष्टिकोण में सफाई के प्रति साकारात्मक परिवर्तन आने की संभावना होती है। इस शिविर में सिरमौर जिला के विभिन्न स्थानों के 350 सफाई मित्रों ने भाग लिया। सफाई मित्र जो कचरे के प्रबंधन व साफ-सफाई का कार्य करते हैं, उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 82 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा खून के 60, शुगर के 80, रक्तचाप के 82 मरीजों के टेस्ट करने के बाद उन्हें मुफत दवांइयां वितरित की गईं।

## संतों का मार्गदर्शन उज्ज्वल भविष्य की नींव : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सोलन की पंचायत ओच्छघाट के ज्वाला माता मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत पुराण कथा में भाग लिया और कथावाचक अनंत श्री विभूषित श्री मज्जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी श्री ज्ञानानंद जी तीर्थ ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ, मध्य प्रदेश के मंगल प्रवचन सुने।

उन्होंने इस अवसर पर ज्वाला माता मंदिर में पूजा-अर्चना की और सभी प्रदेशवासियों के सुखी एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है और गुरु द्वारा प्रदत्त शिक्षा के माध्यम से ही शिष्य ऊंचाइयां प्राप्त करता है। समाज के निर्माण में संतों की अहम भूमिका है और संतों का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने आशा जताई कि क्षेत्रवासी श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से पवित्रता और सकारात्मकता ग्रहण करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री स्थानीय निवासियों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की जल समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित बनाया जाएगा। उन्होंने ज्वाला माता मंदिर एवं आश्रम के विभिन्न कार्यो के लिए 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर भव्य क्लश यात्रा का आयोजन भी किया गया। खंड कांग्रेस समिति सोलन के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, पंचायत नौणी के प्रधान मदन हिमाचली, पूर्व प्रधान बलदेव ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में धुंदन स्कूल के छात्र छाए

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन ने छात्रों की जिला स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो में दूसरा स्थान हासिल किया। शारीरिक शिक्षक पूर्णचंद शर्मा ने बताया कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत का नतीजा है कि स्कूल ने जिला स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है।

इस प्रतियोगिता में 71 स्कूलों के 550 के लगभग छात्रों ने भाग लिया। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रधानाचार्य भीमा वर्मा ने बच्चों, अभिभावकों और पूरे स्कूल स्टाफ को बधाई दी और कहा कि यह स्कूल के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है और बच्चों की कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल हुआ है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बच्चों ने कड़ी मेहनत की है।

## जिला बाल संरक्षण ने सुख आश्रय योजना की दी जानकारी

**पांवटा साहिब।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय शिलाई व जिला बाल सरंक्षण इकाई सिरमौर के सयुंक्त तत्वावधान में खंड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन वृत्त कार्यालय कांडों में किया गया। शिविर की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी शिलाई संतोष गुप्ता ने की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी प्रदान की व सभी उपस्थित लोगों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इन सभी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला बाल संरक्षण इकाई सिरमौर से संरक्षण अधिकारी सोहन पुंडीर ने बच्चों से जुड़े सभी कानूनों किशोर न्याय अधिनियम-2015, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल मजदूरी निषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट-2012) आदि बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना व इसी माह विभाग की ओर से अधिसूचित मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की व सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के लिए जल्द से जल्द सर्वेक्षण को पूरा किया जाए, ताकि लाभार्थियों को जल्द पात्रता प्रमाण पत्र जारी कर उन्हें इस योजना का लाभ प्रदान किया जाए।

## विभिन्न अपराधों व महिलाओं के अन्य अधिकारों बारे दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, अर्की**



नगर पंचायत अर्की में कानूनी जागरूकता शिविर सब डिविजनल लीगल सर्विस कमेटी की ओर से कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन सिविल जज अर्की ईशानी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इसमें अधिवक्ता अजय कौशल व अधिवक्ता रमण शर्मा ने आंगनबाड़ी वर्कर्स आशा कार्यकर्ता व अन्य महिलाओं को अपराध से पीड़ित महिलाओं को मिलने वाले मुआवजे व पुनर्वास के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न अपराधों व महिलाओं के अन्य अधिकारों बारे जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत मे नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने सिविल कोर्ट से आए जज साहिब व वक्ताओं का धन्यवाद किया। इस मौके पर पार्षद रुचिका गुप्ता, कुलदीप सूद, धर्म पाल शर्मा, हेमेंद्र गुप्ता सहित लगभग 50 महिलाओं ने भाग लिया।

## हिंदी के सम्मान में रचनाएं की प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के उपक्रम नेहरू युवा केंद्र संगठन हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय सोलन के सभागार में हिंदी दिवस पखवाड़े के समापन अवसर पर साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। हिमाचल के वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर शंकर वासिष्ठ ने साहित्यक गोष्ठी की अध्यक्षता की। नेहरु युवा केंद्र संगठन हिमाचल प्रदेश की निर्देशक ईरा प्रभात कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रही। राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार और प्रसार के लिए समर्पित रहे इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि अजय यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।



तदोपरांत नेहरू युवा केंद्र संगठन हिमाचल प्रदेश की निर्देशक ईरा प्रभात ने मुख्यातिथि और साहित्यिक गोष्ठी में पहुंचे सभी साहित्यकारों, कवियों और कलाकारों व समाजसेवियों का स्वागत किया। साहित्यिक गोष्ठी में मंच का संचालन हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं वरिष्ठ कवयित्री कौमुदी ढल ने किया। गोष्ठी में सोलन सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से नवोदित और वरिष्ठ साहित्यकारों ने राष्ट्रभाषा हिंदी के सम्मान में अपनी रचनाएं प्रस्तुत की और युवा पीढ़ी को इसे बिना किसी झिझक के हिंदी भाषा बोलने के लिए प्रोत्साहित किया। गोष्ठी में सर्वप्रथम नवोदित कवयित्री रक्षा वर्मा ने कहा कि हिंदी से है हिंदुस्तान, हिंदी से ही हमारी शान है कविता प्रस्तुत कर हिंदी भाषा को प्रोत्साहित करते हुए युवाओं से इस भाषा को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आहवान किया।

## राजस्थान में होगा अखिल भारतीय एनजीओ कॉन्क्लेव

**नाहन।** राजस्थान के जयपुर में एक अक्तू बर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष में रक्त आदान सेवाएं, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार और अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा अखिल भारतीय एनजीओ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हिमाचल प्रदेश से तीन एनजीओ का चयन किया गया है, जिनमें जिला सिरमौर की ड्रॉप्स ऑफ होप सोसायटी नाहन भी शामिल है। इस कॉन्क्लेव के माध्यम से सभी एनजीओ अपने अनुभव साझा करेंगे और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए काम करेंगे। ड्रॉप्स ऑफ होप सोसायटी के संचालक ईशान राव ने इसके लिए हिमाचल प्रदेश सरकार और ब्लड ट्रांसफ्यूजन सर्विस एचपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी का आभार जताया। इस बार कॉन्क्लेव की थीम सेलिब्रेटिंग 20 इयर्स ऑफ गिविंग, थैंक यू ब्लड डोनर्स है। इस अवसर पर रक्तदान के महत्व और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**नुकसान** गत्ता पैकेजिंग इंडस्ट्री पर मंडराया संकट, हिमाचल पर बड़ा असर, पैकेजिंग इंडस्ट्री हड़ताल की तैयारी में

# पेपर मिलों ने 30 प्रतिशत बढ़ाए कागज के दाम

**एसपी जैरथ, नाहन**

पेपर मिलों के द्वारा अचानक बढ़ाए गज के दामों के चलते हिमाचल प्रदेश के 200 से अधिक पैकेजिंग गत्ता उद्यमियों व्यापार पर भारी असर पड़ा है।

बढ़ाए गए दामों के चलते इन उद्यमियों को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। लिहाजा गत्ता पैकेजिंग उद्यमी अब हड़ताल की तैयारी में करने लगे हैं। हालात यह हैं कि कच्चे माल के दाम में लगातार जारी वृद्धि ने जहां उद्योगों में कामकाज को प्रभावित किया है। वहीं, भुगतान के संकट के बीच हजारों कामगारों की नौकरी पर भी खतरा मंडराने लग पड़ा है। बीते तीन महीनों के अरसे में ही कागज की कीमतों में 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी गई है।



फाइल फोटो।

गत्ता उद्यमियों ने दो टूक शब्दों में ऐलान किया है कि अगर पेपर मिलों की मनमानी नहीं रुकी, तो गत्ता उद्योग हड़ताल पर चले जाएंगे।गत्ता पैकेजिंग उद्योगपतियों का कहना है कि क्राफ्ट पेपर कंपनियां मनमर्जी से रेट बढ़ाती जा रही हैं, लेकिन गत्ता उद्योगों को उनके वेंडर न तो बढ़ी कीमत दे रहे हैं और न ही गत्ता उद्योग पुराने रेट पर माल दे पाने की स्थिति में हैं। लिहाजा ऐसे हालातों में गत्ता उद्योग तालाबंदी की कगार पर पहुंच गया है। गत्ता उद्यमियों ने जहां राज्य सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। वहीं, पेपर इंडस्ट्री की मनमानी के चलते इस मुद्दे पर आगामी रणनीति के लिए हिमाचल प्रदेश गत्ता उद्योग संघ ने पहली अक्तूबर को आपात बैठक बुलाई है। तीन महीने में कागज की कीमत 30 प्रतिशत तक बढ़ने से प्रदेश के लगभग 200 से अधिक कोरोगेटेड़ बॉक्स निर्माता उद्योग बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं। प्रदेश में उद्योगों को 50 करोड़ रुपए से भी अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पेपर मिल संचालकों की मनमानी से परेशान गत्ता उद्योग अपने वेंडर्स को माल सप्लाई नहीं कर पा रहे हैं। बता दें कि औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब तथा सोलन जिले के बीएन क्षेत्र में कोरोगेटेड बॉक्स बनाए जाने के काफी उद्योग हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### माधवी दुबे बनी कांग्रेस प्रदेश महासचिव

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ युवा कांग्रेस के चुनाव के नतीजे आने के बाद माधवी दुबे युवा कांग्रेस की प्रदेश महासचिव नियुक्त हुई। माधवी दुबे पूर्व महिला



कांग्रेस अध्यक्ष दीपा दुबे की बेटी है । वह वकालत की पढ़ाई कर रही है। माधवी अब तक की युवा कांग्रेस के चुनाव में सबसे कम उम्र की प्रदेश महासचिव पद का चुनाव जीती है। माधवी ने बताया कि युवा कांग्रेस से जुड़ने का लक्ष्य शहर की युवतियां की भागीदारी को सुनिश्चित करना और युवकों की सुरक्षा को लेकर शहर में कार्य करना है। उन्होंने कहा जिस तरीके से कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने देश भर में न्याय यात्रा निकाली उससे प्रेरित होकर मैं युवा कांग्रेस से जुड़ी हूं। शहर भर में युवतियों को राजनीति में सक्रिय करना और युक्तियां की भागीदारी को सुनिश्चित करना ही मेरा लक्ष्य रहेगा। क्योंकि युवा देश और समाज का भविष्य होते हैं इसलिए उन्हें राजनीति के क्षेत्र में लाने के लिए मैं प्रोत्साहित करूंगी। पार्टी हाई कमान जो भी जिम्मेदारी मुझे देंगी मैं उसे जिम्मेदारी को पूरा रूप से निभाऊंगी।

### गुरुद्वारा सिंह सभा बलविंदर को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गुरुद्वारा सिंह सभा सेक्टर 46 के प्रधान कुलदीप सिंह, सेक्रेटरी हिम्मत सिंह ने उत्तम स्वीट्स के मालिक बलविंदर सिंह को सम्मानित किया गया। बलविंदर सिंह ने समाज सेवा और चंडीगढ़ सेक्टर-46 की निवासियों के अच्छे काम और सुविधा प्रदान की और वह हमेशा सेक्टर 46 के लोगों के लिए हर काम के लिए समाज सेवा से जुड़े हुए हैं।

### माइक्रोप्लास्टी के बाद महिला को मिला नया जीवन

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** पटियाला की एक पचास वर्षीय महिला को मैक्स अस्पताल, मोहाली में घुटने की सफल माइक्रोप्लास्टी (आंशिक नी रिप्लेसमेंट) के बाद हाल ही



में नया जीवन मिला है। पिछले कुछ सालों से, चलने में असमर्थता के कारण महिला अपने दैनिक दिनचर्या के काम करने में असमर्थ थी और पूरी तरह से अपने परिवार के सदस्यों पर निर्भर थी। डॉ. जतिंदर सिंगला डाइरेक्टर आर्थोपेडिक्स और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट द्वारा महिला की कंडिशन के गहन मूल्यांकन के बाद टोटल नी रिप्लेसमेंट के बजाय माइक्रोप्लास्टी की गई। डॉ. सिंगला से बताया कि कम इन्वेसिव या आंशिक नी ज्वाइंट रिप्लेसमेंट से गठिया का पता चलता है। दोनों प्रक्रियाएं टोटल नी रिप्लेसमेंट व माइक्रोप्लास्टी गठिया के कारण पुराने घुटने के दर्द को कम करने के लिए हैं। इन दोनों सर्जरी में पहले हड्डी और सॉफ्ट टिशू को काटकर कृत्रिम घुटने के ज्वाइंट कम्पोनन्ट को लगाने की आवश्यकता होती है।

### डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने पैरोल मांगी

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और बलात्कार के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 20 दिन की पैरोल का अनुरोध किया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह अनुरोध पांच अक्तूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण डेरा प्रमुख का पैरोल का आवेदन निर्वाचन कार्यालय को भेज दिया गया है, जिसने जेल विभाग से अनुरोध के पीछे ऐसे ''आकस्मिक और आवश्यक'' कारण बताने को कहा है, जो चुनाव के दौरान दोषी को पैरोल पर रिहा करने को उचित ठहराते हों। डेरा प्रमुख ने अनुमति मिलने की सूरत में पैरोल अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने की बात कही है। इस साल अगस्त में सिंह को 21 दिन की पैरोल (छुट्टी) दी गई थी।

### छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट, 5 जवान घायल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के थाना तर्रेम क्षेत्र में आईईडी ब्लास्ट में पांच जवान घायल हो गए। बीजापुर के एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि रविवार सुबह सात बजे के आसपास चिन्नागेलूर कैंप से लगभग 350 मीटर दूर धमाका हुआ। सभी जवान सीआरपीएफ की 153 वीं बटालियन के हैं। धमाके की जगह से सीआरपीएफ कैंप मात्र 350 मीटर की दूरी पर था। जवान चिन्नागेलुर सीआरपीएफ कैंप से डिमाइनिंग ड्यूटी पर निकले थे। डिमाइनिंग के दौरान आईईडी डिफ्यूज करते वक्त धमाका हुआ। टीम को आईईडी बम का पता चला था।

### सपा सांसद अफजाल अंसारी पर मुकदमा दर्ज



**गाजीपुर।** यूपी के गाजीपुर में समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ रविवार को बीएनएस की धारा 353(3) के तहत मामला दर्ज किया है। सपा सांसद ने गांजे को लेकर विवादित टिप्पणी दी थी। सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गोराबाजार चौकी इंचार्ज राजकुमार शुक्ला की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। सांसद अफजाल अंसारी ने कहा था कि लाखों लोग गांजा पीते हैं और इसे भगवान का प्रसाद मानते हैं। यदि गांजा भगवान का प्रसाद है, तो इसे अवैध क्यों माना जाता है। कई साधु-संत और महात्मा समाज के लोग गांजे का सेवन करते हैं। कुंभ मेले के दौरान एक मालगाड़ी गांजा भी भेज दिया जाए, तो भी वह खत्म हो जाएगा।

### पाक में आतंकवादियों ने सात मजदूरों को मारी गोली



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध आतंकवादियों ने रविवार को पंजाब के कम से कम सात मजदूरों की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पंजगुर कस्बे के खुदा-ए-अबादान इलाके में ये मजदूर एक मकान के निर्माण कार्य में लगे थे। संदिग्ध आतंकवादियों ने यह हमला उस समय किया जब सभी मजदूर दिनभर काम करने के बाद एक ही छत के नीचे सो रहे थे। सभी पंजाब के मुल्तान जिले के रहने वाले थे। किसी भी आतंकवादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# कांग्रेस हमेशा सत्ता के लिए देशद्रोहियों के साथ खड़ी रहती : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज सुचेतगढ़, मढ़ और रामगढ़ में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा और रोड शो कर भाजपा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

अनुराग ठाकुर ने कहा,'गांधी-मुफ्ती-अब्दुल्ला परिवार की ढीली राजनीति से पाकिस्तान को सदा ही बल मिलता रहा, कश्मीर का मुद्दा ये लोग यूएन लेकर चले गए। मोदी राज में आज भारत मुद्दों को यूएन नहीं ले जाता, बल्कि दुश्मनों को घर में घुस कर मारता है। 10 साल के मोदीराज में बड़ा बदलाव यह आया है कि पहले कश्मीर के लाल चौक पर हमें तिरंगा झंडा फहराने के लिए जेल में डाल दिया जाता था, आज उसी लाल चौक पर तिरंगा शान से 24 घंटे लहराता है। मोदी राज में एक नए जम्मू-कश्मीर का उदय हुआ हुआ है। यहां तीन परिवारों ने 70 सालों में जो नहीं दिया, मोदी सरकार ने 10 सालों में देने का काम किया है। कांग्रेस की हिमाचल में वादाखिलाफी, प्रदेश




को बदहाली में पहुंचाने की कार्यप्रणाली अब जम्मू में कांग्रेस के लिए शर्मिंदगी और सत्ता से दूरी का कारण बन चुकी है।'

सुचेतगढ़ में पार्टी उम्मीदवार घारू राम भगत के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाए और राफेल और तेजस बनाए, और सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन नीति लागू की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अपने परिवार के बजाय सैनिकों के साथ दिवाली मनाते हैं। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने चीन से राजीव गांधी फाउंडेशन के नाम पर करोड़ों रुपए लिए, क्या इसलिए वे हमारे सैनिकों के साथ खड़े होने के बजाय चीनी अधिकारियों के साथ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में हजारों एकड़ जमीन चीन को दी गई और हमारे भारत का हिस्सा चीन में चला गया, लेकिन जब से मोदी आए हैं, चीन हमारी एक इंच जमीन भी नहीं ले सका।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बदौलत आज जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद में 70प्रतिशत की कमी आई है, यहां विकास हुआ है और निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज इन पार्टियों को फिर से धारा 370 की याद आ रही है। उन्होंने कहा कि ढाका में हिंदुओं की हत्याओं पर ये खामोश हैं, कश्मीरी पंडितों के विस्थापन पर ये चुप हैं, लेकिन आतंकवादियों के लिए ये आंसू बहाते हैं।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है जो हमेशा देश के बजाय देशद्रोहियों के साथ खड़ी रहती है, जिसका प्रमाण गलवान में चीनी सेना की घुसपैठ है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षामंत्री अपने सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए सीमा पर पहुंचे थे, तब राहुल गांधी बंद कमरे में चीनी अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने खुलासा किया कि गांधी परिवार ने चीन से करोड़ों रुपये लिए हैं और यही कारण है कि यह परिवार देश के बजाय चीन के साथ खड़ा हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के कमजोर वर्गों के जीवन स्तर को ऊंचा करने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए हैं।

# दिल्ली में कानून व्यवस्था चरमरा गई है : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख नेता अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर गोलीबारी की घटनाओं का हवाला देते हुए दावा किया कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था चरमरा गई है और जंगल राज कायम है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को तुरंत प्रभावी कदम उठाने होंगे क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनके अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने कहा, ''दिल्ली में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। पूरी तरह से जंगल राज है। देश की राजधानी में लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दिल्ली की कानून व्यवस्था अमित शाह जी के अधिकार क्षेत्र में आती है। उन्हें तुरंत प्रभावी कदम उठाने होंगे।''

पिछले कुछ दिनों में दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से गोलीबारी की घटनाएं सामने आई हैं, जहां सेकेंड हैंड लग्जरी कार के शोरूम, एक होटल और मिठाई की एक दुकान को निशाना बनाया गया था।

### अमेरिकी हवाई हमलों में 37 आतंकवादी मारे गए

**बेरूत।** सीरिया में दो हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह और अलकायदा संबंधी एक समूह से जुड़े 37 आतंकवादी मारे गए।

अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों में दो शीर्ष आतंकवादी थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बयान में कहा कि मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में हमला किया, जिसमें अलकायदा से जुड़े हुर्रास अल-दीन समूह के एक शीर्ष आतंकवादी और आठ अन्य को निशाना बनाया गया। उन्होंने 16 सितंबर को किए गए एक हमले की भी जानकारी दी।

### चंडीगढ़ में यूथ कांग्रेस चुनावों के नतीजे घोषित

## प्रदेश उपाध्यक्ष बने सुखदेव और करुणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

प्रदेश में यूथ कांग्रेस के चुनावों के नतीजे घोषित हुए। युवा कांग्रेस के आधिकारिक आकड़ों के अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष बने सुखदेव सिंह, करुणा व प्रदेश महासचिव पद के लिए युवा नेता सुनील यादव सहित 16 उम्मीदवारों ने प्रदेश महासचिव पद पर जीत प्राप्त की।

पत्रकारिता व राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर सुनील यादव ने अपनी राजनीतिक पारी कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई से वर्ष 2014 में पंजाब विश्वविद्यालय से की थी यूनिवर्सिटी में रहकर ही उन्होंने सियासत का ककहरा सीखा है।




इसके बाद वे चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सोशल मीडिया संयोजक भी रहे कांग्रेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए युथ कांग्रेस मोहाली का प्रवक्ता भी बनाया गया जमीनी पकड़ और धारदार बयानों से पहचान बनाने वाले 33 वर्षीय यादव पिछले काफी समय से राजनीतिक व सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं।

## राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना समाज में समानता व न्याय मुमकिन नहीं : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना समाज में समानता और न्याय मुमकिन नहीं है।

उन्होंने वास्तविक परिवर्तन लाने को उत्साहित आधी आबादी से 'शक्ति अभियान' में शामिल होने का आग्रह किया, जिसका उद्देश्य राजनीति में 'महिलाओं के हितों के लिए समान अवसर उपलब्ध करना' है। राहुल ने 'एक्स' पर कहा कि एक साल पहले, महिला राजनीति को केंद्र में रखकर हमने 'इंदिरा फेलोशिप' की शुरुआत की थी। आज, यह पहल महिला नेतृत्व के एक सशक्त कारवां में बदल चुकी है। आधी आबादी, पूरा हक - हिस्सेदारी, कांग्रेस पार्टी की सोच और संकल्प का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि मैं एक बार फिर जमीनी स्तर पर काम करने की इच्छुक महिलाओं से 'शक्ति अभियान' से जुड़ने और महिला केंद्रित राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान करता हूं। शक्ति अभियान से जुड़कर महिलाएं ब्लॉक स्तर पर सशक्त संगठनों का निर्माण कर रही हैं। उनको सीखने, आगे बढ़ने और बदलाव लाने का अवसर मिल रहा है।

### बोले- साथ मिलकर स्वराज लाएंगे

**राहुल** ने कहा कि साथ मिलकर स्वराज लाएंगे और गांव से लेकर देश तक में बदलाव लाएंगे। 'शक्ति अभियान' भारतीय युवा कांग्रेस की एक पहल है, जिसका उद्देश्य राजनीति और निर्णय लेने में 'महिलाओं के हितों' के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना है।

## देश-विदेश

# हिमाचल और कर्नाटक में राहुल की गारंटी हो गई है विफल: अमित शाह

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को हरियाणा के गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।



उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की चुनावी गारंटियां हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में विफल हो गई हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में है। चुनाव के समय कांग्रेस बड़े-बड़े वादे करती है, लेकिन वे हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में अपने चुनावी वादे पूरे नहीं कर पाए। शाह ने कहा कि राहुल गांधी की गारंटियां नाकाम हो गईं।

शाह ने कहा कि भाजपा ऐसा कोई वादा नहीं करती, जिसे पूरा न किया जा सके। राहुल बाबा एंड कंपनी विकास नहीं कर सकती और 'डबल इंजन' वाली सरकार ही हरियाणा का विकास सुनिश्चित करेगी। हम देश की सीमा को सुरक्षित रखेंगे, आरक्षण की रक्षा करेंगे और अनुच्छेद-370 को कभी वापस नहीं आने देंगे। वक्फ विधेयक का उल्लेख करते हुए शाह ने रैली में कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा विधान से समस्या है। हम संसद के शीतकालीन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे।

पिछले महीने कई विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है और कहा था कि वे इसका कड़ा विरोध करेंगे।

### हाशेम सफीद्दीन बना हिजबुल्ला का प्रमुख

**तेल अवीव।** बेरूत में इसराइली हवाई हमलों में हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह की मौत के बाद हाशेम सफीद्दीन को हिजबुल्ला का नया प्रमुख बनाया है। हाशेम सफीद्दीन हिजबुल्ला के कार्यकारी परिषद के प्रमुख के रूप में समूह के राजनीतिक मामलों की देखरेख करता है और जिहाद परिषद में भी शामिल होता है। हसन नसरल्लाह के चचेरे भाई, सफीद्दीन काली पगड़ी पहनकर मौलवी का दर्जा साझा करते हैं, जो पैगंबर मुहम्मद के वंशज होने का संकेत देता है। सफीदीन हिजबुल्ला संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर हैं। उसे 2017 में अमेरिकी विदेश विभाग की तरफ से आतंकवादी घोषित किया गया था।

### आरजी कर अस्पताल में वित्तीय घोटाले का मामला

## सीबीआई को संदीप घोष के मोबाइल व लैपटॉप से मिले सुराग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सीबीआई** को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय घोटाले की जांच में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के दो मोबाइल फोन और दो लैपटॉप से कई सुराग मिले हैं। जो उनके प्रभावशाली सांठगांठ के बारे में बताते हैं।

सूत्रों ने बताया कि मोबाइल फोन और लैपटॉप के अलावा, आरजी कर कॉलेज में घोष के दफ्तर के डेस्कटॉप और वहां से जब्त किए गए दस्तावेज से भी कुछ इसी तरह के सुराग मिले हैं। पहले स्तर में घोष के राजनीतिक रूप से प्रभावशाली संरक्षक शामिल हैं। तीसरे और अंतिम स्तर में आरजी कर के वे ठेकेदार और आपूर्तिकर्ता शामिल थे जो घोष के बेहद करीबी और विश्वासपात्र थे। मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की लगातार जांच में भी कुछ धन-राशि के सोर्स की पहचान हुई है, जोकि मामले में तीन-स्तरीय गठजोड़ की पुष्टि करते हैं।

## शाहरुख और रानी मुखर्जी को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री का आइफा अवॉर्ड

**एजेंसी, अबुधाबी**





**बॉलीवुड** अभिनेता शाहरुख खान और अभिनेत्री रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का आइफा अवॉर्ड दिया गया।

अबुधाबी में आइफा अवॉर्ड शो के दूसरे दिन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरु+ख खान को फिल्म जवान, जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए दिया गया।

### पहली अक्तूबर से बदल जाएंगे पीपीएफ टीडीएस और आधार से जुड़े नियम

**नई दिल्ली।** पहली अक्तूबर से आधार, पीपीएफ, टीडीएस और एसटीटी से जुड़े कई नियम बदल जाएंगे। अब आईटी रिटर्न भरते समय आधार संख्या की जगह आधार नामांकन संख्या का उपयोग नहीं कर पाएंगे।अगर आपके एक से ज्यादा पीपीएफ खाते हैं, तो केवल एक खाते पर भी योजना की दर के हिसाब से ब्याज मिलेगी। अन्य पीपीएफ खातों में जमा रकम पर किसी प्रकार की कोई ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा। वहीं, सरकार के बांड से आपको एक साल में 10,000 से ज्यादा की आय हो रही है तो आपको 10 प्रतिशत टीडीएस देना होगा।

## नेपाल में बाढ़ से अब तक 125 की मौत

**एजेंसी, काठमांडू**



**नेपाल** में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर रविवार को 125 हो गई। पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न है और देश के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है। सशस्त्र पुलिस बल के सूत्रों के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 64 लोग लापता हैं और 45 लोग घायल हुए हैं।

काठमांडू घाटी में सबसे ज्यादा 48 लोगों की मौत हुई है। कम से कम 195 मकान और आठ पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सुरक्षाकर्मियों ने करीब 3,100 लोगों को बचाया। सशस्त्र पुलिस बल ने कहा कि मृतकों की संख्या 125 हो गई है। काठमांडू के पास स्थित धादिंग जिले में शनिवार को एक बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। भक्तापुर शहर में भूस्खलन में एक मकान ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई।

# महबूबा ने नसरल्लाह को बताया शहीद, चुनावी दौरा किया रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**पीडीपी** अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने इसराइली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह नेता नसरल्लाह को शहीद बताया है। इतना ही नहीं उन्होंने विरोध में चुनाव प्रचार करने से भी इनकार कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में आगामी 1 अक्तूबर को तीसरे और अंतिम चरण के लिए वोट डाले जाएंगे।

पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने नसरल्लाह की मौत पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा कि लेबनान और गाजा के शहीदों, खासतौर से हसन नसरल्लाह के समर्थन में रविवार का चुनावी दौरा रद्द कर रही हूं। इस गहरे दुख और विद्रोह की घड़ी में हम फिलीस्तीन और लेबनान के लोगों संग खड़े हैं। लेबनान में इसराइली हमले में मारे गए नसरल्लाह के समर्थन में जम्मू-कश्मीर के बडगाम में लोगों ने रैली भी निकाली। जिसमें बड़ी तादाद में महिलाएं भी शामिल हुईं।

**सफलता** दूसरा कोई मिशन नहीं हुआ इस साइट पर लैंड, 2023 को किया था लांच

# चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर पर उतरा चंद्रयान-3

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चंद्र** मिशन और सैटेलाइट्स की तस्वीरों का विश्लेषण करने वाले वैज्ञानिकों ने अनुमान जताया है कि चंद्रयान-3 चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर्स में से एक पर उतरा है। वैज्ञानिकों की टीम में अहमदाबाद के फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी एंड इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) के रिसर्चर्स भी शामिल हैं।

फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी के प्लैनेटरी साइंस डिवीजन में एसोसिएट प्रोफेसर एस विजयन ने बताया कि यह क्रेटर 3.85 अरब साल पहले नेक्टेरियन काल के दौरान बना था। नेक्टेरियन काल चंद्रमा के इतिहास में सबसे पुराने



समय काल में से एक है। एस विजयन ने बताया कि चंद्रयान-3 लैंडिंग साइट एक यूनीक जियोलॉजिकल सेटिंग है। वहां इससे पहले कोई दूसरा मिशन नहीं गया है। चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर की तस्वीरें इस लैटिट्यूड पर चंद्रमा की पहली तस्वीरें हैं। तस्वीरें से पता चलता है कि चंद्रमा समय के साथ कैसे बदला है। भारत ने चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को 3 बजकर 35 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लांच किया था। 22 दिन बाद 5 अगस्त को यह चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंचा था। चंद्रयान-3 ने लांच होने के 41वें दिन 23 अगस्त को चंद्रमा पर लैंडिंग की। इसी के साथ भारत चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने वाला पहला देश बन गया।

### क्या है क्रेटर

**किसी** भी ग्रह, उपग्रह या अन्य खगोलीय वस्तु पर बड़े गड्ढे को क्रेटर कहा जाता है। ये क्रेटर ज्वालामुखी विस्फोट से बनते हैं। इसके अलावा किसी उल्का पिंड के किसी अन्य पिंड से टकराने से भी क्रेटर बनते हैं। गड्ढे से बाहर निकले सामान को इजेक्टा कहते हैं। एस विजयन ने कहा कि इजेक्टा का बनना उसी तरह है जब आप एक गेंद को रेत पर फेंकते हैं और उसमें से कुछ रेत वहां से खाली हो जाती है। वह रेत बाहर की ओर एक छोटे ढेर में बदल जाती है। चंद्रयान-3 से भेजी तस्वीरों से पता चला कि क्रेटर का आधा हिस्सा चंद्रमा पर सबसे बड़े और सबसे नामी बेसिन साउथ पोल-एटकेन बेसिन से बाहर फेंकी गई या निकली सामग्री के नीचे दबा हुआ था।

# सुनीता विलियम्स को वापस लाने के लिए भेजा अंतरिक्ष यान

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**नासा**-स्पेसएक्स अंतरिक्ष यान, दो एस्ट्रोनॉट को लेकर रविवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुआ। इस मिशन का मकसद अंतरिक्ष में फंसे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को वापस लाना है। विलियम्स और विल्मोर की धरती पर वापसी फरवरी 2025 में होगी।

नासा-स्पेसएक्स मिशन फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से सफलतापूर्वक लांच होने के बाद सुरक्षित रूप से ऑर्बिट में पहुंच गया। यह मिशन स्पेस लांच कॉम्प्लेक्स-40 से लांच होने वाली पहली मानव स्पेसफ्लाइट है। नासा ने 'एक्स' पर लिखा कि स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) की ओर बढ़ रहा है। नया क्रू पांच महीने के साइंस मिशन के लिए रविवार को परिक्रमा प्रयोगशाला में पहुंच रहा है। अंतरिक्ष यान में नासा के एस्ट्रोनॉट निक हेग (कमांडर) और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव (मिशन विशेषज्ञ) सवार है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगी नीता अंबानी

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य नीता अंबानी 29 सितंबर को ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगी। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता के निमंत्रण पर ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में भाग लेने वाले करीब 140 एथलीट मुंबई में उनके आवास पर जुटेंगे। इसके अलावा मशहूर कोच और खेल जगत से जुड़ी कई अन्य हस्तियां भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। नीता ने खिलाड़ियों को भेजे गए निमंत्रण पत्र में लिखा है, ''एक भारतीय के रूप में मेरे लिए यह अत्यंत खुशी और गर्व की बात है कि मैं आपको, भारत के ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों के सम्मान के लिए हमारे घर आमंत्रित करती हूं। आपकी प्रतिभा, दृढ़ता और कड़ी मेहनत ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। '' यह पहली बार होगा जब ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी एक मंच पर इकट्ठा होंगे।



### भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा संयुक्त 44वें स्थान पर

**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने एसियोना ओपन डि इस्पाना में तीसरे दौर में दो ईगल सहित दो अंडर 69 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 57वें स्थान से संयुक्त 44वें स्थान पर पहुंच गए। शुभंकर ने दो ईगल, दो बर्डी और चार बोगी लगाई। इस तरह उन्होंने अभी तक तीन दौर में तीन ईगल लगा ली है। पहले दौर में उन्होंने एक ईगल किया था। अब वह 54 होल में इवन पार से संयुक्त 44वें स्थान पर बने हुए हैं।

### यूसुफ ने पाकिस्तान के राष्ट्रीय चयनकर्ता पद से इस्तीफा दिया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने निजी कारणों का हवाला देते हुए रविवार को राष्ट्रीय चयनकर्ता का पद छोड़ दिया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''मैं व्यक्तिगत कारणों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा करता हूं। इस बेहतरीन टीम की सेवा करना मेरे लिए शानदार रहा है। मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और जज्बे पर बहुत भरोसा है। यह टीम बेहतर होने के अपने प्रयास को जारी रखेगी और मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं।''



### विश्व 6-रेड खिताब के बाद कमल चावला की नजरें वर्ल्ड गेम्स पर

**भोपाल।** भारत के शीर्ष क्यू (स्नूकर एवं बिलियर्ड्स) खिलाड़ियों में शामिल कमल चावला हाल ही में आईबीएसएफ विश्व पुरुष 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब जीतने के बाद अगले साल चीन में होने वाले 'वर्ल्ड गेम्स' में अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ना चाहते हैं। 'वर्ल्ड गेम्स' बहु खेल आयोजन है, जिसमें ओलंपिक से बाहर रहने वाले खेलों को शामिल किया जाता है। इसका आयोजन अगले साल सात से 17 अगस्त तक चीन के चेंगदू में होगा। इसमें स्नूकर और बिलियर्ड्स से जुड़े खेलों को भी शामिल किया गया है।

### खूबसूरती के लिए सुर्खियों में रहीं शारापोवा

**नई दिल्ली।** रूस की टेनिस सुंदरी मारिया शारापोवा अपने खेल से ज्यादा अपनी खूबसूरती के लिए सुर्खियों में रहीं। शारोपावा का टेनिस करियर 17 साल का रहा। शारापोवा ने वो सभी मुकाम हासिल किया जो एक एथलीट का सपना होता है। अपने दिलकश अंदाज के लिए मशहूर मारिया शारापोवा के इंस्टाग्राम पर 4.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। शारापोवा की खूबसूरती के चर्चे विदेशों में भी हैं। शारापोवा जब कोर्ट पर उतरती थीं तब उन्हें देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ जाता था।



### भारतीय ट्वेंटी-20 टीम में तेज गेंदबाज मयंक यादव शामिल

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे तेज गेंदबाज मयंक यादव को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लगभग पांच महीने के रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम में केवल एक और सीनियर खिलाड़ी पूर्व टी020 कप्तान हार्दिक पांड्या शामिल हैं। हाल में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को चुना गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 2021 में संयुक्त अरब अमीरात में निराशाजनक टी020 विश्व कप अभियान के तीन साल बाद टीम में वापस बुलाया गया है। पांड्या और शिवम दुबे के बाद बैकअप ऑलराउंडर नितीश रेड्डी को भी मौका मिला है जो चोट के कारण हाल में जिम्बाब्वे दौरे से बाहर हो गए थे। भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ ग्वालियर (6 अक्तूबर), नई दिल्ली (9 अक्तूबर) और हैदराबाद (12 अक्तूबर) में तीन टी020 मैच खेलेगी।



**भारतीय टीम।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

# महेंद्र सिंह धोनी बने 'अनकैप्ड' खिलाड़ी

**एजेंसी, बेंगलुरु**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद में शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने फैसला किया कि जिन भारतीय खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, उन्हें 'अनकैप्ड' खिलाड़ी माना जाएगा। हालांकि माना जा रहा है कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन कर सके जो आखिरी बार 2019 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में देश के लिए खेले थे।



बीसीसीआई की विज्ञप्ति के अनुसार, ''अगर कोई भारतीय खिलाड़ी संबंधित सत्र के आयोजन से पहले पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, ट्वेंटी 20 अंतरराष्ट्रीय) में शुरुआती एकादश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं है तो एक 'कैप्ड' (अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाला) भारतीय खिलाड़ी 'अनकैप्ड' (जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) हो जाएगा।''

शनिवार को संचालन परिषद की बैठक में यह फैसला किया गया था कि 10 फ्रेंचाइजी को अपनी पिछली टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेन) करने की अनुमति होगी जिसमें नीलामी का एक 'राइट टू मैच' (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा, जिसकी कीमत 120 करोड़ रुपए के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ रुपए होगी।

'अनकैप्ड' खिलाड़ी के लिए रिटेन करने का खर्चा चार चार करोड़ रुपए होगा इसलिए सीएसके अगर धोनी को रिटेन भी करती है तो नीलामी के लिए निश्चित रूप से काफी बचत कर सकती है।

पिछली मेगा नीलामी में 2022 में एक टीम को चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई थी।

### 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम जारी रहेगा

आईपीएल की संचालन परिषद की बैठक में 2025 सत्र के लिए बहुचर्चित 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को जारी रखने का फैसला किया। 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम आईपीएल 2023 के दौरान पेश किया गया था और तब से इस नियम पर सभी की राय काफी बंटी हुई है क्योंकि इससे ऑलराउंडरों का महत्व कम हो गया था।

जुलाई में टीम मालिकों के साथ बीसीसीआई की बैठक में भी दिल्ली कैपिटल्स जैसी कुछ फ्रेंचाइजी पूरी तरह से 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को बरकरार रखने के पक्ष में थीं। बैठक के बाद एक सूत्र ने पीटीआई को बताया,''हमें इम्पैक्ट प्लेयर नियम को हटाने की जरूरत नहीं लगी क्योंकि यह खेल में एक नया आयाम जोड़ता है और टीम को सोचने के लिए कुछ देता है। यह प्रशंसकों के लिए भी काफी रोमांचक है।''

### विदेशी खिलाड़ियों के लिए भी विशेष नियम

विदेशी खिलाड़ियों के लिए भी विशेष नियम रहेगा क्योंकि चुनिंदा इंग्लिश और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अकसर थकान और अन्य प्राथमिकताओं का हवाला देते हुए नीलामी में चुने जाने के बाद कई बार अपनी फ्रेंचाइजी को छोड़ देते हैं।

बीसीसीआई इस तरह नीलामी में चुने जाने के बाद हटने वाले किसी भी खिलाड़ी पर दो साल का प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार, ''किसी भी विदेशी खिलाड़ी को नीलामी के लिए पंजीकरण कराना होगा। यदि विदेशी खिलाड़ी पंजीकरण नहीं कराता है तो वह अगले वर्ष की खिलाड़ी नीलामी में पंजीकरण के लिए अयोग्य हो जाएगा।''

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड से सीरीज जीतकर रचा इतिहास

**एजेंसी, गॉले ( श्रीलंका )**

श्रीलंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की सीरीज में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने इस सीरीज में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को श्रृंखला में हराया।

श्रीलंका के इस जीत के नायक बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे। उन्होंने दो मैच में 18 विकेट लिए और उन्हें सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस बीच कामिंदु मेंडिस को दूसरे टेस्ट मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने नाबाद 182 रन बनाए, जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।

मेंडिस इस पारी के दौरान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दिग्गज बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। पहले टेस्ट मैच में नौ विकेट लेने वाले जयसूर्या ने दूसरे टेस्ट मैच में भी यह कारनामा दोहराया। दूसरे टेस्ट मैच में उन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे निशान पेइरिस का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 9 विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं।



मैच जीतने के बाद खुशी मनाते श्रीलंका के खिलाड़ी।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों के सामने जूझते हुए नजर आए। श्रीलंका के विशाल स्कोर के सामने उसकी टीम पहली पारी में केवल 88 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 360 रन बनाकर कुछ चुनौती पेश की,लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कीवी टीम का इस दौरे में यह सर्वोच्च स्कोर है। टॉम ब्लंडेल (62), ग्लेन फिलिप्स (78) और मिशेल सेंटनर (67) ने दूसरी पारी में अर्धशतक बनाए लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए।

पहले टेस्ट मैच में 63 रन से जीत दर्ज करने वाले श्रीलंका ने अब लगातार तीन टेस्ट मैच जीत लिए हैं और इससे उसने अगले जून में लॉर्ड्स में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

## पेगुला संघर्षपूर्ण जीत के साथ चाइना ओपन के अगले दौर में

**एजेंसी, बीजिंग**

अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने टाइब्रेकर तक खिंचा पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करके चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पेगुला ने तीसरे दौर में रूस कीवेरोनिका कुदेरमेतोवा पर 6-7 (9), 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की।

पेगुला ने अपने पिछले 19 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है, जिसमें टोरंटो में अपने खिताब का बचाव करना तथा सिनसिनाटी और अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाना शामिल है।

यह अमेरिकी खिलाड़ी चौथे दौर में स्पेन की 15वीं वरीयता प्राप्त पाओला बडोसा से भिड़ेंगी, जिन्होंने सर्बिया की रेबेका श्रामकोवा को 7-5, 7-5 से हराया।

एक अन्य मैच में पोलैंड की 23वीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 12वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 0-6, 6-3, 6-4 से हराया।



पुरुष वर्ग में स्थानीय खिलाड़ी बू युनचाओकेते ने पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 6-4 से हराकर उलटफेर किया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी की शीर्ष 20 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है।

## गीली आउटफील्ड के कारण कानपुर टेस्ट के तीसरे दिन भी नहीं हो पाया खेल

**एजेंसी, कानपुर**

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन का खेल रविवार को यहां बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। रात में हुई बारिश के कारण खेल शुरू होने में देर हुई, लेकिन दोपहर दो बजे के आसपास धूप निकल आई थी। मैदान के कुछ हिस्सों में ज्यादा नमी थी इसलिए अधिकारियों ने दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया।

रूक-रूक कर हो रही बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण लगभग आठ सत्र का खेल बर्बाद हो गया है। इससे दो मैचों की सीरीज के अंतिम मैच का परिणाम प्रभावित होगा।

मैच के दूसरे और तीसरे दिन खेल नहीं होने के कारण इस स्थल की ड्रेनेज सुविधा (जल निकासी व्यवस्था) पर सवाल उठाए गए हैं।

पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे जब बारिश के कारण 35 ओवर ही फेंके जा सके थे । भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को आउट किया था, जबकि रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो का विकेट लिया ।




भारत दो मैचों की श्रृंखला में पहला टेस्ट 280 रन से जीतकर 1-0 से आगे है।

## ताइवान ओपन में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 23वें स्थान पर रहे युवराज संधू

**ताइपे सिटी ( ताइवान )।** पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवराज संधू ने चीनी ताइपे में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे और अंतिम दौर में रविवार को यहां तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 23वें स्थान पर रहे जो भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ है।

युवराज ने पहले दौर में 65 का कार्ड खेलकर शानदार शुरुआत की थी जिससे वह संयुक्त दूसरे स्थान पर थे। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अगले दो दौर में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाया। उन्होंने दूसरे दौर में 71 और तीसरे दौर में 74 का स्कोर बनाया।

भारत के अन्य खिलाड़ियों में करणदीप कोचर (67-68-73-73) पहले दो दिनों की अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख पाए और आखिर में उन्हें संयुक्त 32वें स्थान से संतोष करना पड़ा। अजितेश संधू (67-72-69-73) भी संयुक्त 32वें स्थान पर रहे।

## जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों ने दो टीम स्वर्ण पदक जीते



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में टीम स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उमेश चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलवल्ली की जूनियर पुरुष टीम ने 1726 अंकों के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल में टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में कनिष्का डागर, लक्षिता और अंजलि चौधरी की भारतीय टीम ने 1708 का स्कोर करके स्वर्ण पदक हासिल किया। डागर और कनक ने क्वालीफाइंग दौर में समान 573 का स्कोर बनाया।

डागर ने हालांकि 10 अंक के अधिक स्कोर बनाए थे और इस कारण वह तीसरे जबकि कनक 5वें स्थान पर रही। फाइनल में कनक ने 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता जबकि डागर 8वें स्थान पर रहीं।

## ओडिशा में खोले जाएंगे 'खेलो इंडिया' के 5 और केंद्र

**बरहमपुर ( ओडिशा )।** ओडिशा के पांच जिलों में केंद्र सरकार की योजना के तहत खेलों इंडिया केंद्र (केआईसी) खोले जायेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नए केआईसी तीन खेलों से जुड़े होंगे और ये केंद्र गंजम, गजपति, झारसुगुड़ा, नयागढ़ और देवगढ़ जिलों में खोले जाएंगे। खेलो इंडिया बास्केटबॉल केंद्र गंजम जिले के क्वीन ऑफ मिशन हाई स्कूल में खोला जाएगा।

खेलो इंडिया खो-खो केंद्र क्रमशः गजपति और झारसुगुड़ा जिलों के एसवीटी हाई स्कूल और आरके स्कूल में खोले जाएंगे। फुटबॉल के लिए केंद्र क्रमशः देवघर और नयागढ़ जिलों में तेलीबानी पीएस हाई स्कूल और नारायण हाई स्कूल में खोला जाएगा। इसमें से तेलीबानी पीएस हाई स्कूल को छोड़कर सभी स्कूल सरकारी है।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने गुरुवार को इस मामले से जुड़े प्राधिकारी द्वारा परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद हाल ही में ओडिशा सरकार को केंद्र खोलने के बारे में सूचित किया है। साइ को केंद्र चलाने के लिए धन मुहैया कराया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक खेल के लिए प्रस्तावित पांच केंद्रों के लिए कोच या सलाहकार अगले दो महीनों में नियुक्त किए जाएंगे

**फुटबॉल** — स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में ओसासुना 4-2 से जीता

# ओसासुना ने थामा बार्सिलोना का विजय अभियान

**एजेंसी, बार्सिलोना**

ब्रायन जरागोजा के बेहतरीन प्रदर्शन से ओसासुना ने बार्सिलोना को 4-2 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले सात मैच से चला आ रहा उसका विजय अभियान रोक दिया और इस तरह से उसे क्लब के रिकॉर्ड की बराबरी नहीं करने की।

बायर्न म्यूनिख की तरफ से खेल चुके फॉरवर्ड जरागोजा ने 17वें मिनट में एंटे बुदिमीर के लिए गोल बनाया और फिर 28वें मिनट में गोलकीपर इनाकी पेना को छकाकर स्कोर 2-0 कर दिया। बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पाउ विक्टर ने 53वें मिनट में गोल करके दर्शकों में कुछ जोश भरा लेकिन बुदिमीर ने 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का परिणाम लगभग सुनिश्चित कर लिया।

एबेल ब्रेटोन्स ने 85वें मिनट में स्कोर 4-1 कर दिया जबकि स्थानापन्न लैमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया। बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग के इस सत्र में पहले सात मैच जीतकर शानदार शुरुआत की थी। अगर वह ओसासुना को हरा देता तो 2013 में बनाए गए शुरुआती आठ मैच जीतने के अपने पिछले रिकार्ड की बराबरी कर लेता।



मुकाबले के दौरान गोल करने के लिए भिड़ते खिलाड़ी।

### शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंचा इंटर मियामी

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल दागा जिससे इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया। मेसी ने 67वें मिनट में गोल किया जिसकी बदौलत इंटर मियामी ने चार्लोट एफसी के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर मेजर लीग सॉकर में अपने अजेय अभियान को आठ मैच तक पहुंचा दिया। मेसी का इस सत्र में 16 लीग मैचों में यह 15वां गोल था। मेसी एमएलएस इतिहास में एक सत्र में कम से कम 15 गोल करने और 15 गोल में मदद करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। इस बीच मैसी विभिन्न कारणों से लीग के 15 मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस मैच में ड्रॉ से इंटर मियामी प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। उसके अभी 65 अंक हैं जबकि उसके करीबी कोलंबस के 57 अंक हैं।